



# ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से ग्राम पंचायत में घोटाला

## शपथपत्र देकर डीएम और सीडीओ से जांच की मांग

**बंडा( स्वतंत्र भारत )।** ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत के ग्राम पंचायत में जमकर गोलमाल किया गया। ग्रामीण ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को शपथ पत्र देकर जांच कराएं जाने की मांग है। सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने मामले में निष्पक्ष जांच की बात कही है। बंडा की ग्राम पंचायत कंधरपुर अल्हादादपुर में लम्बे समय से सरकारी धन के दुरुपयोग व विकास कार्यों में धांधली की शिकायत होती रही है। लेकिन अधिकारियों द्वारा जांच के नाम पर मात्र खानापूर्ति की गयी। जांच को पहुंचे अधिकारियों को विकास कार्यों में खामियां मिलीं। लेकिन अधिकारियों द्वारा उक्त खामियों को ढकने का काम किया गया। गांव अल्हादादपुर निवासी प्रदीप वर्मा ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को शपथ पत्र के साथ शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव के ग्राम प्रधान व ग्राम में तैनात सचिव ने मिलकर सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए भेजी गई धनराशि का सही प्रयोग न करके सरकारी धन का दुरुपयोग कर बंदरबाट किया गया है। आरोप है कि ग्राम प्रधान व सचिव ने मिशन कायाकल्प के तहत रंगाई पुताई और मरम्मत कार्यों, इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन व सिस्टम खरीद, मनरेगा कार्यों में, स्वच्छ भारत मिशन के तहत फागिंग के नाम लाखों रुपए का फर्जी भुगतान किया है। प्रदीप वर्मा का आरोप है कि ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत अधिकारियों से की लेकिन किसी भी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। शुक्रवार को प्रदीप वर्मा ने जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र के साथ शपथ पत्र भी दिया और ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराए जाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात कही है।

# शीतला देवी मंदिर पर लगा विशाल मेला

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** अमावस्या पर प्राचीन माता शीतला देवी मंदिर पर लगे विशाल मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर मनौती मांगी व आशीर्वाद लिया। शाहजहांपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन माता शीतला देवी मंदिर पर प्रति अमावस्या की तरह इस अमावस्या पर भी विशाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दूर क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता शीतला देवी के दर्शन किए व प्रसाद चढ़कर आशीर्वाद लिया एवं मनौती भी मांगी। दूर क्षेत्र से आए बड़े



दुकानदारों ने दुकान लगाकर प्रसाद खेल खिलौने एवं घरेलू वस्तुएं बिक्री की। वहीं महिला पुरुष बुजुर्ग लोगों ने मेला का आनंद उठाते हुए खूब खरीदारी भी की। इस दौरान योगेश शर्मा, पुष्पेंद्र मिश्रा, राहुल अवस्थी, अवनीश त्रिवेदी, मोहित सक्सेना, संदीप शर्मा, गंगाराम राठौर, राधे वर्मा, आदित्य तिवारी, विनोद राठौर, सचिन, रामू कश्यप, अजीत मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# सदस्यता अभियान और ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियो की हुई समीक्षा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, की जिला बैठक, संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. रत्नाकर दीक्षित की अध्यक्षता में संगठन कार्यालय पर आयोजित की गयी । जिला बैठक में उपस्थित पदाधिकारियो से संगठन में चल रहे सदस्यता अभियान और ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियो की समीक्षा करते हुए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित ने बताया कि संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय का गत १९ मार्च कों विद्यालय से घर बापस आते समय हुयी स ?क दुर्घटना में का ?ी चोट आ जाने के कारण संगठन कार्य प्रभावित हुआ है उनके स्वस्थ होने तक ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया जोकि ०४ अप्रैल से १० मई के वीच कराये जाने की तैयारी थी अब फिलहाल स्थगित घोषित की जाती है क्योंकि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिलाध्यक्ष कों ही ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने कों निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है और उनके साथ ८ सदस्यों की निर्वाचन समिति बनायीं गयी है इसीलिए जिलाध्यक्ष की अनुपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संचालित रखना सम्भव नहीं है परन्तु सभी ब्लॉक में गतिमान सदस्यता अभियान लगातार जारी रहेगा जो भी निवर्तमान ब्लॉक पदाधिकारी अब ब्लॉक स्तर पर संयोजक या प्रभारी नामित है वह सदस्यता अभियान जारी रखेंगे, संघ के सदस्य सभी शिक्षक बनाये जा सकेगे मान्यता प्राप्त संगठन के पदाधिकारी, संघ के सदस्य नहीं बन पायेंगे उन्हें अगर सदस्य बनना है तो अपने संगठन से त्याग पत्र देकर संघ की सदस्यता ले सकते है अगली जिला मीटिंग में संबंधित ब्लॉक संयोजक सदस्यता सूची उपलब्ध करायेगे जिस आधार पर निर्वाचन कार्य कराया जायेगा ब्लॉक इकाईयों के निर्वाचन सम्पन्न कराने तक और सदस्यता अभियान की प्रगति समीक्षा कों जिला पदाधिकारियों कों नोडल ब्लॉक प्रभारी नामित किया गया जिसमे जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित कों पुवायां - बंडा और सिंधौली, जिला महामंत्री सुनील मौर्या कों खुटार - ददरौल और कांट, जिला संयुक्त मंत्री सचिन मिश्रा कों भावलखे ?ा - निगोही और मिर्जापुर, जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता कों कलान - कटरा खुदागंज और जैतीपुर, जिला उपाध्यक्ष रिपुदमन सिंह यादव कों जलालाबाद - मदनापुर और तिलहर ब्लॉक सौपी गयी, साथ ही हर नोडल के साथ सहायक भी नियुक्त किये गए जिसमे जिला उपाध्यक्ष धीरज रस्तोगी, जिला मंत्री पल्लवी गुप्ता, चंद्र भूषण शुक्ला, विक्रांत मिश्रा और जिला ऑडिटर बादाम सिंह यादव है आज की मीटिंग में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित, जिला महामंत्री सुनील मौर्या, जिला संयुक्त मंत्री सचिन मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, जिला संगठन मंत्री पल्लवी गुप्ता और चंद्र भूषण शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रिपुदमन सिंह यादव और धीरज रस्तोगी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को पुतला न जलाने देने पर पुलिस प्रशासन से हुई नोकझोंक



**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बरेली मोड पर राज्यसभा सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर शिरोमणि राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने सुमन का पुतला दहन कर उनके बयान की कड़ी निंदा की, तथा देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर कारवाई की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् संदीप सागर ने कहा कि राणा सांगा भारतीय इतिहास के गौरवशाली योद्धा थे, जिनके बलिदान और शौर्य को अपमानित करने की किसी को अनुमति नहीं दी जा सकती। राणा सांगा का जीवन संघर्ष से परिपूर्ण रहा है और राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के सुरक्षा हेतु उन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विद्यार्थी परिषद इसे राष्ट्र की अस्मिता का अपमान मानती है और इतिहास के वीर महापुरुषों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभाविप प्रशासन से मांग करती है कि इस मामले को संज्ञान लेते हुए संबंधित व्यक्ति पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी महापुरुषों के प्रति इस प्रकार की अपमानजनक भाषा का प्रयोग न कर सके। अभाविप इतिहास के महापुरुषों के लिए इस तरह की टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। अभाविप संसद के ऊपर कठोर कार्रवाई करने की मांग करती है तथा यह चेतावनी देता है कि कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन के लिए एबीवीपी वध्य होगी। उक्त अवसर पर खेलो भारत संयोजक रौनक पाल ,जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा , महानगर मंत्री आशीष भदोरिया, महानगर सह मंत्री आयुष श्रीवास्तव, अभिषेक पांडे, कार्यालय मंत्री राजन सिंह, भानु प्रताप, हर्षिल ठाकुर , वैभव पंडित, आशुतोष मिश्रा कारण, रोहित, सूर्य दुबे , सचिन सिंह, साहित्य अधिकार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भगवा ढोल के साथ धूमधाम से हुआसामूहिक शंखनाद



**शाहजहांपुर।** वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स के तत्वावधान में विगत वर्षों की भांति इस बार भी नव संवत्सर २०८२ व चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर सामूहिक शंखनाद कार्यक्रम का आयोजन हनुमत धाम पर सायंकाल ६.३० बजे हुआ। जिसमें सैक ?ों लोग एक साथ एक ही समय पर शंखनाद कर सनातनी नववर्ष का जयघोष किया। दिल्ली से आ रहा भगवा ढोल आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। भारी संख्या में लोग हनुमत धाम पहुंचे । कार्यक्रम में वैशाली म्यूजिकल ग्रुप की ओर से भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजन हुआ। जो मंदिर की आरती तक चला।

## गायत्री शक्तिपीठ में अखंड जप शुरू

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** गायत्री शक्तिपीठ गौहरपुरा में चैत्र नवरात्रि साधना पर्व अखण्ड जप का शुभारंभ हुआ। जोकि ६ अप्रैल को पूर्ण होगा। नवरात्रि पहले दिन सुबह ६ बजे अखंड जप शुरू हुआ। विधि विधान से मुख्य यजमान शक्तिपीठ ट्रस्टी जय सिंह यादव ने पत्नी के साथ कलश स्थापना अखण्ड दीप के साथ अखण्ड जप शुरू किया। बादशाह शर्मा पूजन व मंजू ने यज्ञ संपन्न कराया। सभी ने चैत्र नवरात्रि हिंदू नववर्ष पर राष्ट्रहित के लिए आहुतियां समर्पित की। जिला समन्वयक सूरज वर्मा ने कहा कि नवरात्रि साधना पर्व साधकों के लिए विशेष है। अखंड जप के साथ गायत्री मंत्र लेखन अभियान भी शुरू किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजा राम मौर्य ने बताया कि नवरात्रि साधना पर्व पर अखण्ड जप ३० मार्च से से प्रारंभ होकर ६ अप्रैल तक होगा। तत्पश्चात ५ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति, संस्कार, कन्या भोज, प्रसाद वितरण होगा। दैनिक यज्ञ प्रतिदिन सीबह ७:३० बजे से ९ बजे तक होगा। सायंकालीन आरती ५:३० बजे से होगी।

# चैत्र नवरात्र व २०८२ नवसंवत का शुभारंभ, पहले दिन हुई मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना

## दुर्गा सप्तशती आधारित मां की लीलाओं का मंचन शुरू

**शाहजहांपुर।** चैत्र नवरात्र २०८२ नवसंवत का शुभारंभ हो गया। मंगलवार को पहला दिन था । जिले भर में इस पर्व पर लोग मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की अराधना के साथ ही व्रत भी धारण किया। नवरात्र के पहले दिन सुबह से ही मां के दर्शन के लिए मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। भक्तों ने मंदिरो में माता रानी का विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर सृष्टि के कल्याण की कामना की। घरों में कलश स्थापना के साथ पूजा अर्चना शुरू हो गई।

नवरात्र के पहले दिन बुधवार को लोगों ने अपने घरों में कलश स्थापना के साथ मां की पूजा-अर्चना की। मंगलवार के दिन भारतीय नववर्ष की भी शुरुआत हुई है। इस पर भी लोग एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे थे। दुर्गा मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सेठ ने बताया कि मंडी से मां दुर्गा देवी मंदिर में नवरात्रों पर दुर्गा सप्तशती आधारित मां की लीलाओं का मंचन रविवार से शुरु हो गया जो कि पूरे ८ दिन चलेगा । मां की लीलाओं का मंचन किया जाएगा ।



भक्तों को मां के भजन और मां की लीलाओं का वर्णन सुनाया जाएगा। नवरात्र पर सभी को दुर्गा की आराधना व उपासना के महापर्व %चैत्र नवरात्र की बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि माँ अंबे की कृपा संपूर्ण सृष्टि पर बनी रहे। शैलपुत्री का जन्म ,शंकर पार्वती का विवाह, फिर गणेश जन्म की लीला का मंचन होगा । शक्ति स्वरूपा माता जगदंबा की अनुकंपा से सभी का जीवन सुख, शांति एवं आरोग्यता से परिपूर्ण हो ।शाम% ७:०० से ९:३० बजे तक कार्यक्रम चलेगा। पुजारी अरुण शुक्ला शास्त्री ने बताया पुराणों के अनुसार देवी ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन,पालन और संहार करती हैं। भगवान महादेव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ,मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए माँ पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए किंतु देवी के प्रमुख नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि का प्रत्येक दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है । राम सेवक मिश्र ने बताया हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। पुजारी रामसेवक मिश्रा ने बताया नवरात्रि के पहला दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। इस मौके पर सहयोग में नवजोत सिंह, कीकर लाल, सुनील कुमार , अशोक अग्रवाल ,आदि मौजूद थे

# ब्राह्मण समाज ने धूमधाम से मनाया नवसंवत्सर का पर्व

**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम धाम शाहजहांपुर में नवसंवत्सर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम देवपूजन के पश्चात यज्ञ हवन का आयोजन हुआ। हवन के बाद गोष्ठी का शुभारंभ पंचांग वाचन एवं ईश प्रार्थना से हुआ तत्पश्चात वक्ताओं द्वारा नवस्वत्सर के महत्व पर विचार व्यक्त किए। गोष्ठी का शुभारंभ संगठन के संरक्षक श्री केशव चंद्र मिश्र के द्वारा कार्यक्रम की भूमिका के साथ नवसंवत्सर के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय पाठक ने कहा कि हम अपनी संस्कृति को बचाना चाहते हैं तो हमको अपने सनातन पर्वो को भी जानना चाहिए और अपने बच्चों को भी उनसे परिचित



कराना चाहिए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ सत्य प्रकाश मिश्र ने कहा कि सनातन संस्कृति का मूल ही नवसंवत्सर से है, आज हमारी युवा पीढ़ी अपने सनातन धर्म के प्रतीकों, मान बिंदुओं को भूली हुई है जिसको याद दिलाने की हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के के शुक्ल ने कहा कि नव संवत्सर का पर्व हमें नवीन ऊर्जा देता है, प्रेरणा देता है ये हमारी संस्कृति का प्राण है हमको इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाना चाहिए। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष श्री ज्ञानेश बाजपेई जी ने उपस्थिति लोगों को नवसंवत्सर की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी ब्राह्मण समाज के लोगों की जिम्मेदारी है अपनी संस्कृति का प्रचार प्रसार करें। संपूर्ण हिंदू समाज को दिशा देने की सामर्थ्य ब्राह्मण समाज में ही है इस लिए सभी लोग इस गुरूतर दायित्व का निर्वाह पूरे मनोयोग और समर्पण के साथ करें। गोष्ठी को प्रदीप पांडेय, श्रीदत्त शुक्ल, डॉ संजय पाठक जी, राकेश कुमार पांडेय,वरिष्ठ अधिवक्ता श्री रवि मिश्र,महेश बाबू मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष के सी मिश्र,डॉ संजय अवस्थी, सुशील दीक्षित, राजकमल बाजपेई,कौशल मिश्र, डॉ राकेश दीक्षित,गंगाराम मिश्र,अशोक मिश्र,आदि ने भी अपने विचार रखे। संगठन के संरक्षक पंडित केशव चंद्र मिश्र जी के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रताप नारायण अवस्थी, विश्वदीप अवस्थी, हरि शरण बाजपेई, अवधेश कुमार, आलोक मिश्र, रवि मिश्र उर्फ बंटू, सूर्यमणि पांडेय, अतुल दीक्षित, नीरज पाठक, रजनीश शुक्ल, कृष्णकांत दीक्षित, विजय मोहन मिश्र, अमित शर्मा,हरि शरण मिश्र, ज्ञानेश शुक्ल, आशीष मिश्र , राज कुमार शुक्ल,प्रमोद शर्मा, अमित मिश्र उर्फ लालन, अभिनव दीक्षित, गणेश शुक्ल, अवधेश शुक्ल परौर, ज्ञानेंद्र कुमार आदि उपस्थिति हुए और सभी ने एक दूसरे को नवसंवत्सर की बधाई दी।

अंत में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के के शुक्ल ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## झूलेलाल जयंती पर शोभयात्रा आयोजन



**शाहजहांपुर।** झूलेलाल जी की जयंती पर शोभा यात्रा आयोजन रविवार शाम ४ बजे से सेठ स्वर्गीय जगदीश चंद कलानी के निवास स्थानसे हुआ ।शोभा यात्रा कच्चे कटरा , से होते हुए चौक खत्री धर्मशाला के पास संपन्न हुई। इस महिलाओं और अन्य लोगों ने जमकर नत्य किया। शाम ६:०० से सोनू भगत लखनऊ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आप भजन की प्रस्तुति की गई। रात ८:०० गुरु के भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके परअध्यक्ष प्रकाश कलानी, कोषाध्यक्ष टेकचंद जबरानी, बालकिशन रोहरा, कोकर मल रोहरा, तुलसीराम, सचिन कलानी, जीतू आदि अनेक लोग मौजूद थे

## महिला सशक्तिकरण को स्वयं सेविकाओं ने निकाली रैली



**शाहजहांपुर ।** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय शिविर चतुर्थ शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे एवम ऋतु शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की थीम महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाए एक रैली प्रथम इकाई द्वारा बाडूजई प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा बाडूजई द्वितीय लेकर गई। लोगों से बात करते हुए महिला सशक्तिकरण पर विचार विमर्श किया । इसी श्रृंखला में एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू दुबे ने छात्राओं को बताया महिला सशक्तिकरण का मतलब है महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, और व्यक्तिगत स्थिति में सुधार लाना इसका मकसद महिलाओं को पुरुषों के बराबर अवसर देना और उन्हें अपने जीवन के सभी फ़ैसले लेने की आज़ादी देना है। कार्यक्रम अधिकारी सुश्री ऋतु शर्मा ने छात्राओं को बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं इनमें महिला एवं बाल विकास विभाग और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रमुख हैं कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में दहेज उन्मूलन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस मौके पर सभी स्वयंसेविकाओं ने अपनेङ्कअपने विचारों को रखते हुए कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में काजल, भूमि, रोहिणी,उमा, अलंकृता आदि छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया हिंदू नव वर्ष उत्सव

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर द्वारा हिंदू नव वर्ष संवत २०८२ के आगमन बहादुरगंज स्थित छोटी सब्जी मंडी मे कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में पधारे नगर आयुक्त ने दीप जलाकर कार्यक्रम को प्रारंभ किया एवं अपर महानगर आयुक्त संगीता कुमारी जी एवं भारतीय जनता पार्टी की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता जी ने भगवान राम के चित्र पर माला पहनाकर नव संवत् का स्वागत किया भारतीय जनता पार्टी की महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता जी ने कहा हिंदू नव वर्ष हर हिंदू को मनाने के लिए जागरूक होना चाहिए कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत जिला महामंत्री व्यापारी प्रदीप गुप्ता ने पटका पहनाकर किया महानगर



अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला ने कार्यक्रम में आए सभी व्यापारियों से नव संवत कार्यक्रम को अपने घरों अपनी बाजारों में धूमधाम से मनाने के लिए प्रेरित किया तथा बाजार में सभी व्यपारियों की दुकान पर जाकर तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं व बधाई दी कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री श्याम मोहन मिश्रा ने किया तथा कार्यक्रम में अतिथियों एवं व्यापारियों का आभार प्रकट किया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेश गुप्ता महानगर उपाध्यक्ष सुनील मल्होत्रा अनुराग दिक्षित राजीव गुप्ता सूर्या रईस युवा महानगर अध्यक्ष चमन तिवारी सहित काफी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

# युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा, कैरियर के साथ आध्यात्मिकता भी जरूरी : अग्रवाल

**शाहजहांपुर।** युवाओं में सहृदयता, दयालुता, सद्भाव जैसे विषयों पर चर्चा करने के लिए महात्मा रामचन्द्र जी महाराज की १२५वीं जयंती पर 'दयालुता को आत्मसात करना' विषय पर आयोजित रीजनल यूथ सेमीनार का आज समापन हो गया। सेमिनार के समापन समारोह में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये युवाओं को संबोधित करते हुए मेरठ से आये रामचंद्र मिशन के उत्तर प्रदेश प्रभारी अनुपम अग्रवाल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शिक्षा, समझ और कैरियर के साथ आध्यात्मिकता की भी आवश्यकता है। जिसमें रामचंद्र मिशन और हार्टफूलनेस उनकी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा जब आप मालिक के लिए या प्रकृति के लिए कुछ करते है, तो वे हमें उपहार स्वरूप कुछ और बेहतर करने का मौका मिलता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य लोगों की भलाई और सहयोग करना होना चाहिए। युवावस्था में जो कुछ भी सीखा जाता है वह जीवन भर काम आता है। प्रेम, दयालुता, अनुशासन, सद्भाव से बड़ी जीवन में कोई पूंजी नहीं है। आज युवाओं ने महात्मा रामचंद्र जी महाराज के जीवन पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रश्नोंत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने अपने जीवन से जुड़े मुद्दों को उठाया और अपने अनुभव साझा किये। सुबह ध्यान का ध्यान के बाद युवाओं ने आश्रम भ्रमण किया, बाबूजी समाधि, कॉटेज आदि को देख तमाम युवा भावुक हो गये। सेमीनार के दूसरे दिन विभिन्न प्रकार के खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेमीनार का संचालन आगरा से आये यूथ कोआर्डिनेटर अंशुमान उपाध्याय व प्रयागराज की ज्योति मिश्रा ने किया। आभार जोन प्रभारी दीपक त्यागी ने व्यक्त किया। सेमीनार के आयोजन में श्री गोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ललिता त्यागी, कृष्णा भारद्वाज, सुरेंद्र सिन्हा, प्रतिमा, अजीत श्रीवास्तव, सुंदर अग्रवाल, आदि का विशेष सहयोग रहा।

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, सोमवार
31 मार्च, 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष 2
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -219 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये | epaper : epaper.swatantrabharat.net | web portal : swatantrabharat.net




## द्वितीय-मां ब्रह्मचारिणी




पराम्बा जगद्जननी दुर्गा का दूसरा स्वरूप पूर्ण ज्योर्तिमय एवं अत्यंत भव्य है। मां के दाहिने हाथ में दिव्य जपमाला एवं बायें हाथ में कमण्डल सुशोभित है। वेदों में ब्रह्म प्राप्ति का आधार तप है।
शैलपुत्री रूप मां ने नारद के उपदेश से शिव प्रिया पद प्राप्ति की तपस्या माँ ब्रह्मचारिणी रूप में ही प्रारम्भ कर पूर्णता प्राप्त की थी। मां की दुरूह तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया था। अपने संकल्प को पूर्ण कर माँ इस स्वरूप में स्थित हुईं। इनकी उपासना से साधक तप, त्याग, सदाचार, संयम एवं वैराग्य के भावपूर्ण धरातल को प्राप्त करके देवी कृपा पात्र बन जाता है। मनोकामना पूर्ण करने वाले एवं अपनी समस्त मानसिक शक्तियों को अपने नियंत्रण में करके लौकिक पारलौकिक उन्नति प्राप्त करने के लिए साधकों को माँ का ध्यान व मंत्र जप स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान करके करना चाहिए। माँ ब्रह्मचारिणी का ध्यान निम्न मंत्र से करें-

**ध्यान मंत्र- ऊँ दधानां कर पद्‌भाभ्याम अक्ष माला कमण्डलम्।**
**देवि प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**
**जप मंत्र- ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै ऊँ ब्रह्मचारिणी दैव्याये नमः।।**
**ऊँ श्रीं पूर्ण भाग्योदयं ब्रं ब्रह्मचारिण्यै श्रीं नमः।।**

ध्यानोपरांत दोनों मंत्रों की 11 11 माला जप स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान करते हुए करें। तत्पश्चात माँ को ही अर्पित करें। माँ ब्रह्मचारिणी स्वरूप की साधना से वृष एवं तुला राशि वालों की ग्रह बाधाएं दूर होती हैं।

**पं. आशीष शुक्ला**



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 34° |
| न्यूनतम तापमान | - 18° |
| सूर्योदय | - 05:59 |
| सूर्यास्त | - 06:22 |

आसमान साफ रहेगा।

### शुभकामनाएं

'ईद-उल-फित्र' पर्व के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 31.03.2025 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 02.04.2025 को प्रकाशित होगा।
**- प्रबंधक**

## प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस को जमकर सराहा

# 'जहां सेवा कार्य, वहीं स्वयंसेवक'

**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और इसके स्वयंसेवकों को जमकर सराहा।

### अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट बताया

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है। ये अक्षय वट आज भारतीय संस्कृति को... हमारे राष्ट्र की चेतना को निरंतर ऊर्जावान बना रहा है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि जहां भी सेवा कार्य किया जा रहा है, वहां स्वयंसेवक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र यज्ञ के इस पावन अनुष्ठान में मुझे आज यहां आने का सौभाग्य मिला है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का ये दिन बहुत विशेष है। आज से नवरात्रि का पवित्र पर्व शुरू हो रहा है। देश के अलग अलग कोनों में आज गुड़ी पड़वा, उगादी और नवरेह त्योहार भी मनाया जा रहा है। आज भगवान झूलेलाल जी और गुरु अंगद देव जी का अवतरण दिवस भी है। ये हमारे प्रेरणापुंज परम पूज्यनीय डॉ साहब की जयंती का भी अवसर है। इसी साल



आरएसएस की गौरवशाली यात्रा का 100 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। आज इस अवसर पर मुझे स्मृति मंदिर जाकर पूज्य डॉ. साहब और पूज्य गुरुजी को श्रद्धांजिल अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि अगले ही महीने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भी है। आज मैं दीक्षाभूमि पर बाबा साहेब को नमन किया है और उनका आशीर्वाद भी लिया है। मैं इन विभूतियों को नमन करते हुए देशवासियों को नवरात्रि और सभी पर्वों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, लाल किले से मैंने सबके प्रयास की बात कही थी। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश जिस तरह काम कर रहा है, माधव नेत्रालय उन प्रयासों को बढ़ा रहा है। देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें यह हमारी प्राथमिकता है। देश में गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अच्छे से अच्छा इलाज मिले, कोई भी देशवासी जीवन जीने की गरिमा से वंचित ना रहे, अपना जीवन देश के लिए दे चुके बुजुर्गों को इलाज की चिंता सताती ना रहे, यह सरकार की नीति है। इसलिए आयुष्मान भारत के कारण आज करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। बीते 10 साल में गांवों में लाखों आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं। जहां से लोगों को देश के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों से टेलीमेडिसिन से कंसल्टेशन मिलता है, प्राथमिक इलाज मिलता है और आगे के लिए सहायता होती है। उन्हें रोगों की जांच के लिए सैकड़ों किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि संघ सेवा के इस पवित्र तीर्थ नागपुर में आज हम एक पून्य संकल्प के सेवा विस्तार के साक्षी बन रहे हैं। अभी हमने माधव नेत्रालय के कुल गीत में सुना, अध्यात्म, ज्ञान, गौरव गुरुता का ये अद्भुत विद्यालय है, मानवतारत है ये सेवा मंदिर कण कण में देवालय है। माधव नेत्रालय एक ऐसा संस्थान है जो अनेक दशकों से पूज्य गुरूजी के आदर्शों पर लाखों लोगों की सेवा कर रहा है।
पीएम मोदी ने कहा कि हम अपने देश का इतिहास देखें तो सैकड़ों वर्षों की गुलामी, इतने आक्रमण, भारत की सामाजिक संरचना को मिटाने की इतनी क्रूर कोशिशें, लेकिन भारत की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई, उसकी लौ जलती रही। कठिन से कठिन दौर में भी भारत में चेतना को जागृत रखने वाले नए-नए सामाजिक आंदोलन होते रहे। भक्ति आंदोलन का उदाहरण हम सभी को पता है। मध्यकाल के उस कठिन कालखंड में हमारे संतों ने भक्ति के विचारों से हमारी राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी।

# समाज ने देखने-परखने के बाद संघ को स्वीकार किया : भागवत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक सभा को संबोधित करते समय संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की लंबी यात्रा के दौरान समाज ने संघ के स्वयंसेवकों को देखा, परखा उसके बाद स्वीकार किया है। इसी का नतीजा है कि तमाम बाधाओं को दूर करते हुए अब स्थिति अनुकूल है और स्वयंसेवक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भागवत ने कहा कि संघ के दर्शन में कहा जाता है कि आत्म-विकास पर एक घंटा, जबकि समाज के विकास पर 23 घंटे खर्च करना चाहिए। यही संघ का नजरिया है और आरएसएस के तमाम प्रयास इसी सिद्धांत से प्रेरित हैं।
संघ प्रमुख भागवत ने जब यह बात



कही, उस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं मानते, वे सिर्फ सेवा करते रहते हैं। बता दें कि इसी साल सितंबर में संघ की स्थापना के 100 साल पूरे होने वाले हैं। संघ की लंबी यात्रा को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि देश ने संघ के स्वयंसेवकों का काम देखा है, इसके बाद उन्हें स्वीकार किया गया है।
भागवत से पहले पीएम मोदी ने भी भारत में संघ की भूमिका को रेखांकित किया। मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी हमारा युवा है। आज भारत का युवा विश्वास से भरा हुआ है। राष्ट्र निर्माण की भावना से ओत-प्रोत हमारे युवा आगे बढ़े चले जा रहे हैं। यही युवा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ध्वजा थामे हुए हैं।

# पुतिन के काफिले की कार में धमाका

**मॉस्को।** मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के काफिले की कार में ब्लास्ट हुआ है। यह धमाका खुफिया एजेंसी एफएसबी के मुख्यालय के बाहर हुआ। यह एक लग्जरी लिमोजिन कार थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इंजन में आग लग गई





थी और फिर अंदर फैल गई। जिस वक्त ये हादसा हुआ, उस वक्त पुतिन न तो इस कार के आस-पास थे और न ही यह कार उनके किसी काफिले में शामिल थी। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि यह हत्या की साजिश थी या सिर्फ एक हादसा। इसके बाद से पुतिन की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रपति कार्यालय में चिंताएं बढ़ गई है। 26 मार्च को यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दावा किया था कि जल्द पुतिन की मौत होगी। राष्ट्रपति पुतिन अक्सर इस लिमोजिन कार का इस्तेमाल करते रहते हैं। उन्होंने नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन को भी पिछले साल यह कार गिफ्ट की थी।

# म्यांमार में फिर 5.1 तीव्रता का भूंकप, अब तक 1700 की मौत

**नेपीदा।** म्यांमार में रविवार दोपहर 2.30 बजे करीब एक बार फिर भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.1 मापी गई। इस तरह बीते 3 दिन में 5 से ज्यादा तीव्रता वाले 4 भूकंप आए हैं। भूकंप का केंद्र म्यांमार के मांडले से लगभग 17 मील (27 किमी) उत्तर में था।
शुक्रवार सुबह 11.50 बजे 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद म्यांमार में भारी तबाही हुई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। सीएनएन ने एक जियोलॉजिस्ट के हवाले से बताया है कि इस भूकंप का असर 334 एटॉमिक बम में ब्लास्ट के बराबर था। एजेंसी के मुताबिक शनिवार तक मरने वालों का आंकड़ा 1700 हो चुका है, जबकि 3,408 से ज्यादा लोग घायल हुए और 139 लोग लापता हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर गई। इसमें 12 लोगों की मौत हुई है। मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। यह आशंका यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने जताई। इस भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन राहत सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची। इससे पहले ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत ही भारत ने मदद के लिए 15 टन राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाएं भेजी।

## गृह मंत्री अमित शाह ने दिया संकेत

# नीतीश ही होंगे बिहार के अगले सीएम

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के सीएम फेस को लेकर जारी चर्चा के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इशारों-इशारों में संकेत दे दिया है कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में शाह ने कहा कि



'2025 में मोदी जी और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाइए और भारत सरकार को बिहार के विकास का मौका दीजिए' बिहार को बदलने में नीतीश कुमार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 2025 के चुनाव में मोदी और नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाने की अपील की। शाह ने कहा जेडीयू और भाजपा मिलकर बिहार को विकास के रास्ते पर तेजी से ले जाएंगे। 2025 में प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। अमित शाह के बयान से एनडीए के सीएम कैंडिडेट का मसला साफ होता दिख रहा है।

### नीतीश बोले वह गलती दोबारा नहीं होगी

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सामने बिलकुल स्पष्ट कर दिया कि अब वह कहीं नहीं जाएंगे। दो बार गलती हुई है, लेकिन अब मैं वापस अपने पुराने लोगों के साथ आ गया हूं। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लिया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाया था, तो ऐसे में मैं कैसे भूल सकता हूं।

# दो बांग्लादेशी महिलाएं दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मंडावली थाना पुलिस ने दो बांगलादेशी महिला घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। नदी के जरिये बार्डर को पार करके भारत अवैध रूप से आई थीं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बांगलादेश के जिला फरीदपुर निवासी आतिफा व ढाका निवासी असमा के रूप में हुई है। कुछ दिनों पहले पुलिस ने नौ घुसपैठियों को पकड़ा था, उनकी निशानदेही पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया।

# कटक में पटरी से उतरी कामाख्या एक्सप्रेस

**कटक।** ओडिशा में कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। कटक में नेरगुंडी रेलवे

### एक यात्री की मौत, सात घायल

स्टेशन के पास यह हादसा हुआ जिसमें एक शख्स की मौत हुई और सात यात्री घायल भी हुए हैं। ट्रेन बंगलूरू से असम के गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जा रही थी। रेलवे प्रशासन ने बताया है कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए



नई ट्रेन का बंदोबस्त किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को ओडिशा के कटक जिले में एक एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। सुबह 11.54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में एसएमवीटी बंगलूरू-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए।
**हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया** जानकारी के मुताबिक, हेल्पलाइन 8455885999 और 8991124238 शुरू कर दी गई हैं। फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

# भाषा के नाम पर देश को मत तोड़ो : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को भाषा के मुद्दे पर द्रमुक के रुख की आलोचना की और कहा

### सभी भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं

कि भाजपा हिंदी और अन्य सभी भारतीय भाषाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि सहयोग की भावना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाषा के नाम पर देश को तोड़ने की कोशिशें बंद होनी चाहिए। तमिल रानी वेलु नचियार को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग तमिल और हिंदी को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर भारत में वेलु नचियार के बारे में जागरूकता फैलाने के प्रयास की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं एक-दूसरे को मजबूत बनाती हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के युग की शुरुआत की है। अब उन्हें सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन मिल रहा है।

# 'ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में भारत का अहम योगदान'

**अहमदाबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख एस. सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत हमेशा से एक महान देश रहा है, जिसने वेदों से लकर आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति तक ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके लिए उन्होंने प्राचीन ग्रंथों महासलिल और सूर्य सिद्धांत का हवाला दिया। सोमनाथ भारतीय प्रौद्योगिकी प्रबंधन



### पूर्व इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा शिक्षा जगत व उद्योगों में हो मजबूत संबंध

संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के 60वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों, शिक्षा जगत और उद्योगों के बीच मजबूत संबंध की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह अब भी एक दूर का सपना बना हुआ है। सोमनाथ ने कहा, मैं भारत की समृद्ध और गौरवशाली ज्ञान परंपरा पर प्रकाश डालना चाहता हूं, जो फिर से सामने आ रही है। वेदों से लेकर आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति तक भारत हमेशा से ब्रह्मांड की वैश्विक समझ में योगदान देने वाला एक महान देश रहा है। उन्होंने कहा, प्राचीन काल का ज्ञान आधुनिक विज्ञान की तुलना में काफी उन्नत था। भारतीय दर्शन न केवल भौतिक प्रगति पर बल देता था, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानता था, जिसे समग्र मानव विकास के लिए आवश्यक माना गया। यही संतुलन भारत को वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विकास में अद्वितीय बनाता है। उन्होंने कहा, विज्ञान और अन्य मानव ज्ञान ने इस क्षेत्र में काफी प्रगति की, जो दुनिया का पहला ज्ञान का स्रोत बना। खगोलशास्त्र, भूगोल, गणित, धातुकर्म और दर्शन में वैज्ञानिक समझ प्रदान करने में यह उस समय अन्य स्थानों से काफी आगे था।

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे से महज कुछ घंटे पहले बीजापुर में 50 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इनमें से 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने कहा कि वे खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों के कारण सरेंडर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपए का इनाम था। नक्सलियों ने राज्य पुलिस और सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए।

## आयकर का इंडिगो पर 944 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर आयकर विभाग ने 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। हालांकि, कंपनी ने इसे गलत बताया है। इंडिगो ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देगी। रविवार को एक नियामक फाइलिंग में इंडिगो ने कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की मूल्यांकन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। इंडिगो ने कहा कि आदेश का कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में बढ़ा अफस्पा

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को मणिपुर के पूरे क्षेत्र में लागू कर दिया है, हालांकि 13 पुलिस थाना क्षेत्रों को इससे बाहर रखा गया है। इसके साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तीरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा को अगले छह महीनों के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं नगालैंड में भी अफस्पा का विस्तार किया गया है। इसे आठ जिलों और राज्य के अन्य पांच जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किया गया है। यह विस्तार अगले छह महीनों के लिए प्रभावी रहेगा।

## चेन्नई में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

**चेन्नई।** मेडिकल प्रवेश के लिए रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही 21 साल की छात्रा ने चेन्नई के पास आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, छात्रा देवदर्शिनी कोचिंग क्लास में पढ़ती थी। वह 4 मई को होने वाली नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। छात्रा भारी दबाव और तनाव में थी, क्योंकि वह अपने पिछले चार प्रयासों में परीक्षा पास नहीं कर पाई थी। उसके पिता सेल्वराज चेन्नई से लगभग 40 किलोमीटर दूर किलांबक्कम में एक बेकरी चलाते हैं। परिवार तमिलनाडु की राजधानी से वहां शिफ्ट हाग गया था, क्योंकि शहर में उनकी पिछली बेकरी घाटे में चली गई थी।

## पीएम मोदी ने कहा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं

# विविधता में एकता को दर्शाते हैं हमारे त्योहार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में

### 'मन की बात' का 120वां एपिसोड

व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। पीएम मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे।
मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही



सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं।
प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से 'माईहॉलिडेज' हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से 'हॉलिडेमेमोरीज' हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर 'कैच द रेन' अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है।
प्रधानमंत्री मोदी ने फिटनेस पर भी बात की। उन्होंने दिल्ली में हुए एक आयोजन का जिक्र करते हुए कहा, दिल्ली में एक भव्य आयोजन ने लोगों को बहुत प्रेरणा दी है, जोश से भर दिया है। एक इनोवेटिव आइडिया के रूप में पहली बार फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया गया। इसमें अलग अलग क्षेत्रों के करीब 25 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इन सभी का एक ही लक्ष्य था- फिट रहना और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाना।

### दिव्यांग खिलाड़ियों को सराहा

पीएम मोदी ने खेल और खिलाड़ियों से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने हाल ही में हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स को लेकर बातचीत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, कुछ ही दिन पहले संपन्न हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक बार फिर खिलाड़ियों ने अपनी लगन और प्रतिभा से सबको हैरान कर दिया। इस बार पहले से ज्यादा खिलाड़ियों ने इन खेलों में हिस्सा लिया। इससे पता चलता है कि पैरा स्पोर्ट्स कितना चर्चित हो रहा है।

### टेक्सटाइल कचरा नई चुनौती

पीएम मोदी ने भारत में टेक्सटाइल कचरे से बढ़ती चुनौती पर जोर दिया। पीएम मोदी ने टेक्सटाइल कचरे के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि भारत इस क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि आप सोच रहे होंगे कि टेक्सटाइल कचरे का मुद्दा क्या है? दरअसल, यह एक बड़ी समस्या बन गई है। आजकल लोग पुराने कपड़े जल्दी फेंक देते हैं और नए खरीदने की आदत बढ़ गई है।

# शादी का झांसा देकर विधवा से बनाए अवैध संबंध

## चार दिन पहले खुटार पहुंचकर थाने पर दी तहरीर, पुलिस ने अभी तक नहीं की कार्रवाई

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** शादी का झांसा देकर एक युवक पडोस मे रहने वाली एक विधवा महिला से कई माह तक शारीरिक संबंध बनाए। महिला जब गर्भवती हो गई, तो उसने शादी से इंकार कर दिया। घटना के बाद पीडिता थाने पहुंची और मामले की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली एक महिला ने बताया कि करीब एक साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। जिसके बाद वह अपने घर मे अपने दो बच्चो के साथ रह रही थी। पीडिता ने बताया कि करीब छह माह पहले वह अपने घर मे सो रही थी, तभी गांव के प्रधान का भतीजा उसके घर मे घुस आया और उसके साथ बलात्कार किया। पीडिता ने बताया कि उसने जब इसका विरोध किया और पुलिस मे शिकायत करनी चाहिए। तब आरोपी युवक और उसके चाचा प्रधान ने उसे डरा धमकाकर चुप कराने के साथ ही कह कि वह दोनो की कोर्ट मैरिज करा देंगे। जिसके बाद पीडिता ने कोई शिकायत नहीं की। इसके बाद आरोपी इसके घर आता जाता रहा और उसे बतौर पत्नी बनाकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। पीडिता ने बताया कि उसने जब जब कोर्ट मैरिज करने के लिए कहा, तो आरोपी युवक और उसके प्रधान चाचा ने अगले महीने कोर्ट मैरिज कराने की बात कहकर टाल दिया और उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिससे वह गर्भवती हो गई। पीडिता ने बताया कि पंद्रह दिन पहले उसने ये बात आरोपी युवक को बताई और शादी करने के लिए कहा, तो वह अपनी बात से मुकर गया। पीडिता ने बताया कि इसकी शिकायत उसने प्रधान से की, तो प्रधान भी आग बबूला हो गए और गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद चार दिन पहले पीडिता थाने पहुंची और मामले की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियो से न्याय की गुहार लगाई है।

### एसपी ने लिया संज्ञान, कार्यवाही करने के निर्देश

**खुटार।** शनिवार को ये मामला सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के संज्ञान मे आया, तो उन्होने इसे गंभीरता से लिया। जिसके बाद एसपी शाहजहांपुर के पीआरओ तत्काल खुटार पुलिस को मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। जिसके बाद शनिवार रात दस बजे के करीब पुलिस पीडिता और आरोपी के घर पहुंची और जांच के नाम पर खानापूर्ति कर वापस लौट आई। लेकिन अभी तक पीडिता की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी प्रधान और उसके भतीजे को गिरफ्तार करने की जरूरत नहीं समझी है।

# स्वयंसेवकों ने हिंदी नववर्ष को लेकर किया पथ संचलन

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने हिंदी नववर्ष को लेकर पथ घोष संचलन निकाला। स्वयंसेवकों का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में घोष वर्ग के स्वयंसेवकों का सुबह अभ्यास वर्ग चला। इसके बाद विद्यालय से पथ घोष संचलन की शुरुआत हुई। पंक्तिबद्ध स्वयंसेवक हाथों में अपने-अपने वाद्य लिए एक दूसरे से कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। घोष की धुन को लोग बाजार में रुककर सुन रहे थे। पथ संचलन का मुख्य बाजार सहित कई



जगह पुष्प वर्षा कर व्यापारियों ने स्वागत किया। मुख्य बाजार से होता हुआ पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गो से होकर देर शाम विद्या मंदिर में आकर संपन्न हुआ। इस दौरान सुशील बाबू गुप्ता बबलू, कुलदीप गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, प्रभात सहाय, मचकेन्द्र सिंह, आदित्य कुमार, अभिषेक शर्मा,आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वित्त मंत्री ने सर्किट हॉउस का किया शिलान्यास

## २२२३.६२ लाख रूपये से दस कमरों वाला होगा दो मंजिला

### सर्किट हॉउस के अंदर ही बनेगा हैलीपैड

**रोजा( स्वतंत्र भारत )।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार की शाम रोजा हरदोई मार्ग पर २२२३.६२ लाख रूपये की लागत से दो मंजिला बनने वाले सर्किट हॉउस का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इस मौके पर सहकारिता मंत्री, सांसद, राज्यसभा सदस्य व सभी विधायक मौजूद थे। इस मौके पर श्री खन्ना ने कहा कि अगर शाहजहांपुर नगर निगम नहीं होता और नगर निगम के साथ-साथ स्मार्ट सिटी नहीं होता तो शायद सर्किट हाउस हमको नहीं मिलता। गेस्ट हाउस को मिल जाता १.६९



हेक्टेयर जमीन है एक हेक्टेयर में १५ बीघा होते हैं ढाई एकड़ अब आप समझ लीजिए इतना बड़ा मैदान है यह और जब हम लोगों ने खासतौर से मैं इसके लिए बहुत बधाई दूंगा कि उन्होंने जमीन को आईडेंटिफाई किया था। एसडीएम के साथ मिलकर और इस गांव के प्रधान रूप राम वर्मा का भी इसमें सहयोग रहा। इस मौके पर सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, सांसद अरूण सागर, राज्यसभा सदस्य मिथलेश कुमार ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डीएम धर्मेंद्र कुमार, एसपी राजेश द्विवेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार यादव, अरुण गुप्ता, महापौर अर्चना वर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह यादव, विधायक अरविंद सिंह, चेतराम डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, अवधेश दीक्षित नरेंद्र त्यागी, पूर्व प्रधान अरूण सिंह मौजूद थे।

# जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षो मे विवाद, वीडियो वायरल

## खुटार पुलिस और एक नेताजी की संलिप्तता को लेकर हो रही चर्चा

**खुटार( स्वतंत्र भारत )।** विवादित जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर गाली गलौज हुआ। इसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। वही घटना के वक्त एक पक्ष के समर्थन मे एक भाजपा नेता की मौजूदगी और उसी पक्ष के लोगो के द्वारा थानाध्यक्ष का नाम लिए जाने से चर्चाओ का बाजार गर्म हो गया है। फिलहाल पुलिस इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र के गांव हिटौटा में रहने वाले आरिफ पुत्र हारून ने बताया कि उनका खेत मोहनपुर गांव में है। जिसमें वह पिछले कई साल से खेती-बाड़ी करता है। शनिवार को वह अपने खेत के चारों ओर कटीले तार लगा रहा था। तभी गांव टंडोला में रहने वाले अनीश, एक भाजपा नेता व कुछ अन्य लोगों को लेकर मौके पर पहुंच गए और उन्होंने उसके खेत पर अवैध कब्जा करने की नियत से कटीले तार लगाने का विरोध करते हुए गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर उक्त लोग उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद पीड़ित आरिफ थामे पहुंचा और मामले की तहरीर पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। वही दूसरे पक्ष के टंडोला निवासी अनीश थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसका खेत मोहनपुर में है। जिस पर आरिफ आदि अवैध कब्जा किए हुए हैं और शनिवार को आरिफ अपने साथियों के साथ खेत के चारों तरफ कटीले तार लगाने के लिए पहुंचे थे। उसने जब तार लगाने का विरोध किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौज की। घटना के बाद अनीश भी थाने पहुंचे और मामले की तहरीर दी। घटना के समय एक पक्ष के समर्थन में भाजपा नेता की मौजूदगी और उसी पक्ष के लोगों द्वारा थानाध्यक्ष का नाम लिए जाने की वीडियो वायरल होने के बाद से तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। फिलहाल पुलिस ने अभी तक इसमें कोई कार्रवाई नहीं की हैं। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही हैं।

# एक किलो अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** सर्विलांस व जलालाबाद पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा की गयी कार्यवाही के दोरान अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से १ किलो अफीम बरामद की गई है। अपराध की रोकथाम के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में स्वाट टीम, सर्विलांस सेल व थाना जलालाबाद पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर अतिबरा की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर पुल से लगभग १२० मीटर की दूरी पर अभियुक्त मोनू गुप्ता पुत्र महेश चंद्र गुप्ता निवासी मोहल्ला नौसारा वार्ड दयाल नगर जलालाबाद को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक किलो अफीम जिसकी कीमत १९२०० बताई गई है व एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही की गई है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय, उप निरीक्षक मानचंद एवं जितेंद्र कुमार, कांस्टेबल शनि कुमार व अतुल शाक्य शामिल है।

# नवसृजित कलान तहसील में सीओ की तैनाती की मांग

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** प्रदेश शिक्षक सभा के महासचिव शिवओम बाजपेई ने प्रमुख गृह सचिव संजय प्रसाद से मिलकर शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील में पुलिस क्षेत्राधिकारी को तैनात किए जाने की मांग की है। शिक्षक नेता शिवओम बाजपेई ने प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव ग्रह को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि शाहजहांपुर जिले की कलान तहसील में नए सीओ सर्किल का सृजन पूर्व में हो चुका है। किंतु सीओ की तैनाती नहीं हो पा रही है। जिससे कलान, परौर और मिर्ज़ापुर थाना क्षेत्रों के बाशिंदों को पुलिस संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए ४० किलोमीटर दूर जलालाबाद सर्किल के सीओ कार्यालय जाना पड़ रहा है।

# लखनऊ में भर्ती घायल प्रबंधक का हाल जानने पहुंचे जीएम व अन्य अधिकारी

**भावलखेड़ा( स्वतंत्र भारत )।** जिला सहकारी बैंक के निलंबित प्रबंधक सतीश चंद्र वर्मा की हालत में सुधार आ गया है। घ्घ्घ्घ्घ्घ्घ्रविवार को जीएम सौरभ द्विवेदी ने लखनऊ जाकर उनका हाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उनके परिवार से वार्ता कर सहायता दिए जाने के लिए आश्वस्त किया गया। जिला सहकारी बैंक की कांट शाखा में तैनात रहे निलंबित शाखा प्रबंधक सतीश चंद्र वर्मा २२ मार्च को बरेली जाते समय ट्रेन से गिरकर घायल हो गए थे। गंभीर हालत में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। रविवार को जीएम सौरभ द्विवेदी, डीजीएम राजेश कुशवाहा, प्रबंधक ददरौल अमित मिश्रा, समिति सचिव राजीव सिंह आदि लखनऊ पहुंचे। उन्होंने घायल प्रबंधक सतीश चंद्र वर्मा से हाल पूछा। वहां मौजूद उनके परिवार से भी बातचीत कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया। जीएम ने बताया कि सतीश वर्मा की हालत में सुधार है। बैंक की ओर से उनका इलाज एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। परिवार की ओर से बताई जा रही हर जरूरत की पूर्ति कराई जाएगी।

# बाइक फिसलने से मामा भांजे घायल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** रविवार दोपहर को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रास्ते से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।और बाइक चालक व बाइक सवार सहित दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए!घायल अवस्था में इलाज को सीएचसी पहुंचाया गया। डॉक्टर ने एक युवक को घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया और दूसरे युवक का इलाज चल रहा। थाना निगोही अंतर्गत गांव रेभा निवासी बाइक चालक गौरव ने बताया गांव के बॉबी के साथ तिलहर रिश्तेदारी से बाइक पर शाहजहांपुर को जा रहे।तभी दोपहर करीब १:३० बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कौशल पेट्रोल पंप के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई! जिससे बाइक चालक व बाइक सवार सहित दोनों लोग घायल हो गए।घायल अवस्था में इलाज को सीएचसी पहुंचाया गया डॉक्टर ने बॉबी को घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गौरव का इलाज चल रहा है।

# मारपीट एवं बाइक तोड़ने का आरोप

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** रविवार को एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के युवक पर घर में घुसकर गालियां और मारपीट एवं बाइक तोड़ने का आरोप लगाते हुए गांव के युवक के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना अंतर्गत गांव राजनपुर निवासी सुमन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के एक युवक ने शनिवार देर रात घर में घुसकर गालियां देने लगा और विरोध करने पर युवक ने उसके साथ और उसके पति रामदेव के साथ मारपीट और घर में खड़ी बाइक को तोड़ देने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस से युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की हैं। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया महिला की तहरीर मिल गई है पुलिस टीम द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

# महिला की जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ी

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** शनिवार को एक विवाहिता ने किसी बात को लेकर घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया और हालत बिगड़ने पर इलाज को परिजन सीएचसी लेकर पहुंची। डॉक्टर ने महिला को गंभीर अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। थाना अंतर्गत एक गांव की महिला ने किसी बात को लेकर घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया और महिला की हालत बिगड़ने पर महिला की बहन ने परिजनों के साथ इलाज को शाम करीब ८:३० बजे सीएचसी लेकर पहुंची डॉक्टर ने गंभीर अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# त्योहार को लेकर पुलिस ने निकाला रुट मार्च

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** नवरात्रि एवं ईद को लेकर एसडीएम जीत सिंह, एसपी ग्रामीण, सीओ, कोतवाल राकेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर में रूट मार्च निकाला। उन्होंने मिलजुलकर त्यौहार मनाने की अपील की।

शनिवार की शाम एसडीएम जीत सिंह, एसपी ग्रामीण, सीओ एवं कोतवाल राकेश कुमार ने कोतवाली से भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर रूट मार्च किया। मुख्य बाजार में कई जगह रख कर अधिकारियों ने लोगों से त्यौहारों को लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी की। इसके बाद उन्होंने कहा कि त्यौहार पर कोई भी नई परंपरा नहीं डाली जाए और सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं।

# मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन कर कमाया पुण्य

## नंपं की ओर नगर में कराई गई विशेष साफसफाई

**अल्हागंज( स्वतंत्र भारत )।** चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस नगर एवं ग्राम वासियों ने मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना कर विधि विधान के साथ घरों एवं देवालयों में बड़े हर्षोल्लास के साथ नवरात्र व्रत का संकल्प लेकर व्रत शुभारंभ किया, प्राचीन शिव दुर्गा धाम बारह पत्थर में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों बच्चों ने मां दुर्गा के दर्शन कर पूजन किया, वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल रहा तैनात। रविवार को प्रातः काल ही शिव दुर्गा धाम बारह पत्थर धाम को जानें वाले मार्गों पर श्रद्धालु पूजा की सामग्री लेकर मंदिर की ओर जाते दिखाई पड़ रहे थे मंदिरों के आसपास का वातावरण माता के जयकारों की ध्वनि से भक्तिमय हो उठा, इसी प्रकार घरों में मां शैलपुत्री का पूजा अर्चना कर नगर एवं ग्राम वासियों ने मां दुर्गा की स्थापना कर महिलाओं एवं पुरुषों ने नौ दिनों के अखण्ड व्रत का संकल्प लिया। छोटे-छोटे बच्चे भी व्रत रखने में पीछे नहीं रहे, बाजारों में नवरात्र को लेकर पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिलीं ध्वजा नारियल की खूब बिक्री हुई, इसी प्रकार ऐतिहासिक चिलौआ गांव में मां काली के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, नगर पंचायत द्वारा नगर क्षेत्र में नवरात्र को लेकर मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर विशेष साफसफाई कराकर चूना डालवाया गया, सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों के आसपास पुलिस बल की तैनाती देखने को मिली।

# अब सात अप्रैल को लगेगी बोली

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पार्किंग ठेका में तीसरी बार भी कम ठेकेदारों के आने की वजह से बोली नहीं लग सकी। अब ७ अप्रैल की तिथि तय की गई हैं। अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने बताया नगर में होने वाले वार्षिक पार्किंग, शौचालय तालाब की नीलामी बोली में शौचायलयों के ठेके पहले किये जा चुके हैं वहीं पार्किंग ठेका विगत १९, २४, २९ मार्च को किसी भी ठेकेदार द्वारा जमानत राशि जमा करने की कार्रवाई पूरी नहीं की थी तिथि बढ़ाकर ७ अप्रैल की गई थी। २४ एवं २९ मार्च को मात्र एक ठेकेदार द्वारा कागज जमा किए गए। कोरम पूरा न होने के कारण पार्किंग ठेका की तिथि बढ़ाकर ७ अप्रैल कर दी गई है।

# त्याहारों पर सफाई व्यवस्था रहे बेहतर: ईओ

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** नवरात्र एवं ईद उल फित्तर पर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शीतला देवी मंदिर एवं ईदगाह पर पहुंचकर सफाई कर्मियों को निर्देशित किया। पवित्र पर्व नवरात्र एवं ईद उल फित्तर पर नगर में साफसफाई को लेकर अधिशासी अधिकारी नूरजहां एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व अध्यक्ष रईस मियां ने ईदगाह एवं शीतला देवी मंदिर परिसर के अलावा नगर की अन्य मस्जिदों जहां ईद उल फित्तर की नमाज अदा कराई जाएगी के अलावा अन्य मंदिरों की साफसफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कहीं भी सफाई व्यवस्था में चूक हुई तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक भागीदारी के लिए एक मंच पर आना होगा

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** विभिन्न सामाजिक संवर्गो में बंटे विश्वकर्मा समाज को राजनीतिक भागीदारी के लिए एक मंच पर आना होगा। उक्त विचार विश्वकर्मा एकीकरण अभियान के प्रदेश प्रभारी नरेश पांचाल ने नवसंवत्सर के अवसर पर बंडा के वीर जी पैलेस में आयोजित विश्वकर्मा समाज के होली मिलन समारोह में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं। जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्से दारी। इसलिए हम सबको एक मंच पर आकर अपना शक्ति प्रदर्शन करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संतोष शर्मा बरेली ने कहा कि हमारे समाज के जो भी लोग राजनीति में अपने कदम बढ़ाना चाहते हैं हम उनका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि डा. महेश योगी ने भाजपा के लिए काफी काम किया लेकिन पार्टी ने उनके योगदान का मूल्यांकन नहीं किया। हम आगे से डॉ महेश योगी को अवश्य विधानसभा चुनाव में उतारेंगे। कार्यक्रम में श्री निवास शर्मा, डॉ सतीश शर्मा, ओम शर्मा, जियालाल विश्वकर्मा, वेदप्रकाश शर्मा अनिल विश्वकर्मा, हरीश मैथिल, राजकुमार शर्मा, जिला पंचायत बरेली के सदस्य सत्य पाल विश्वकर्मा, खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज की एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के आयोजन में मनसुख लाल शर्मा, डॉ महेश योगी, विकास शर्मा, आशीष शर्मा सहित स्थानीय लोगों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर अनेकों विश्वकर्मा बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**मारपीट में चाचा भतीजे घायल–मिर्ज़ापुर( स्वतंत्र भारत )।** ग्राम डम्मर नगला निवासी राजकुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जगह को लेकर उसका गांव के फूल सिंह, कमलेश, राम प्रकाश व अखिलेश से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर उपरोक्त लोग सुबह करीब ७:०० बजे गाली गलौज करने लगे। गालियों का विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों, लात घूसों से मारा पीटा। जिसमें चाचा सूरजपाल व भतीजा राजकुमार घायल हो गए। थाना परौर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घायलों को उपचार एवं डॉक्टरी परीक्षण हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** बीती शाम हाइवे पर कार की टक्कर लगने से घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गयी। सिंधौली थाना क्षेत्र के गाँव बाजपुर निवासी ६० वर्षीय राकेश अपने रिश्तेदार जमुनाप्रसाद के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार की शाम कसबे के एक निजी अस्पताल आए थे। वापसी में हाइवे क्रास करते समय पुवायां की तरफसे तेज रफ्तार आ रही कार से उनकी बाइक को टक्कर लग गयी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया जहाँ रविवार की सुबह राकेश की मृत्यु हो गयी। जमुनाप्रसाद का उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि कार पुलिस के कब्जे में है तथा घटना की रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही हैं।

# ईदगाह में ईद की नमाज ८ बजे आज: आलिम रिजवान

## नगर की अन्य मस्जिदों में भी अदा की जायेगी ईद की नमाज

**जलालाबाद( स्वतंत्र भारत )।** ईद-उल-फित्तर के मौके पर मौलाना/आलिम मोहम्मद रिजवान खान ने तमाम बरादराने इस्लाम व अहले वतन को ईद उल फित्तर की मुबारकबाद पेश की है। उन्होंने कहा ईद खुशी का त्यौहार है खुशी के मौके पर एक दूसरे को गले लगा कर तमाम गिले षिकवे भूल जाने का दिन है, एक दूसरे को माफ कर देने का दिन है, ईद को पूरे जोश और जज्वात के साथ मनाने की उन्होंने अपील की है। नगर व



आपास के इलाकों में आज ईद का चांद देखा गया और लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी व अल्लाह से दुआ मांगी। कस्बे के दीगर उलेमा-ए-इकराम से ली गई जानकारी के मुताबिक कस्बे की मुख्तलिफ मस्जिदों में अलग-अलग वक्त पर ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा ईदगाह में अपने निर्धारित समयानुसार प्रातः ८ बजे ईद की नमाज होगी। मौलाना श्री खान ने मिल्लते इस्लामिया से दरख्वास्त की है कि मुकर्रर वक्त के मुताबिक मुख्तलिफ मस्जिदों में भी नमाज अदा होगी।

# आरएसएस के पथ संचलन पर हुई पुष्प वर्षा

**जलालाबाद ( स्वतंत्र भारत )।** भारतीय नव वर्ष (वर्ष प्रतिपदा उत्सव) के शुभ अवसर पर आज परशुरामपुरी खण्ड, नगर एवं अल्हानगर की शाखाओं का स्वयंसेवक एकत्रीकरण एवं पथ संचालन कार्यक्रम (पूर्ण गणवेश में) हुआ। जिसमें ३५० संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में कृष्णचन्द्र जी (क्षेत्र कार्यकारणी सदस्य प.उ.प्र.)
का पाथेय मिला। कृष्णचंद्र जी के बौद्धिक पश्चात सभी स्वयंसेवक पूर्ण अनुशासन के साथ नगर में पहले से तय मार्ग पर संचलन



किया। इस दौरान संपूर्ण मार्ग में संचलन के दौरान नगर वासियों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वयं सेवकों पर फूलों की वर्षा करके उनका स्वागत किया। संचालन में स्वयंसेवकों द्वारा पूर्ण घोष एवं बाल स्वयंसेवकों ने सभी नगर वासियों की तरफ अपना ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग कार्यवाह अनिल सिंह, जिला प्रचारक अनुज जी पार्थ, नगर संघ चालक दुर्गेश, सत्येंद्र, विकास, रोहित एवं समस्त जिला और नगर के अधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# नवीन प्रवेश हेतु छः अप्रैल को होगी प्रवेश परीक्षा

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** जलालाबाद क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों की श्रृंखला में आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में लगातार रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि परीक्षा फल वितरित किया जा चुका है। १ अप्रैल २०२५ से विधिवत सुन्दर काण्ड व हवन पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ का शुभारंभ होगा। प्रवेश हेतु ५ अप्रैल तक कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। पंजीकृत छात्रों की प्रवेश परीक्षा छः अप्रैल को आयोजित की जाएगी। जिसमें पंजीकृत छात्रों को ही सम्मिलित किया जाएगा। तत्पश्चात मेरिट (वरीयता सूची) के आधार पर प्रवेश सम्भव हो सकेगा। सीटें पूर्ण होने पर कोई प्रतीक्षा सूची जारी नहीं की जाएगी।

# वित्तमंत्री ने ३४ करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में ३४ करोड़ २२ लाख ८० हजार रूपए के जीर्णोद्धार कार्यों का का शिलान्यास किया गया। इस धनराशि से स्पोर्ट्स स्टेडियम में ४ सौ मीटर रनिंग, सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट, सिंथेटिक कबड्डी कोर्ट, इंडौर हॉकी एस्ट्रो टर्फ पवेलियन, सीसीटीवी, मैदान के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था बाउंड्री वॉल, ट्यूबवेल, सेल्फी प्वाइंट एवं पार्किंग मुख्य द्वार आंतरिक एप्रोच रोड बहुउद्देशीय क्रीडा हाल प्रशासनिक भवन आदि का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा। मंत्री द्वारा स्टेडियम प्रांगण में सर्वप्रथम विधि विधान से पूजा अर्चना आदि कर व नारियल तोड़कर रिमोट के द्वारा शीला का शिलान्यास किया गया। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने खिलाड़ियों १०० स्पोर्ट्स किट एवं एक ओपन जिम अपनी निधि से लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी द्वारा किया गया। अंत में जिला क्रीडा अधिकारी एसपी बलिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय क्रीडाअधिकारी जितेंद्र यादव, विनय गुप्ता, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, सचिव, सचिव वालीबाल संघ सीपी यादव, बैडमिंटन से तुली साहब, पावरलिफ्टिंग से अजय पाल वर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन प्रेमी, कबड्डी संघ के संयुक्त सचिव अनिल कुमार, प्रधानाचार्य जीआईसी आशुतोष शुक्ला, योगाचार्य विकास गुप्ता, जनपद के वरिष्ठ जूनियर खिलाड़ी बजरंग प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल सहायक अभियंता जूनियर अभियंता, उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण विभाग यूपी सिडको, दोनों ही कार्य संस्था के ठेकेदार नितेश प्रताप सिंह जिला खेल कार्यालय का स्टाफ व समस्त सभी प्रशिक्षक स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी खेलों के खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

## ईओ की मुख्यमंत्री से शिकायत

**पुवायां।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का जन्मोत्सव मनाने के लिए नगर पालिका द्वारा गांधी पार्क न दिए जाने से नाराज पीड़ित ने मुख्यमंत्री और अधिकारियों को पत्र भेज कर ईओ के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव राजे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामसेवक शुक्ल के १२०वॉ जन्मोत्सव आयोजन गॉधी पार्क सभागार पुवायां में करने की स्वीकृति देने से ईओ ने मना कर दिया हैं।

# दस मजरों की सफाई के लिए तैनात सिर्फदो सफाईकर्मी

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जिले की ब्लॉक स्तरीय ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर के १० मजरों की लगभग २० हजार आबादी में नियमित सफाई करने के लिए दो सफाईकर्मी मात्र तैनात हैं। जिससे यहां की सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। नालियों में भरी गंदगी में मच्छरों के पनपने से ग्रामीण मच्छर जनित रोगों के शिकार हो रहे हैं। यहां यह बताना भी जरूरी है कि कलान तहसील की ब्लॉक स्तरीय सबसे बड़ी ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर में दस मजरे हैं। जिनमें प्राथमिक और जूनियर मिलाकर १५ सरकारी स्कूल हैं। सरकारी प्राथमिक और जूनियर स्कूलों के अलावा मिर्ज़ापुर कस्बे में ही दो दर्जन शासन से मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित हैं। मिर्ज़ापुर ग्राम पंचायत में मिर्ज़ापुर, कुतुलूपुर, ढका, बहेरिया, मिलकिया, भुजिया, पिंडरा, भट्ठा मड़ैया, कमरपुर, इस्माइलपुर आदि गांवों की आबादी किसी भी स्थिति में २० हजार से कम नहीं है। ऐसी स्थिति में दो सफाईकर्मियों के लिए १५ सरकारी स्कूलों में ही नियमित सफाई करना मुश्किल है। फिर दस मजरों में सफाई का हाल क्या होगा ? सहज अनुमान लगाया जा सकता है। यही नहीं ग्राम पंचायत में तैनात इन्हीं दो सफाईकर्मियों के ऊपर पंचायत प्रतिनिधियों के घरों और प्रतिष्ठानों के आसपास की सफाई करने की भी जिम्मेदारी है। जिससे ग्राम पंचायत के आम नागरिकों को सरकारी सफाई की सुविधा नसीब नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक,सांसद,ब्लॉक प्रमुख,जिला पंचायत सदस्यों से मांग की है कि आमजन को गर्मी के मौसम में मच्छर जनित गंदगी संक्रामक रोगों से बचाने के लिए कम से कम पांच सफाईकर्मी तैनात करवाकर संक्रामक रोगों से निजात दिलवाए। जिससे गंदगी से भरी नालियों में भनभनाते मच्छरों से आमजन का बचाव हो सके।

## युवक को घेरकर मारा पीटा

**कांट-( स्वतंत्र भारत )।** लिंटर डालने की मशीन का सामान वापस लेने गए व्यक्ति को गाली का विरोध करना महंगा पड़ गया। चार लोगों ने लात घूंसों से पीट दिया। प्राथमिकी पंजीकृत की गई।

क्षेत्र के अभायन गांव निवासी पवन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि २९ मार्च को सुबह ८.३० अपनी लिंटर डालने वाली मशीन का सामान गांव के विशाल से मांगा तो विशाल, धर्मवीर, धर्मसिंह व रेखा गालियां देकर लात घूसों व लाठी डन्डो से मारपीट करने लगे। बचाने माँ पुष्पा देवी आ गयी तो उन्हे भी मारने दौड पडे। मुझे जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौखुटिया विकास खण्ड जलालाबाद जिला षाहजहाँपुर**

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

५वां राज्य वित्त आयोग/१५वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु सूचित हो कि ग्राम पंचायत चौखुटिया में वर्ष २०२४-२५ की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक निविदा प्रकाशन के तीन दिवस के अन्दर समय दिन के २ बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं उसी दिन ३ बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण- ईंट खड़ंजा, रोड़ा, ईंट प्रथम श्रेणी, रेता महीन, मोरंग-बजरी, सरिया, सीमेन्ट, इण्टरलॉक ईंट, हयूम पाइप, मिट्टी कार्य, प्रसार बोर्ड, हेतु कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोगार्थ प्रत्येक वस्तु आदि।

क्रम सं. १- कार्य का नाम- जमादार के घर से ब्रजेश के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य

क्रम सं. २- कार्य का नाम- सोनू के घर से लल्ला के घर तक नाली निर्माण कार्य

क्रम सं. ३- कार्य का नाम- लल्ला के घर से सौदान के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य

क्रम सं. ४- कार्य का नाम- पंचायत भवन बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य

क्रम सं. ५- कार्य का नाम- सुरेश के घर से मेन रोड बादाम की दुकान तक नाली निर्माण कार्य

क्रम सं. ६- कार्य का नाम- सरदार के मकान से मेन खड़ण्जा तक खड़ण्जा निर्माण कार्य

क्रम सं. ७- कार्य का नाम- आंगनवाड़ी केन्द्र से भंवरपाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य

समस्त क्रय का भुगतान सामग्री आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं।

नोट-यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी।

रामसहेली प्रधान — रेनू यादव सचिव

# रेप का आरोपी २४ घंटे में गिरफ्तार

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** शुक्रवार को क्षेत्र की एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री के साथ घर के बारह सुभम उर्फ़ शिवम ने रेप किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद कोतवाल ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जिसके बाद अधिकारियों के निर्देश थे कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। विवेचना कर रहे कोतवाल हरपाल सिंह बालियान को शनिवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी खुटार रोड पर चीनी मिल के पास खड़ा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खुटार रोड पर करनापुर चीनी मिल के सामने से शुभम उर्फ़ शिवम निवासी थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत हाल निवासी गांव बिल्सा थाना पुवायां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस जेल भेजने की तैयारी में है।

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

पत्रांकः.५३१/पी०आर०ओ०/ज०क०वि०/न०नि०.शाह०/२०२४.२५ दिनांक ३०.०३.२५

**ई.निविदा सूचना**

नगर निगमए शाहजहाँपुर में १५वां वित्त आयोग अन्तर्गत प्राप्त टाइड ग्रांट की धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु समिति की बाइसरकुलेशन बैठक दिनांक २९.०३.२०२५ का कार्यवृत्त पत्रांक.५५६/एस०टी०.न०आ०/न०नि० शाह०/१५ FC/२०२५ दिनांक २९ मार्च, २०२५ के अन्तर्गत १० जलापूर्ति से सम्बन्धित कार्यों हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत/अपंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से दिनांक २५/०४/२५ की अपरान्ह ०३.०० बजे तक ई.निविदा आमंत्रित की जाती हैए जो तद् दिनांक २५.०४.२५ की अपरान्ह ०४. ०० बजे खोली जायेंगी। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही वेवसाइट wwwetender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्यो की निविदा शुल्क नगर निमग, शाहजहाँपुर के बैंक खाता सं०.५०२०००१७९२७४८५, IFSC कोड HDFC0000869 एच०डी०एफ०सी० बैंक, शाहजहाँपुर में तथा कार्य की ज़मानत धनराशि नगर निगम के बैंक खाता सं०.५०२६५२९३१८४ IFSC कोड IDIB000C632 इंडियन बैंकए गोविन्दगंज, शाहजहाँपुर में जमा कराने उपरान्त मूल प्रति ई.निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। ०१ अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**नगर आयुक्त**

# पुलिसकर्मियों को बलवाइयों, अराजकतत्वों से निपटने का कराया अभ्यास



**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** एसपी राजेश द्विवेदी ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को बलवाइयों, अराजकतत्वों से निपटने के लिए एंटी रायट ड्रिल व दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास कराया है। एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत रिज़र्व पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिसकर्मियों को बलवाइयों, अराजकतत्वों सें निपटने के लिए 'एंटी रायट ड्रिल' व दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात् समस्त पुलिस कर्मियों को अराजक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के लिए अश्रु गैस, स्टन ग्रेनेड, रबड बुलेट, मिर्ची बम, एण्टीराइट गन आदि चलवाकर बलवा ड्रिल का अभ्यास करवाया गया तथा दंगा नियंत्रण उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया। शस्त्र प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया तथा दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिक्स का क्रमवार अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया तदोपरान्त फोर्स को ब्रीफ करते हुए बताया कि ड्यूटी के दौरान सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। भीड़ के आकस्मिक एकत्रित होने अथवा किसी घटना विशेष के होने से उत्पन्न हुए रोष से लोगों के अवैधानिक रूप से एकत्रित होने तथा बलवा करने से उत्पन्न हुई स्थिति को नियन्त्रित करने तथा बलवाईयों को तितर-बितर करने के लिए एन्टी रायट ड्रिल का प्रयोग करें, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य बनी रहे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी के दौरान दंगा निरोधी उपकरणों से लैस होकर रहेगें ताकि यदि कोई असामाजिक तत्व सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास करता है तो पुलिस की तैयारी के मद्देनजर उसका प्रयास विफल हो और स्थिति सामान्य रहे। अभ्यास के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी नगर, सदर, जलालाबाद व क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक, थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# फर्जी पशु चिकित्सक कर रहा था वसूली, रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली( स्वतंत्र भारत )।** खुद को फर्जी पशु चिकित्सक बताकर क्षेत्रीय पशुपालकों से वसूली कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध पशु चिकित्साधिकारी ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। स्थानीय पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजबहादुर भार्गव ने प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह को दी गयी तहरीर में बताया कि सिंधौली कस्बे के पूरब दिशा में स्थित एक गाँव का निवासी व्यक्ति स्वयं को सरकारी पशु चिकित्सक बताकर पूरे क्षेत्र में फर्जी तरीके से पशुओं का उपचार कर रहा है। इतना ही नहीं उपरोक्त फर्जी डॉक्टर ने अपने ही गाँव में चिकित्सा क्लीनिक भी खोल रखा है। जहाँ बैठकर वह बीते लम्बे समय से क्षेत्रीय पशुपालकों को सरकारी लाभ दिलाने का लालच देकर उनसे अवैध वसूली भी कर रहा है। पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण और अपेक्षित उपचार कर रहे फर्जी चिकित्सक की वजह से पशुओं को जान का खतरा बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## मानवाधिकार परिवार ने कराया मंदिर का सौंदर्यीकरण

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। भारतीय मानवाधिकार परिवार द्वारा हुंडाल खेल पीपल वाली गली स्थित काली माता मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य नवरात्रि के प्रथम दिवस रविवार को संपन्न कराकर परिवारजन एवं श्रद्धालुओं के साथ नवरात्रि के प्रथम दिन पूजा अर्चना की गई। सर्वेश कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष, गौरव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, आशा गुप्ता, सत्य प्रकाश तिवारी, आरपी वर्मा, राजेश कुमार मिश्रा, प्रदीप कुमार गुप्ता, राजेश चंद्र शुक्ला, कैलाश चंद्र मिश्रा, आदर्श मिश्रा, देवेश कुमार त्रिपाठी, अरुण कुमार गुप्ता, अवनीश मौर्य, विशाल, सुंदर आदि ने पूजन कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## लापता किशोर को छह दिन बाद भी नही ढूंढ पाई पुलिस

**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** पूर्णागिरि कह कर गए किशोर का ६ दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने बताया उत्तराखंड में लोकेशन मिली है। बरामदगी के प्रयास किये जा रहा हैं। क्षेत्र के उमरहा गांव निवासी रामकुमार ने बताया कि उनका १८ वर्षीय बेटा अनुज २५ मार्च को शाहजहांपुर के खाटू श्याम मंदिर गया था। उसने ४ बजे मोबाइल फोन से अपनी माता मनोरमा से बात कर बताया की कॉंट के अपने दोस्त के साथ वह पूर्णागिरि जा रहा है। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया, कोई लोकेशन नहीं मिल सकी। तलाश करने के बाद २७ मार्च को थाने पर गुमशुदगी की सूचना दी। लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका है। अनुज जीआईसी कॉंट में कक्षा १२ का छात्र है। जिसने अभी हाल में परीक्षा दी हैं। अनुज अपने भाइयों शालू से बड़ा एवं दिलीप से छोटा हैं। उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राणा ने बताया की गुमशुदा अनुज की लोकेशन उत्तराखंड में मिली हैं। अति शीघ्र बरामद करने का प्रयास कर हैं।



**कार्यालय नगर पंचायत कॉंट, जनपद शाहजहाँपुर**

पत्रांकः ८७७/ न०पं० कॉट/२०२४-२५ दिनांकः २९ मार्च, २०२५

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कांट, शाहजहाँपुर द्वारा वित्तीय वर्ष २०२५-२०२६ हेतु विभिन्न ठेकों की नीलामी दिनांक ०७-०४-२०२५ को प्रातः ०२.०० बजे नगर पंचायत परिसर में खुली बोली के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय से उपस्थित होकर अग्रिम जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त बोली में भाग ले सकते हैं। रु० ५०,००० से अधिक के ठेकों के लिए जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर द्वारा प्रदत्त हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। ठेका स्वीकृत उपरान्त ठेकेदार को तत्काल निर्धारित दर पर देय स्टाम्प पर उप निबन्धक कार्यालय सदर में अपने व्यय पर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी की शर्तें/ शरायतें नगर पंचायत कार्यालय के कार्य दिवस में निःशुल्क देखी व पढ़ी जा सकती है। ठेकों का विवरण निम्नवत है-

| क्र० सं० | ठेके का विवरण | अग्रिम जमानत राशि |
| --- | --- | --- |
| १ | ठेका पार्किंग शुल्क | २,०००००.०० |
| २ | नास्तारा तालाब मछली पालन हेतु ( अभायन रोड पर ) | ५,००००.०० |
| ३ | मरघट के तालाब मछली पालन हेतु ( रामलीला मैदान के निकट ) | ५,००००.०० |
| ४ | हड्डी चरसा ( मुर्दा मवेशी ) | २,०००.०० |

**अधिशासी अधिकारी — अध्यक्ष**

**नगर पंचायत कांट, शाहजहाँपुर**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी निगोही, शाहजहाँपुर**

पत्रांक सी-१२०२/ क्षे०पं०/ नि०का०/नि०प्रकाशन /२०२४-२५ दिनांकः-२९.०३.२०२५

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड निगोही जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष २०२४-२५ हेतु क्षेत्र पंचायत के द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार केन्द्रीय वित्त आयोग अनटाईड फण्ड के अन्तर्गत दिनांक २९.०३.२०२५ से १९.०४.२०२५ निम्न विवरण के अनुसार निमार्ण कार्य कराने हेतु जेम पोर्टल पर रजिस्टर्ड ठेकेदारो को निविदाये आमत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक ०१.०४.२०२५ से दिनांक १९.०४.२०२५ तक प्रातः ११.०० बजे तक किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से क्रय एवं निविदा पेटी मे जमा किये जायेंगे। निविदा पेटी दिनांक १९.०४.२०२५ को अपरान्ह १२.०० बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी एवं उपस्थित ठेकेदारों के सामने कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | जमानत धनराषि स्वीकृत निविदा पर शेष ८ प्रतिषत एफ०डी०आर जमा करनी होगी। |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| १ | न्याय पंचायत अण्डखेड़ा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| २ | न्याय पंचायत अज़ीजपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ३ | न्याय पंचायत अज़मतपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ४ | न्याय पंचायत निगोही की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ५ | न्याय पंचायत कजरीनूरपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ६ | न्याय पंचायत सतनुआ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ७ | न्याय पंचायत सण्डा खास की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |
| ८ | न्याय पंचायत जिन्दपुरा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में एल०ई०डी० स्ट्रीट लाइटो का अधिष्ठापन कार्य। | ४.५७ | ९१४० | ७०० | ३६५६०.०० |

नियम व शर्तें

१. प्रत्येक निविदा के साथ २ प्रतिशत धरोहर राशि की बैंक ड्राफ्ट/एन०एस०सी०/ एफ०डी०आर० खण्ड विकास अधिकारी निगोही शाहजहांपुर के पक्ष में बन्धक करवाकर निविदा के साथ सलंग्न किया जाना एंव निविदा खोले जाने के पूर्व मूल प्रति कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

२ जमानत की धनराशि निविदा की १० प्रतिशत होगी जो निविदा स्वीकृत के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को अवशेष ८ प्रतिशत जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट / एन०एस०सी०/एफ०डी०आर० खण्ड विकास अधिकारी निगोही शाहजहांपुर के पक्ष में अनिवार्य रूप से बन्धक करवाकर कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। जिससे कार्य पूर्ण होने के ०६ माह बाद वापस कर दिया जायेगा।

३ . पंजीकृत ठेकेदारों की ही निविदा मान्य होगी।

४. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी व मा० अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत को होगा।

५. सशर्त निविदा/ओवर राईटिंग कटिंग निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

६. एकल निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

७. ठेकेदार को आयकर जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन, हैसियत प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग का प्रमाण पत्र, कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र इसके अतिरिक्त कार्य प्रारम्भसे पूर्व व पूर्ति के पश्चात स्थल चित्र दिया जाना होगा।

८. कार्य गुणवत्ता के साथ ३ माह में पूर्ण कराया जाना होगा तथा गुणवत्ता के सत्यापन के उपरान्त कार्य संतोषनजनक पाये जाने पर तथा धन की उपलब्धता के आधार पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

९. निविदा के साथ रू० १०० के स्टाम्प पेपर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना होगा।

१०. निविदादाता को प्रति कार्य के साथ रू० १०/- का स्टाम्प पेपर निष्पादित करना होगा।

११. समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आदेश/शर्त ठेकदारों को मान्य होगे।

१२. ब्लेक लिस्टेड तथा अन्य कारणो से बहिस्कृत ठेकेदारों की निविदा मान्य नहीं होगी।

१३. निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने पर निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

१४. प्रत्येक कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की राजकीय प्रमाणित प्रयोगशाला प्रमाण पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

१५. कार्य का भुगतान जेम पोर्टल द्वारा क्रय की गई सामग्री के बिल प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा।

१६. कार्य का निमार्णशासनादेष संख्या १०६६/३३-३-२०२१-३८/२०२१ दिनांक ०२.०७.२०२१ के अनुरूप ही स्थापित की जायेंगी। लगाई जानी वाली लाइट का स्पेसिफिकेशन निम्नवत होगा-

1. Type-LEDLuminaries complete with all accssories including driver, internal wiring with LSHF wries, ets; for Street lighting. 2.Rated voltage-230v. 3.Operating Voltage Range-140-270-volt AC but luminaries shall be tested for 100v to 300v AC. 4. Driver Efficiency-z85%. 5. Operating Temperature Range Any Value. 6. LED Efficacy- z130Lm/Watt. 7. Colour Temperature-z6000K. 8. LED Wattage- 25W, 30W, 36W. 9 Control Gear- One or More 10. IP Protection IP 65 for more. 11. Approved Make Companies- BAJAJ, Syska, Crompton, Orient, Philips, Havells, wipro.

**खण्ड विकास अधिकारी निगोही, शाहजहाँपुर**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दानव बनता घुन

यह चिंता की बात है कि देश में स्वच्छ, पारदर्शी व ईमानदार कार्य प्रणाली के दावों के बाद भी नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार का साम्राज्य पनपता जा रहा है। ऐसा तब है जब केंद्र से लेकर राज्यों तक की सरकारें न सिर्फ इसके खिलाफ सख्त नियम-कानून बना रखे हैं बल्कि इसे रोकने के लिए तमाम एजेंसियां भी काम कर रही हैं। अभी तक घोटालों और रिश्वतखोरी के बड़े-बड़े मामलों में प्रमुख रूप से राजनेताओं के नाम ही आते थे लेकिन अब अधिकारी भी खुलकर ऐसे खेल खेलने लगे हैं। ऐसे ही एक मामले में देश की सबसे सख्त व ईमानदार सेवा सेना के नाम पर उसी के दो इंजीनियरों ने दाग लगा दिया जिन्हें पिछले दिनों सीबीआई ने लखनऊ में घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा। कुछ दिनों पहले इसी एजेंसी ने पटना में एनएचएआई के एक जीएम को भी ऐसे ही एक मामले में गिरफ्तार किया था। आजकल एक उच्च न्यायालय के जज के जज के घर से जले हुए करोड़ों रुपए मिलने का मामला काफी चर्चा में है। यूपी के एक आईएएस अफसर पर करोड़ों की रिश्वत लेने का मामला हाल में उजागर हुआ जिनकी गिरफ्तारी की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। ऐसे मामले कई हैं किंतु उनकी फेहरिस्त गिनाने का यहां मतलब नहीं है। तथ्य यह है कि इस तरह के मामले अब लगातार बढ़ते जा रहे हैं उच्चपदस्थ अधिकारी जिन पर आमतौर पर जनता और शासन दोनों को बेहद भरोसा भी होता है, उनके ऊपर केवल संदेह ही नहीं होता बल्कि वे सबूतों के साथ बेपर्दा भी हो रहे हैं। तब यह समझने में कोई दिक्कत नहीं होगी कि उनकी जिम्मेदारी पर किया जाने वाला काम कितना विश्वसनीय होगा और उनकी क्या गुणवत्ता होगी। चूंकि सरकारी कामों में सरकारी धन का उपयोग होता है तो उन कामों की कोई केवल नाममात्र की ही औपचारिक कार्रवाई होती है। भ्रष्टाचार के मामले को अंजाम तक पहुंचाने का काम कम ही दिखाई देता है। तो क्या सरकार द्वारा कराए जाने वालों की नींव ऐसी ही खोखली रहेगी। इस बारे में खुद सरकार को ही मनन करना होगा कि भ्रष्टाचार के लगातार बढ़ते घुन का ऐसा कौन सा इलाज किया जाए जिससे सार्वजनिक विश्वास को धक्का न लगने पाए।

## कोचिंग उद्योग

अच्छी नौकरियां दिलाने में मददगार प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कोचिंग लेना आज सबसे आसान रास्ता है। नतीजा ये है कि कुछ वर्षों पहले तक गिनी-चुनी संख्या में चलने वाले इसके संस्थान अब एक लाभकारी उद्योग का रूप ले चुके हैं। निजी स्कूलों की तरह शिक्षा के नाम पर चलने विशाल व्यावसायिक क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य अधिकाधिक पैसा कमाना ही है। इसीलिए 2023 तक भारत में यह उद्योग 58000 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका था जिसमें आठ से दस प्रतिशत तक सालाना बढ़ोतरी भी दर्ज की जाती रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तो कोचिंग का एक जाना माना हब बन चुकी है जहां करियर बनाने का सपना लेकर देशभर से बच्चे पढ़ने आते हैं। लेकिन केवल 'रटन्त विद्या' पर आधारित हमारी शिक्षा पद्धति की तरह ये संस्थान भी मात्र परीक्षा-केंद्रित अध्ययन तक ही पढ़ाई को सीमित रखते हैं। इसमें विषय की गहराई से समझ और रचनात्मकता पूरी तरह उपेक्षित होती है जिससे बच्चों में किसी नई समस्या का समाधान खोजने की क्षमता नहीं विकसित नहीं होने पाती। यानी पढ़ाई एक यांत्रिक क्रिया बनकर रह गई है। ऐसे में सोचने की बात है कि जब देश में उद्यमिता, स्टार्टअप, वैज्ञानिक शोध-नवाचार जैसे पक्षों पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित किया जा रहा है तब युवाओं में अनुसंधान की मौलिकता उभारने की जगह उसको उपेक्षित किया जाना कितना तर्कसंगत होगा। यह तो देश की प्रगति को अवरुद्ध करने जैसा ही है। ये संस्थान शिक्षा में असमानता को भी बढ़ा रहे हैं क्योंकि इनकी महंगी फीस के कारण संपन्न वर्ग के बच्चे ही इनमें पढ़ सकते हैं जबकि आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित घरों के बच्चे इन अवसरों के वंचित रह जाते हैं। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए कोचिंग संस्थानों को भी एक व्यापक नियमन के दायरे में लाना जरूरी है।



## काँव-काँव



◆◆◆

**ग्रामीण विकास पर सिर्फ एक तिहाई बजट खर्च**
राजनीति के लिये किसानों की बदहाली जरूरी!

**यूपी में रामनवमी पर होगा सरकारी अखंड पाठ**
रामनवमी के बाद एक बोतल पर दूसरी मुफ्त!

**एटीएस सुरक्षा घेरे में नजर आयेंगी विंध्यवासिनी**
देवीभक्तों को अब सुरक्षाबलों का ही भरोसा है!

**हथियार कभी बदलाव नहीं ला सकते - गृहमंत्री**
लेकिन ये बात सरकारों को कौन समझाये?

**सरकारी कुप्रबंधन से सरकारी बैंक बर्बाद - राहुल**
सभी घोटालों की शुरुआत कांग्रेसी सरकारों में हुई!

**म्यांमार में लगातार लग रहे हैं भूकंप के झटके**
लखनऊ में बहुमंजिली इमारतों की कतार है!

◆◆◆

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं?



**-तनवीर जाफ़री**


भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरुआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। ख़बरों के मुताबिक़ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनज़र ईद पर सौगात-ए-मोदी पर चर्चा होना लाज़िमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है।

पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नज़रों में क्या यह तुष्टिकरण नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फ़ायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे सन्तुष्टीकरण का नाम दे दे? दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नज़र आया। फिर अब आख़िर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी ज़रुरत क्यों महसूस हुई ? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफ़ा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की ख़ातिर मुफ़्त की रेवड़ियां बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या मुफ़्त की रेवड़ी नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हक़दार नहीं ? प्रधानमंत्री को फ़रवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फ़तेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित प्रवचन को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि- धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक़ का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।अगर रमज़ान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में क़ब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है ? आज यह सवाल ज़रूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं ? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफ़ा क्यों नहीं ? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं ? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है ?

दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीक़ा अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात लाभार्थी श्रेणी के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोज़गार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फ़ायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोज़गार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है। परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज़ पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज़ पढ़ने पर रोक लगने की ख़बर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गज़ेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आख़िर ईद की गज़ेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की ख़बरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफ़रत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की ख़बरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोज़र चलाये जा रहे हैं। दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन विधेयक पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर यह मोदी ने ही तो कहा था कि जो आग लगा रहे हैं, टीवी पर जो उनके दृश्य आ रहे हैं, ये आग लगाने वाले कौन हैं, उनके कपड़ों से ही पता चल जाता है। और आज उन्हीं को सौगात पेश की जा रही है ? यदि भाजपा या मोदी वास्तव में मुसलमानों को सौगात देना चाहते हैं तो उन्हें व उनकी पार्टी व सरकार को भारतीय मुसलमानों से नफ़रत करने वाले लोगों की बयानबाज़ियों पर लगाम लगनी चाहिये। जब संसद में उनके सांसद खुले आम मुसलमानों को गालियां देने लगें तो समझा जा सकता है कि इस विरोध की जड़ें कितनी गहरी हैं। पक्षपात हर स्तर पर बंद होना चाहिये। इसी लिये यदि ईद पर सौगात दे रहे हैं तो दीपावली-होली,गुरुपर्व पर भी उपहार दिया जाना चाहिये।




## प्रेमचंद की कहानियां



### पूस की रात

फिर भी ठंड कम न हुई। ऐसा जान पड़ता था, सारा रका जम गया है, धमनियों में रक्त की जगह हिम बह रहा है। उसने झुककर आकाश की ओर देखा, अभी कितनी रात बाकी है। सप्तर्षि अभी आकाश में आधे भी नहीं चढ़े। ऊपर आ जायेंगे तब कहीं सवेरा होगा। अभी पहर भर से ऊपर रात है। हल्कू के खेत से कोई एक गोली के टप्पे पर आमों का बाग था। पतझड़ शुरू हो गई थी। बाग में पत्तियों का ढेर लगा हुआ था। हल्कू ने सोचा, चलकर पत्तियां बटोरूं और उन्हें जलाकर खूब तापूं। रात को कोई मुझे पत्तियां बटोरते देखे तो समझे कोई भूत है। कौन जाने कोई जानवर ही छिपा बैठा हो; मगर अब तो बैठे नहीं रहा जाता उसने पास के अरहर के खेत में जाकर कई पौध उखाड़ लिए और उनका एक झाड़ बनाकर हाथ में सुलगता हुआ उपला लिए बगीचे की तरफ चला। जबरा ने उसे आते देखा तो पास आया और दुम हिलाने लगा।

हल्कू ने कहा-अब तो नहीं रहा जाता जबरू! चलो, बगीचे में पत्तियांबटोरकर तापें! टांटे हो जायेंगे, तो फिर आकर सोयेंगे। अभी तो रात बहुत है। जबरा ने कूं-कूं करके सहमति प्रकट की और आगे-आगे बगीचे की ओर चला।

बगीचे में खूब अंधेरा छाया हुआ था और अन्धकार में निर्दय पवन पत्तियों को कुचलता हुआ चला जाता था। वृक्षों से ओस की बूंदें टप-टप नीचे टपक रही थीं। एकाएक एक झोंका मेहंदी के फूलों की खुशबू लिए हुए आया। हल्कू ने कहा-कैसी अच्छी महक आई जबरू ! तुम्हारी नाक में भी सुगन्ध आ रही है ?

जबरा को कहीं जमीन पर एक हड्डी पड़ी मिल गई थी। उसे चिचोड़ रहा था।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

# भूकंप के लिए अनियोजित मानवीय गतिविधियां भी हैं जिम्मेदार!



**-सुनील कुमार महला**

28 मार्च का दिन म्यांमार और थाइलैंड के लिए एक बहुत ही बुरा दिन था। इस दिन यहां आए जोरदार व शक्तिशाली भूकंप ने दोनों देशों को बुरी तरह से हिलाकर रख दिया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 7.7 की तीव्रता वाले इस भूकंप ने म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र से लेकर थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक तक भारी तबाही मचाई। इसके बाद आए 7.0 तीव्रता के एक और झटके ने स्थिति को और भी अधिक भयावह बना दिया। गौरतलब है कि भूकंप के झटके म्यांमार के अलावा थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत, वियतनाम और चीन तक महसूस किए गए। पाठकों को बताता चलूं कि यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है, जिससे कई इलाकों में दहशत, डर और खौफ का माहौल बन गया और इसका केंद्र राजधानी नेपीडॉ के पास बताया जा रहा है। वहीं शुक्रवार को आए भूकंप से मरने वालों की संख्या शनिवार को 1644 हो गई है। वहीं यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने आशंका जताई है कि भूकंप में मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के बाद मानवीय सहायता के लिए 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 40 टन रिलीफ सामग्री लेकर म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से मांडले के लिए रवाना हो चुकी है। भारत की 80 सदस्यीय एनडीआरएफ रेस्क्यू टीम के साथ सी130 विमान म्यांमार की राजधानी नेपीदा पहुंच चुका है। भारत ने इस मुश्किल घड़ी में म्यांमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। भूकंप से हजारों लोग घायल बताए जा रहे हैं, वहीं अनेक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। अभी संख्या में इजाफा हो सकता है, क्यों कि मलबे के नीचे और अधिक लोग दबे हो सकते हैं। उधर, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एक 30 मंजिला इमारत गिर जाने से 10 लोगों की मौत हुई है। बैंकॉक शहर के अधिकारियों के अनुसार उन्हें अब तक 2,000 से ज्यादा इमारतों के नुकसान की रिपोर्ट मिली है। जियोलॉजिस्ट्स (भूगर्भवेत्ताओं) के मुताबिक यह देश में 200 साल में आया सबसे बड़ा भूकंप है। भूकंप के झटके इतने शक्तिशाली थे कि केंद्र से सैंकड़ों किमी दूर बैंकॉक के कई इमारतें नष्ट हो गईं। यहां तक कि भारत के मणिपुर तक भूकंप का असर हुआ है। जानकारी के अनुसार यहां के नोनी जिले में शनिवार को दोपहर 2ः31 बजे 3.8 तीव्रता का भूकंप जमीन में 10 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, भूकंप में किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।हालांकि, म्यांमार में राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी हैं, लेकिन हर तरफ मलबे के ढेर, टूटी सड़कें, और ढहती इमारतों का भयानक मंजर फैला हुआ है। अस्पतालों में खून की भारी किल्लत की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे जिंदगी बचाने की जंग और मुश्किल हो गई है। भूकंप के कारण मरीजों को सड़कों पर लाकर इलाज करना पड़ा, यह दर्शाता है कि भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा का मानव के पास कोई तोड़ नहीं है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि म्यांमार भूकंप के लिहाज से सबसे अधिक सक्रिय क्षेत्रों में से एक है। वास्तव में,ग्लोबल सीस्मिक रिस्क मैप पर म्यांमार रेड जोन में है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार म्यांमार में धरती की सतह के नीचे की चट्टानों में एक बहुत बड़ी दरार मौजूद है, जो देश के कई हिस्सों से होकर गुजरती है। यह दरार म्यांमार के सैगोंग शहर के पास से गुजरती है इसलिए इसका नाम सैगोंग फॉल्ट पड़ा। यह म्यांमार में उत्तर से दक्षिण की तरफ 1200 किमी तक फैली हुई है। इसे स्ट्राइक-स्लिप फॉल्ट कहते हैं। इसका मतलब है कि इसके दोनों तरफ की चट्टानें एक-दूसरे के बगल से हॉरिजॉन्टल दिशा में खिसकती हैं।सैगोंग फॉल्ट में चट्टानों के खिसकने की अनुमानित रफ्तार 11 मिलीमीटर से 18 मिलीमीटर सालाना है।चट्टानों के लगातार खिसकने से ऊर्जा का दबाव बनता है और यह समय-समय पर भूकंप के रूप में ऊर्जा बाहर निकलती है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, जिसमें पृथ्वी के अंदर से ऊर्जा के निकलने के कारण तरंगें उत्पन्न होती हैं जो सभी दिशाओं में फैलकर पृथ्वी को कंपित करती हैं। भारत भी विश्व में भूकंप की दृष्टि से एक संवेदनशील क्षेत्र है। सच तो यह है कि भारत का लगभग 59त्न क्षेत्र विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिये प्रवण है।गौरतलब है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के महाद्वीपीय टकराव हिमालय में भूकंप के प्रमुख कारक हैं। जानकारी मिलती है कि भारतीय और यूरेशियन प्लेटें भी प्रतिवर्ष 40-50 मिलीमीटर की सापेक्ष दर से करीब आती जा रही हैं।यूरेशिया के नीचे भारत के उत्तर की ओर धकेलने/बढ़ने से कई भूकंप उत्पन्न होते हैं, फलस्वरूप यह इस क्षेत्र को पृथ्वी पर भूकंपीय रूप से सबसे अधिक खतरनाक क्षेत्रों में से एक बनाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि तकनीकी रूप से सक्रिय वलित हिमालय पर्वत की उपस्थिति के कारण भारत भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। पाठकों को बताता चलूं कि विश्व की सबसे बड़ी भूकंप पेटी, परि-प्रशांत भूकंपीय पेटी, प्रशांत महासागर के किनारे पाई जाती है, जहाँ हमारे ग्रह के सबसे बड़े भूकंपों के लगभग 81त्न आते हैं। इसे रिंग ऑफ फायर उपनाम से भी जाना जाता है। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि यह ठीक है भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन बावजूद इसके यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भूकंप आने के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां भी जिम्मेदार हैं। आज मानव अप्राकृतिक निर्माण कार्य कर रहा है, प्रकृति से निरंतर छेड़छाड़ की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। खनन, सुरंग निर्माण, बांध निर्माण, पेड़ों की कटाई की जा रही है। बढ़ती आबादी के बीच अनियोजित शहरीकरण, औधोगिकीकरण हो रहा है। प्रकृति का हम ख्याल नहीं रख पा रहे हैं। मनुष्य हर कहीं अपने लालच और स्वार्थ के चलते प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन कर रहा है। हाल ही में म्यांमार और थाइलैंड में आया भूकंप एक बार फिर यह बखूबी साबित करता है कि प्रकृति के सामने मनुष्य अत्यंत असहाय है। कहना चाहूंगा कि प्रकृति का विकराल रूप मानव समाज के सामने कई चुनौतियां खड़ी करता है। हम जानते हैं कि भूकंप का पूर्वानुमान कर पाना संभव नहीं है, भले ही आज हम एआइ के युग में ही प्रवेश क्यों न कर गये हों। म्यांमार के लिए यह बहुत बड़ी दुःख व संकट की घड़ी है। मानव ही मानव के काम आता है।इन भयावह और संकट भरे हालातों में पीड़ित लोगों के साथ सहानुभूति और मदद ही सबसे जरूरी है। वास्तव में, इंसानियत की भावना ही पीड़ितों के दुख को कम कर सकती है। भारत सरकार ने दुःख की इस असीम घड़ी में पड़ौसी म्यांमार की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, यह काबिले-तारीफ है।



## प्रेरक प्रसंग

## महानता के लक्षण

एक बालक नित्य विद्यालय पढ़ने जाता था। घर में उसकी माता थी। माँ अपने बेटे पर प्राण न्योछावर किए रहती थी, उसकी हर मांग पूरी करने में आनंद का अनुभव करती। पुत्र भी पढ़ने-लिखने में बड़ा तेज़ और परिश्रमी था। खेल के समय खेलता, लेकिन पढ़ने के समय का ध्यान रखता।

एक दिन दरवाज़े पर किसी ने - माई! ओ माई! पुकारते हुए आवाज़ लगाई तो बालक हाथ में पुस्तक पकड़े हुए द्वार पर गया, देखा कि एक फटेहाल बुढ़िया कांपते हाथ फैलाए खड़ी थी।

उसने कहा, बेटा! कुछ भीख दे दे।

बुढ़िया के मुंह से बेटा सुनकर वह भावुक हो गया और माँ से आकर कहने लगा, माँ! एक बेचारी गरीब माँ मुझे बेटा कहकर कुछ माँग रही है।

उस समय घर में कुछ खाने की चीज़ थी नहीं, इसलिए माँ ने कहा, बेटा! रोटी-भात तो कुछ बचा नहीं है, चाहे तो चावल दे दो।

पर बालक ने हठ करते हुए कहा - माँ! चावल से क्या होगा? तुम जो अपने हाथ में सोने का कंगन पहने हो, वही दे दो न उस बेचारी को। मैं जब बड़ा होकर कमाऊंगा तो तुम्हें दो कंगन बनवा दूंगा।

माँ ने बालक का मन रखने के लिए सच में ही सोने का अपना वह कंगन कलाई से उतारा और कहा, लो, दे दो।

बालक खुशी-खुशी वह कंगन उस भिखारिन को दे आया। भिखारिन को तो मानो एक ख़ज़ाना ही मिल गया। कंगन बेचकर उसने परिवार के बच्चों के लिए अनाज, कपड़े आदि जुटा लिए। उसका पति अंधा था। उधर वह बालक पढ़-लिखकर बड़ा विद्वान हुआ, काफ़ी नाम कमाया।

एक दिन वह माँ से बोला, माँ! तुम अपने हाथ का नाप दे दो, मैं कंगन बनवा दूं। उसे बचपन का अपना वचन याद था।

पर माता ने कहा, उसकी चिंता छोड़। मैं इतनी बूढ़ी हो गई हूँ कि अब मुझे कंगन शोभा नहीं देंगे। हां, कलकत्ते के तमाम ग़रीब बालक विद्यालय और चिकित्सा के लिए मारे-मारे फिरते हैं, उनके लिए तू एक विद्यालय और एक चिकित्सालय खुलवा दे जहां निशुल्क पढ़ाई और चिकित्सा की व्यवस्था हो। माँ के उस पुत्र का नाम था ईश्वरचंद्र विद्यासागर।

## आपका पत्र मिला

## आतंकवाद से निपटने के लिए कठोर कदम जरूरी

आतंकवाद का मुद्दा एक जटिल और गंभीर समस्या है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए एक बड़ा खतरा है। हाल ही में कश्मीर के कठुआ में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों को मार गिराने की घटना इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने की अपनी नीति पर कायम है। पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद, वह आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर संसाधनों का उपयोग कर रहा है। यह एक खतरनाक रणनीति है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान द्वारा सीमा पार प्रायोजित ढंग से आतंकवाद को बढ़ावा देना जम्मू-कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा है। भारत सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए आधुनिक हथियारों और तकनीक का उपयोग करके सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना होगा। इसके अलावा, आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत खुफिया तंत्र की आवश्यकता है, जो आतंकवादी गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें रोकने में सक्षम हो। भारत सरकार को आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत कानूनी ढांचे की आवश्यकता है। इसके लिए आतंकवाद विरोधी कानूनों को मजबूत करना होगा और आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत न्यायिक प्रणाली की स्थापना करनी होगी। हमें आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत और एकजुट मोर्चा प्रस्तुत करना होगा। पाकिस्तान को एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देना होगा कि आतंकवाद को बढ़ावा देने की उनकी नीति को हम कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे।

**सुभाष बुड़ावन वाला**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# डायबिटीज या हार्ट के हैं मरीज तो व्रत के दौरान रखें ये सावधानियां





चैत्र नवरात्रि रविवार (30 मार्च) से शुरू हो गई है। यह हिंदी कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष का शुभारंभ भी है। मां शक्ति को नौ रूपों की आराधना और भक्ति के लिए लोग देशभर में नवरात्रि का व्रत करते हैं। नवरात्रि के उपवास का आध्यात्मिक महत्व तो होता ही है साथ ही व्रत करने को सेहत के लिए भी बहुत लाभप्रद माना जाता है। नवरात्रि आध्यात्मिक चिंतन और भक्ति का समय है। अगर आप भी नवरात्रि का व्रत कर रहे हैं तो व्रत के साथ अपनी सेहत का भी जरूर ध्यान रखें। मेडिकल साइंस मानता है कि व्रत करना शरीर को डिटॉक्स करने और मन को शांत-एकाग्र करने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। हालांकि व्रत के दौरान सेहत को लेकर बरती गई असावधानियां आपके लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

**नवरात्रि व्रत के दौरान रखें सेहत का ध्यान**

नवरात्रि व्रत के दौरान डायबिटीज और हृदय रोगियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। अगर आप इस तरह की समस्याओं से परेशान हैं तो बिना डॉक्टरी सलाह के ज्यादा देर खाली पेट रहना स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। डायबिटीज के मरीजों को उपवास के दौरान शुगर लेवल को नियंत्रित रखना सबसे महत्वपूर्ण होता है। ज्यादा देर तक कुछ न खाने से हाइपोग्लाइसीमिया (ब्लड शुगर कम होना) या हाइपरग्लाइसीमिया (ब्लड शुगर अधिक होना) का खतरा हो सकता है। इसलिए अगर आपको हाई डायबिटीज रहती है तो बिना डॉक्टरी सलाह के व्रत नहीं करना चाहिए।

**डायबिटीज रोगी व्रत के दौरान क्या सावधानी बरतें**

अगर आपको डायबिटीज है, फिर भी व्रत कर रहे हैं तो ब्लड शुगर की नियमित जांच करें, जिससे पता चल सके कि शुगर बढ़ या कम तो नहीं रहा है? उपवास के दौरान संतुलित आहार लें। साबूदाना, आलू जैसे हाई कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन से बचें क्योंकि ये रक्त शर्करा को तेजी से बढ़ा सकते हैं। साबुत अनाज (राजगिरा, सिंघाड़े का आटा) और फाइबर युक्त फल-सब्जियां जैसे सेब, नाशपाती, पपीता खा सकते हैं। व्रत के दौरान हाइड्रेशन का ध्यान रखना जरूरी है। शरीर में पानी की कमी होने से डायबिटीज की जटिलताएं काफी बढ़ सकती हैं।



**हृदय रोगी भी बरतें सावधानियां**

डायबिटीज की तरह हृदय रोगों के शिकार लोगों को भी उपवास के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। गलत खानपान या ज्यादा देर तक कुछ न खाने से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल बढ़ सकता है। फलाहार के दौरान लो-फैट और लो-सोडियम वाली चीजें खाइए। तले-भुने खाद्य पदार्थ से बचें क्योंकि ये कोलेस्ट्रॉल बढ़ा सकते हैं। घी और मक्खन वाली चीजें खाने से बचिए इससे भी कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हो सकता है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, मधुमेह रोगियों को ज्यादा देर खाली पेट नहीं रहना चाहिए। अगर आप व्रत कर रहे हैं तो पहले डॉक्टर से परामर्श ले लें।

यूरोपियन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन के अनुसार, हार्ट के मरीजों को उपवास के दौरान लो-सोडियम और हाई-फाइबर डाइट अपनानी चाहिए ताकि कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहे।

इंडियन जर्नल ऑफ एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को इंटरमिटेंट फास्टिंग से पहले इंसुलिन और दवा के डोज को एडजस्ट करना चाहिए ताकि शुगर लेवल स्थिर रहे। इसके लिए डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

उपवास के दौरान हाई-फाइबर, लो-कार्ब, लो-फैट और हाई-प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करें।

नियमित रूप से ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निगरानी करें।

# रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए याद रखें ये 10 अहम बातें



रिश्ता बागीचे की तरह होता है, जिसे खिलने के लिए देखभाल, ध्यान और पोषण की जरूरत होती है। चाहे आप रोमांस के शुरुआती दौर में हों या दशकों से साथ रह रहे हों, कुछ बुनियादी नियम आपक रिश्ते को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। बिना ये समझे कि वह रिश्ते में क्या चाहते हैं या उनका साथी क्या उम्मीद कर रहा है, वह रिश्ते में जल्दबाजी करते हैं। अपने संबंध को घनिष्ठ बनाने के लिए नियमों को पालन जरूरी है। किसी भी रिश्ते में कुछ नियम ऐसे नुस्खे की तरह हैं जिनका पालन आपके बीच के संघर्ष को कम कर सकता है।

आमतौर पर कई रिश्ते शुरुआती उत्साह के बाद बदलाव का अनुभव करते हैं लेकिन अगर उनके रिश्ते में स्पष्टता और मजबूत प्रतिबद्धता हो तो वह गहरे और अधिक संतोषजनक संबंध को विकसित कर सकते हैं। यहां 10 नियम दिए गए हैं जिन्हें हर कपल को स्वस्थ, स्थायी रिश्ता बनाए रखने के लिए ध्यान में रखना चाहिए।

**मजबूत रिश्ते के लिए 10 नियम**

**1. ईमानदारी रखें**

अपने साथी से कुछ भी न छुपाएं, सच बोलें और पारदर्शी रहें। रिश्ते में इमानदारी और सच्चाई का होना बेहद अहम होता है। यह रिश्ते को लंबे समय तक मजबूत बनाने के लिए जरूरी है।

**2. सम्मान दें**- एक-दूसरे की भावनाओं, विचारों और फैसलों का आदर करें। अपने रिश्ते में आप दोनों समान स्थिति में हैं। पार्टनर से खुद को ऊपर न रखें कि आपको ज्यादा ज्ञान है, आप ज्यादा समझदार हैं या आप ज्यादा कमाते हैं।

**3. संवाद करें**- एक दूसरे से खुलकर बात करें, गलतफहमियों को बढ़ने न दें। जब हेल्दी संवाद की कमी होती है तो रिश्ते में गलतफहमियां और अविश्वास की भावना बढ़ती है। इसलिए खुलकर अपने दिल की बात शेयर करें।

**4. समय दें**- अपने रिश्ते को समय देना जरूरी है, साथ में क्वालिटी टाइम बिताएं।

**5. भरोसा जताएं**- रिश्ते की बुनियाद विश्वास पर टिकी होती है, इसे कभी न तोड़ें।

**6. माफी की भावना**- गलती होने पर अहंकार छोड़कर माफी मांगें और साथी को माफ करना सीखें।

**7. फैसलों में साथ दें**- अगर साथी कोई फैसला ले रहा है तो उसे फैसला लेने दें, उसका मनोबल गिराने के बजाय उनके फैसलों में उनका साथ दें।

**8. सपोर्ट करें**-मुश्किल समय में एक-दूसरे के साथ खड़े रहें और भावनात्मक सहारा दें।

**9. अंतर को समझें**-हर इंसान अलग होता है, मतभेद को सम्मानपूर्वक स्वीकार करें।

**10. तुलना से बचें**- अपने साथी की तुलना परिवार के किसी सदस्य या अपने दोस्तों व परिचितों से न करें। उनकी क्षमताओं का सम्मान करें।

# गर्मियों में बेहद फायदेमंद होता है बेल का शरबत



गर्मी का मौसम आते ही शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले पेय पदार्थों की तलाश शुरू हो जाती है। इस मौसम में बेल का शरबत एक लोकप्रिय और पारंपरिक विकल्प है, जो न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि सेहत के लिए भी कई तरह से फायदेमंद होता है। बेल अपने शीतल गुणों के कारण गर्मियों में विशेष रूप से पसंद किया जाता है। आज हम आपको गर्मी में बेल का शरबत पीने के फायदों के बारे में विस्तार से बताएंगे, साथ ही कुछ संभावित दुष्प्रभावों की भी जानकारी देंगे। बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मी के मौसम में इसका शरबत पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है। तपती धूप में बाहर निकलने से पहले बेल का शरबत पीने से शरीर का तापमान संतुलित रहता है और ताजगी महसूस होती है। बेल के शरबत पीने के कई फायदे होते हैं, मगर कुछ लोगों ये शरबत नुकसानदायक हो सकता है। आइए इस लेख में जानते हैं।

**पाचन क्रिया को सुधारे**

बेल में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में सहायक है। यह कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है और आंतों को स्वस्थ रखता है। गर्मी में अक्सर पाचन संबंधी समस्याएं हो जाती हैं, ऐसे में बेल का शरबत एक प्राकृतिक और प्रभावी उपाय हो सकता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए**

बेल में विटामिन सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। गर्मी के मौसम में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में बेल का शरबत पीने से आप कई बीमारियों से अपना बचाव कर सकते हैं।



**शरीर को हाइड्रेटेड रखे**

गर्मी में पसीने के कारण शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। बेल के शरबत में पानी की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है और डिहाइड्रेशन से बचाता है।

**इन लोगों को नहीं पीना चाहिए बेल का शरबत**- हालांकि बेल का शरबत आमतौर पर सुरक्षित माना जाता है, लेकिन कुछ लोगों में इसके अधिक सेवन से कुछ दुष्प्रभाव देखने को मिल सकते हैं।

बेल का शरबत अधिक मात्रा में पीने से पेट में भारीपन या हल्का दर्द महसूस हो सकता है, ऐसे लोगों को डॉक्टर से परामर्श लेनी चाहिए। जिन लोगों को बेल से एलर्जी है, उन्हें ये शरबत पीने से बचना चाहिए नहीं तो खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बेल का शरबत पीने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। पथरी, डायबिटीज, थायराइड से संबंधित मरीजों को बेल का शरबत पीने से बचना चाहिए।

# कंधे के दर्द के लिए बेहद कारगर होते हैं ये योगासन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कंधे का दर्द एक आम समस्या बन गई है। लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करना, गलत पोस्चर में बैठना या भारी सामान उठाना कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव और दर्द का कारण बन सकता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए लोग अक्सर पेनकिलर या अन्य तरह के उपचार का सहारा लेते हैं, लेकिन योग एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका है जिससे कंधे के दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है। योग न केवल शारीरिक रूप से आपको स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। कंधे के दर्द के लिए कुछ विशेष योगासन का रोज अभ्यास करने आपका ये दर्द ठीक हो सकता है। इनका नियमित अभ्यास करने से कंधे की मांसपेशियों में लचीलापन आता है, रक्त संचार बेहतर होता है और दर्द से राहत मिलती है। आज हम आपको कंधे के दर्द से छुटकारा पाने वाले ऐसे ही 4 योगासनों के बारे में बताने जा रहे हैं-



**गोमुखासन** - इस आसन को करने के लिए जमीन पर आराम से बैठ जाएं और पैरों को सामने की ओर फैला लें। फिर बाएं पैर को मोड़कर एड़ी को दाएं कूल्हे के पास रखें। इसके बाद दाएं पैर को मोड़कर बाएं पैर के ऊपर इस तरह रखें कि दोनों घुटने एक-दूसरे के ऊपर आ जाएं। अपनी पीठ को सीधा रखते हुए, दाहिने हाथ को ऊपर उठाएं और कोहनी से मोड़कर पीठ के पीछे ले जाएं। अब बाएं हाथ को नीचे से पीठ के पीछे ले जाएं और दोनों हाथों को आपस में पकड़ने की कोशिश करें।

**गरुड़ासन** - इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को संतुलित रखें। अपने दाहिने पैर को थोड़ा सा मोड़ें और बाएं पैर को दाहिने पैर के चारों ओर लपेटें, ध्यान रहे कि बाएं पैर का पंजा दाहिने पिंडली के पीछे टिका होना चाहिए। अब अपने हाथों को सामने की ओर फैलाएं और अपनी दाहिनी भुजा को बाईं भुजा के ऊपर से लपेटें। अपनी कोहनियों को मोड़ें और हथेलियों को आपस में मिलाएं। अपनी दृष्टि को एक बिंदु पर केंद्रित करें और इस स्थिति में 30 से 60 सेकंड तक रहें। फिर धीरे-धीरे हाथों और पैरों को खोलकर सामान्य स्थिति में आ जाएं। इसी प्रक्रिया को दूसरी तरफ से भी दोहराएं।

**उत्तानासन**- इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने पैरों को कूल्हे-चौड़ाई जितना खोल लें। सांस लेते हुए अपने हाथों को ऊपर की ओर उठाएं, और फिर सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे आगे की ओर झुकें, अपनी पीठ को सीधा रखने की कोशिश करें। अपने हाथों को जमीन पर या अपने पैरों के पास रखें, यदि आप जमीन तक नहीं पहुंच पाते हैं, तो आप अपनी पिंडलियों को पकड़ सकते हैं। अपने सिर को नीचे की ओर लटकाएं और अपने कंधों को आराम दें। इस स्थिति में 30 से 60 सेकंड तक रहें, फिर सांस लेते हुए धीरे-धीरे ऊपर उठें और सामान्य स्थिति में आ जाएं।

# किताबें पढ़ने से आपके मस्तिष्क में क्या परिवर्तन होता है


हमारे मस्तिष्क की संरचना, रसायन विज्ञान या भौतिकी के बारे में कोई भी जानकारी पढ़ने से अछूती नहीं रहती। स्पेन के न्यूरोलॉजिस्ट फ्रांसिस्को मोरा के अनुसार, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप जो किताब या जो कुछ भी पढ़ रहे हैं, उसने आपकी रुचि जगाई है या नहीं, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने आपकी भावनाओं को कितना प्रभावित किया है। आठ साल पहले प्रकाशित अपनी पुस्तक न्यूरोएजुकेशन में मोरा कहते हैं, आप केवल वही सीख सकते हैं जो आपको पसंद है। यह पुस्तक इस बात पर आधारित है कि मस्तिष्क विज्ञान किस प्रकार लोगों के सीखने और सिखाने के तरीके को बेहतर बना सकता है। पिछले वर्ष, विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (मोरा) ने अपनी पिछली सफल पुस्तक के मुख्य विषय पर विस्तार करते हुए, न्यूरोएजुकेशन एंड रीडिंग नामक एक अन्य पुस्तक भी प्रकाशित की। इस नई पुस्तक में, उन्होंने पढ़ने की क्षमता को मानवता के लिए एक सच्ची क्रांति के रूप में परिभाषित किया है। पढ़ना एक कृत्रिम और हालिया प्रक्रिया है। मोरा कहते हैं, हमने लगभग 2 से 3 मिलियन वर्ष पहले आनुवंशिक उत्परिवर्तन के माध्यम से बोलने की क्षमता हासिल की थी। तब से, मनुष्य बोलने के लिए आवश्यक तंत्रिका सर्किट के साथ पैदा हुआ है, हालांकि बोलना केवल दूसरों के साथ बातचीत के माध्यम से ही सीखा जा सकता है। फ्रांसिस्को मोरा ने चिकित्सक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और वे तंत्रिका विज्ञान के डॉक्टर हैं। न्यूरोएजुकेशन एंड रीडिंग में वे लिखते हैं, हम एक मस्तिष्क डिस्क के साथ पैदा होते हैं जिस पर हम रिकॉर्ड कर सकते हैं। लेकिन अगर हम कुछ भी रिकॉर्ड नहीं करेंगे तो यह खाली ही रहेगा। दूसरी ओर, पढ़ना लगभग 6,000 वर्ष पहले अस्तित्व में आया, जब हमें अपनी जनजाति के बाहर संवाद करने की आवश्यकता महसूस हुई, क्योंकि बोले गए शब्दों की पहुंच सीमित थी। इसके अलावा, इसका आधार आनुवंशिक नहीं बल्कि सीखा हुआ या सांस्कृतिक है। मोरा अपनी पुस्तक में बताते हैं, पढ़ना एक ऐसी प्रक्रिया है जो वंशानुगत (जीन



**-विजय गर्ग**

में) नहीं होती है और इसलिए यह स्वचालित रूप से अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंच सकती है।यह ऐसी चीज़ है जिसे हर इंसान को स्वयं सीखना होगा, जिसके लिए हर बार सीखने और याद रखने की ज़रूरत होती है। अच्छी तरह से या अच्छे तरीके से पढ़ने के लिए प्रयास, ध्यान, स्मृति और स्पष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, और यदि आप बहुत अधिक पढ़ना चाहते हैं, तो आपको अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा इसके लिए समर्पित करना होगा। हालांकि, वे कहते हैं कि महंगा और कड़ी मेहनत का मतलब यह नहीं है कि आपको इसके लिए बहुत कष्ट उठाना पड़ेगा। हालाँकि, जब मोरा चार साल का था, तो उसे पढ़ाई में लापरवाही बरतने के कारण स्कूल से सज़ा मिलनी शुरू हो गई। इसका कारण यह था कि मोरा के शिक्षकों ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि बच्चे का मस्तिष्क कैसे काम करता है। तेजी से पढ़ना सीखने से आप अधिक बुद्धिमान नहीं बन जाते। मोरा के अनुसार, बच्चे मां के गर्भ से ही सीखने की मशीन होते हैं। बल्कि, मनुष्य को लगभग सब कुछ सीखना पड़ता है। पढ़ना सीखना बच्चे के विकास में एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसे लेकर कभी-कभी माता-पिता को गर्व होता है तो कभी-कभी चिंता भी होती है। वे कहते हैं, जब एक माँ को पता चलता है कि उसका 5 साल का बच्चा पढ़ना सीखने में संघर्ष कर रहा है, जबकि उसके पड़ोस में रहने वाला 4 साल का बच्चा अच्छे अंकों से पढ़ रहा है, तो वह माँ स्वयं से पूछ सकती है - क्या मेरा बच्चा इतना मूर्ख है? तंत्रिका विज्ञान ने दर्शाया है कि मस्तिष्क के कुछ हिस्सों को पढ़ना सीखने के लिए पहले से परिपक्व होना पड़ता है। यह 3 वर्ष की आयु में भी हो सकता है, लेकिन आमतौर पर 6 या 7 वर्ष की आयु इसके लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। इस कारण से, वे लिखते हैं, यह अनुशंसा की जाती है कि औपचारिक पठन निर्देश 7 वर्ष की आयु से शुरू हो, ÷एक ऐसी आयु जिस पर, लगभग निश्चित रूप से, सभी बच्चों ने पढ़ने के लिए आवश्यक घटकों का विकास कर लिया होगा और वे पढ़ना सीखने के पूर्ण अर्थ और निहितार्थ को समझने में सक्षम हो जाते हैं। शिक्षा के मामले में फिनलैंड को बहुत उन्नत माना जाता है और वहां बच्चे इसी उम्र में पढ़ना सीखना शुरू कर देते हैं। न्यूरोएजुकेशन के महत्व को समझाते हुए मोरा कहते हैं कि शिक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि आपका मस्तिष्क कैसे काम करता है। दूसरा पहलू यह है कि बच्चों को छोटी उम्र में सीखने और अध्ययन करने के लिए मजबूर करने से उन पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे चिंतित हो जाते हैं। इस मामले में प्रयुक्त 3-4 वर्ष की जल्दबाजी का भविष्य के संदर्भ में कोई विशेष महत्व नहीं है। सीधे शब्दों में कहें तो, इससे आपकी पढ़ाई में कोई मदद नहीं मिलती और न ही यह आपको अधिक बुद्धिमान बनाता है। मोरा के अनुसार, मस्तिष्क की परिपक्वता में एक मौलिक आनुवंशिक घटक होता है, लेकिन एक सांस्कृतिक घटक भी होता है जो घर से जुड़ा होता है। ऐसे माता-पिता के साथ बड़ा होना जो स्वयं पढ़ते हैं या आपके लिए पढ़कर सुनाते हैं, एक भावनात्मक पहलू होता है जो पढ़ना सीखने में बहुत मदद करता है।

# मां दुर्गा के नौ स्वरूप से सीखें ये 9 बातें, जीवन बन जाएगा आसान



देवी की कई रूपों में पूजा की जाती है। वह जगत जननी हैं जो वहीं मां अन्नपूर्णा भी हैं, मां महालक्ष्मी स्वरूपा हैं तो सरस्वती भी हैं। माता कभी काली -कभी चंडी का स्वरूप धारण कर लेती हैं। कभी वह ब्रह्मचारिणी तो कभी महागौरी के रूप में पूजनीय हैं। उनका हर स्वरूप नारी शक्ति के हर पहलू को दर्शाता है और महिला सशक्तिकरण की एक अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। देवी के नौ स्वरूपों का व्यक्तित्व अलग अलग है। उनके नव स्वरूपों से नौ अलग सीख प्राप्त की जा सकती है, जो हर किसी के जीवन में, खासकर महिलाओं के लिए काफी लाभकारी हो सकती हैं।

**मां दुर्गा के नौ स्वरूप और उनके गुण जिससे लें सीख**

**माता शैलपुत्री**

मां दुर्गा का ये रूप धैर्य और सहनशीलता का प्रतीक हैं। देवी पार्वती को मां शैलपुत्री माना जाता है, जो हिमालय की पुत्री हैं। उनसे यह भी सीख मिलती है कि जिस तरह से पहाड़ मजबूत होते हैं, उसी तरह रिश्तों की नींव मजबूत होनी चाहिए।

**मां ब्रह्मचारिणी**

माता ब्रह्मचारिणी संयम और तप का प्रतीक हैं जो हमें सिखाता है कि कैसे मुश्किल समय में संयम रख सकते हैं। माता के इस स्वरूप से हमें सीख मिलती है कि रिश्तों में धैर्य और समर्पण होना चाहिए।

**मां चंद्रघंटा**

नवदुर्गा का चंद्रघंटा स्वरूप भक्ति और सेवा का रूप है, जो हमें समाज के लिए सेवा का भाव सिखाता है। माता चंद्रघंटा रिश्ते में संतुलन का प्रतीक भी हैं जो हमें गुस्से और शांति दोनों का महत्व दर्शाती हैं।

**माता कूष्मांडा**

देवी का यह रूप साहस का प्रतीक है। मां दुर्गा ने राक्षस महिषासुर को हराने के लिए अपना साहस और बल दिखाया। इसके साथ ही देवी का चौथा रूप सृष्टि के सृजन और संचालन का प्रतीक है।

**देवी स्कंदमाता**

मां दुर्गा का यह रूप प्रेम, दया, करुणा और देखभाल का प्रतीक है जो पूर्ण रूप से मातृत्व के गुण को दर्शाता है। इसके अलावा देवी स्कंदमाता ने देवासुर संग्राम में सेनापति की भूमिका अदा की थी। ये लीडरशिप क्वालिटी को अपनाने की सीख देता है।

**माता कात्यायनी**

देवी दुर्गा का यह रूप धर्म और न्याय का प्रतीक है। उनसे सीख मिलती है कि रिश्तों में एक दूसरे के लिए खड़े होना चाहिए। साथ ही, एक दूसरे का सम्मान करना भी जरूरी है।

**माता कालरात्रि**

यह स्वरूप हमें नकारात्मक चीजों का त्याग करने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है। उनसे सीख मिलती है कि रिश्तों में मुश्किल समय आने पर भी साथ रहना चाहिए और मुश्किलों का सामना करना सीखना चाहिए। देवी के इस सप्तम स्वरूप को बुराईयों का नाश करने वाला माना जाता है।

**माता महागौरी**

महागौरी स्वरूपा माता का पवित्रता का प्रतीक है जो हमें जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। माता महागौरी में क्षमा और शांति का गुण है जो हमें सिखाता है कि रिश्तों में एक दूसरे को माफकरना और साफ दिल रखना जरूरी है।

**माता सिद्धिदात्री**

यह रूप आत्मसमर्पण का प्रतीक है। इस रूप से ये सीख मिलती है कि रिश्तों में एक दूसरे को महत्व देना चाहिए और उनका समर्थन करना चाहिए। तभी रिश्ते सफल होते हैं।



**-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल**

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 31 मार्च 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1946 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। द्वितीया तिथौ सोम वासरे 09/12/ अश्विनी नक्षत्रे 13/45/ वैधृति योग 13/46/ कौलव करणे 09/12/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार**- गणगौर। मत्स्य जयंती। श्रीझूलेलाल जयंती। ईद। तृतीया तिथिक्षय।द्विजरी सब्वल 10 माह शुरू।

**मेष** : पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स स्हा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** : वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** : प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पानी से हर्ष होगा।

**कर्क** : आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। वाणी पर संयम रखने के कारण बिगड़ते कार्य बनते दिखाई देंगे। रचनात्मक कार्य सफल होंगे।

**सिंह** : किसी मूल्यवान वस्तु के पानी के अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगें।

**कन्या** : संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला** : समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक** : राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु** : किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए स्हा लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर** : किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ** : आर्थिक लेनदेन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन** : आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

## लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए-नीतीश कुमार सिंह

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु समिति /सिंगल विण्डों, निवेश मित्र की बैठक अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओ०डी०ओ०पी०, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय




निस्तारण कराया जाये। बैठक में उद्यमियों से प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुये उन्हें अवगत कराया जाये। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव हेतु उचित कार्यवाही की जाये तथा औद्योगिक आस्थानों के उच्चीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं हेतु भेजे गये आगणनों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विद्युत विभाग, बैंक आदि विभागों के प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। ऋण संबंधी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु एल०डी०एम० को निर्देश दिये।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्योग बंधु समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता बनायें नशामुक्त तहसील सिधौली परिसर-कौशल किशोर

सिधौली-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। नशामुक्ति आज के दौर की एक महत्वपूर्ण ज़रूरत है। अधिवक्ताओं को चाहिए कि वे तहसील सिधौली के परिसर को नशामुक्त परिसर के रूप में विकसित करने में अपना योगदान दें। यह बात पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद कौशल किशोर ने शनिवार को सिधौली तहसील परिसर में नवनिर्मित ऊदा देवी पासी अधिवक्ता हाल के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज के प्रबुद्ध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज देश में मादक पदार्थों का प्रयोग बहुत बढ़ रहा है और आए दिन नशाजनित बीमारियों से असमय लोगों की मौत हो रही है। अधिवक्ताओं को चाहिए कि वे अशिक्षित जनमानस को विधि सम्बन्धी सहायता और ज्ञान देने के साथ ही साथ स्वस्थ आदतें विकसित करने के लिए भी प्रेरित करें। बार एसोसिएशन, सिधौली की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष अजयपाल सिंह ने भी उपस्थित



लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे पूर्व सांसद द्वारा किए गए आह्वान को गंभीरतापूर्वक लें। लायर्स एसोसिएशन, सिधौली के अध्यक्ष रामप्रकाश यादव ने अमर शहीद ऊदादेवी पासी की स्मृति में हाल का निर्माण करवाने के लिए अपनी विकास निधि से धनराशि देने के लिए पूर्व सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज राष्ट्र और समाज के हित के लिए सदैव कार्य करता रहेगा। नगर पंचायत सिधौली के अध्यक्ष गंगाराम राजपूत व बार एसोसिएशन सिधौली के अध्यक्ष राम प्रसाद गौतम ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शिवशंकर गिरि, शरीफुर्रहमान, मुनेश्वर लाल, एस.पी. मिश्रा, सुखलेश कुमार राजवंशी, रवि तिवारी, रामकुमार द्विवेदी, प्रवीण अवस्थी, नीलकमल मिश्र, मुनेन्द्र सिंह भाजपा कार्यकर्ता बच्चे प्रसाद वाजपेयी, पुष्कर गुप्ता, अनूप श्रीवास्तव, पूर्व सांसद के प्रतिनिधि अमित मोहन, पी.आर.ओ. ज्ञानी करूणा शंकर त्रिपाठी, व मीडिया प्रभारी दुर्गेश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## विवाहिता की मौत के एक माह बाद लड़की पक्ष ने लिखाया दहेज हत्या का मुकदमा

हरगांव-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। हरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा हरगांव में विगत दिनों एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसका पीएम भी पुलिस के व्दारा कराया गया था। परंतु एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद लड़की पक्ष ने विवाहिता के पति सहित सास ससुर व जेठ जेठानी के विरुद्ध हरगांव थाने में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लड़की के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थानान्तर्गत नगर पंचायत हरगांव के कस्बा हरगांव में जहांगीराबाद वार्ड निवासी शिव दुलारे मिश्र के छोटे पुत्र विनय मिश्र की पत्नी पद्मिनी ने विगत २५ फरवरी को फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली थी।सूचना पाकर पहुंचे मायके पक्ष के थाना फूलबेहड जनपद लखीमपुर के ग्राम सिसौरा निवासी महेश्वर त्रिवेदी पुत्र गोपाल त्रिवेदी ने मौके पर पहुंच कर लडकी को मृत देखकर पुलिस से शिकायत कर शव का पीएम कराया था और सूत्रों के अनुसार सुलह समझौते में चार लाख नगद व चार लाख का जेवर भी मायके पक्ष के द्वारा ले लिया गया था। घटना के लगभग एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद मायके पक्ष से मृतका के पिता ने हरगांव थाने में अतिरिक्त दहेज में दो लाख रूपए की मांग करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।जिसपर हरगांव पुलिस ने मु.अ.सं. ९९/२५ धारा ८०(२),८५,३,४ बीएनएस के अंतर्गत पति विनय मिश्र, ससुर शिव दुलारे मिश्र, सासु रामदेवी, जेठ रामनिवास मिश्र, जेठानी निक्की मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी. निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांचोपरांत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नये कांग्रेस जिलाध्यक्ष का ढोल नगाड़ों के बीच हुआ स्वागत

## देश में नफरत की राजनीति बहुत दिनो तक नहीं चलेगी-डा.ममता वर्मा

सिधौली-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। कांग्रेस पार्टी की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डा.ममता वर्मा का सीतापुर जनपद में प्रथम आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद सीतापुर की सीमा पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में नफरत की राजनीति बहुत दिनो तक नहीं चलेगी। देश की जनता झूठ और नफरत के व्यापार को अच्छी तरह समझ चुकी है। कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी द्वारा देश को साम्प्रदायिक आधार पर विभाजित कर कमजोर किया जा रहा है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का टोल प्लाजा, महमूदाबाद चौराहा, कोठी ढाबा तथा कमलापुर कस्बे में कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिनेश अवस्थी, अवधेश अवस्थी, डा. मुनेश्वर रावत, सुरेश मिश्रा, हारून खां, सत्यदेव पाण्डेय, वसीम खां आदि मौजूद रहे।

## आजाद हिन्द भगत संगठन ने मनाया भारतीय नववर्ष, लालबाग शहीद पार्क में हुआ जनजागृति कार्यक्रम

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर



आजाद हिन्द भगत संगठन द्वारा लालबाग स्थित शहीद पार्क में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संगठन के संस्थापक अभिमन्यु हिन्दू की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने उपस्थित लोगों को भारतीय संस्कृति, वीर शहीदों की गौरवगाथा और सनातन मूल्यों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रही जन जागृत हिन्दू यात्रा, जो संगठन के विचारों और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत संदेशों के साथ प्रारंभ हुई। इस यात्रा का उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक जागरूकता फैलाना, युवाओं को अपने इतिहास और परंपराओं से जोड़ना, तथा राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करना रहा। यात्रा में शामिल युवाओं और नागरिकों ने भगवा ध्वज और देशभक्ति नारों के साथ पूरे वातावरण को राष्ट्रमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भारतीय नववर्ष के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे आत्मचिंतन और सामाजिक एकजुटता का पर्व बताया। अभिमन्यु हिन्दू ने अपने उद्बोधन में कहा, ष्भारतीय नववर्ष केवल तिथि नहीं, यह हमारी संस्कृति का उत्सव है। हमें इसे आत्मगौरव और सामाजिक समरसता के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की भागीदारी देखने को मिली। अंत में जय श्री राम और भारत माता की जय के उद्घोषों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्रधानमंत्री करते हैं देश के मन की बात: अचिन मेहरोत्रा


सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के १२०वें एपिसोड में देशवासियों को कई अहम संदेश दिए। इस दौरान भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर नगर मंडल १ के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या २४३ पर कार्यक्रम को सुना। आचिन मेहरोत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की चुनौतियों को लेकर देश के पर्यावरण पर भी ध्यान दिया है। प्रधानमंत्री ने चौत्र नवरात्र को लेकर शुभकामनाएं भी दीं। पीएम मोदी बच्चों से गर्मी की छुट्टियों में नई चीजें सीखने की अपील की। पीएम मोदी ने अपने संदेश में गर्मी के दौरान जल संरक्षण को लेकर खास अपील की और कर्नाटक के गांव का उदाहरण भी दिया। पीएम मोदी ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही गांव गांव पानी बचाने की



तैयारी शुरु हो जाती है। अनेक राज्यों में जल संरक्षण से जुड़े कामों ने तेजी पकड़ी है। जलशक्ति मंत्रालय, अलग-अलग वालेंटियर्स और उनकी संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं। देश में हजारों आर्टिफीशियल तालाब, चेक डैम, बोरवेल रीचार्ज का निर्माण किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जल संरक्षण के मामले में कर्नाटक के गडग जिले के लोगों ने मिसाल कायम की है।कुछ साल पहले यहां दो गांव की झीलें पूरी तरह सूख गईं थी। एक समय ऐसा भी आया, जब वहां पशुओं के पीने तक के लिए पानी नहीं बचा। धीरे-धीरे झील घास-फूस और झाड़ियों से भर गई लेकिन गांव के कुछ लोगों ने झील को पुनर्जीवित करने का फैसला किया और काम में जुट गए। जहां चाह है वहां राह है। प्रधानमंत्री ने महुआ के फूल का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हर साल की तरह ही इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है। ये अभियान भी सरकार का नहीं बल्कि समाज का है, जनता जनार्दन का है। पीएम मोदी ने कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं।पीएम मोदी ने कहा है कि पिछले ७-८ साल में नए बने टैंक, तालाब और अन्य वाटर रीचार्ज स्ट्रक्चर से ११ बिलियन क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण किया गया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने लोगों से अपील की, कि वो तेज गर्मी में अपने आस-पास मौजूद पक्षियों का भी ख्याल रखे और उन्हें पानी पिलाएं।इस मौके पर अनुराग, महेंद्र , आशु राठौर, रोहित, दिनेश कुमार, रितेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक से 6 अप्रैल तक बंद रहेगा सीतापुर-लखीमपुर मार्ग, पुलिस ने जारी किया यातायात डायवर्जन

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हरगाँव रेलवे क्रासिंग सम्पार सं0-99 पर स्टील कम्पोजिट गर्डर के इरेक्शन एवं लांचिंग कार्य के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन किया है। डायवर्जन प्लान 01-04-2025 को 18.00 बजे दिन से 06-04-2025 तक एवं 13-04-2025 को 18.00 बजे दिन से 18-04-2025 तक पूर्णतया आवागमन बन्द होने के कारण लगातार प्रभावी रहेगा।



सीतापुर से लखीमपुर खीरी जाने वाले समस्त मालवाहक/भारी वाहन बिजवार पुल से न जाकर सीधे महोली होते हुए मैगलगंज, मितौली, कस्ता, बेहजम से छाऊ चौराहा होकर लखीमपुर खीरी जा सकेंगे। सीतापुर से लखीमपुर खीरी जाने वाली बस व छोटे वाहन बिजवार पुल से होकर हरगांव तक जा सकेंगे हरगाँव में स्थित महोली तिराहा से वांये मुड़कर काजी कमालपुर चौराहा से होते हुए लखीमपुर खीरी जा सकेंगे या हरगाँव चौराहे से होते हुए लहपुर होकर लखीमपुर खीरी जा सकेंगे। सीतापुर से हरगाँव चीनी मिल जाने वाले गन्ने के ट्रक बिजवार पुलिस से होकर हरगाँव जा सकेंगे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रि-शताब्दी जयंती समारोह समिति की बैठक संपन्न

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की ३०० वीं जन्मजयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी क्रम में सीतापुर में ३१ मई को लोक माता की भव्य जयंती आयोजित की जाएगी इस विषय को लेकर समाजसेवी पूरन सिंह की अध्यक्षता में समाज के सभी वर्गों को सम्मिलित कर एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जन्म जयंती के आयोजन संबंधी रूपरेखा एवं प्रबंधन के लिए समाज के प्रतिष्ठित और प्रभावशाली व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई। आयोजन समिति के संयोजक रामनरेश पाल के नेतृत्व में ११ सहसंयोजक सहित इक्कीस सदस्यीय समिति का खाका तैयार कर आयोजन की रचना योजना व संपादन के लिए विभिन्न समिति जैसे स्वागत समिति, सुरक्षा समिति, अर्थ संग्रह समिति, प्रचार प्रसार समिति, भोजन निर्माण समिति, व्यवस्था व आपूर्ति समिति, प्रशासनिक समिति आदि के लिए विचार विमर्श कर समाज के लिए परिश्रम करने वाले योग्य व्यक्तियों को दायित्व देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की आधारशिला रखी गई । बैठक में भाजपा नेता रमाकांत मिश्रा, संजय मिश्रा, सभासद धीरज पांडे, समाजसेवी कमलेश पांडे, शैलेन्द्र सिंह गौर, रिपुदमन सिंह, डाक्टर यूसी दीक्षित, रामगोपाल वाल्मीकि, बनवारी लाल जायसवाल, राम मोहन गुप्ता, विनोद पाल आदि ने कार्यक्रम स्थल सरोजिनी वाटिका के चयन के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होलकर शोभायात्रा, विशाल जनसभा एवं नवीन मूर्ति स्थापित कर अनावरण कार्यक्रम पर चर्चा की। बैठक का संचालन आकाश बजरंगी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी पूरन सिंह ने कहा की अहिल्याबाई होलकर ने काशी विश्वनाथ सहित बारह हजार से अधिक मठ -मंदिरों धर्मशालाओं व सनातन के अन्य धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करने का काम किया वहीं उन्होंने नारियों को सम्मान दिलाने में अग्रणी भूमिका निभाई। विधवा महिला को उनके अधिकार दिलाने के लिए उन्हें विश्व भर में जाना जाता है। वह एक धर्मप्रिय न्याय प्रिय और सर्व समाज के लिए कार्य करने वाली शक्तिशाली महिला थी उनकी त्रि शताब्दी जयंती पर टीम बनाकर घर-घर संपर्क कर नागरिकों को जयंती के लिए आमंत्रित किया जाएगा और आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस उपस्थित हो इसके लिए समिति के सभी सदस्यों को तन,मन,धन और समय देकर कार्यक्रम को भव्य बनाना ही होगा। बैठक में सम्मिलित सभी समाजसेवियों ने जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया और आगामी १३ अप्रैल रविवार को पुन: बैठक करके दी गई जिम्मेदारी और कार्यों की समीक्षा के लिए पुन: बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया।

## मृतक राघवेंद्र को न्याय की मांग के साथ राजपाल से मिलेगा संयुक्त मोर्चा

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जस्टिस फार राघवेंद्र अभियान के तहत आयोजित जनसंसद में आज बड़ी संख्या में पत्रकारों अधिवक्ताओ, सामाजिक व किसान संगठनों ने सहभागिता कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र को न्याय दिलाने के लिए आवाज बुलंद की। लोकसभा व राज्यसभा की तर्ज पर सदन का संचालन हुआ। जनसंसद की अध्यक्षता उदय प्रताप त्रिवेदी व मस्त हफीज रहमानी ने संयुक्त रूप की। सदन में उपजा अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा मृतक पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए सभी पत्रकार संगठन एकजुट है हमे पूरी उम्मीद है कि सरकार परिवार की पूरी मदद करेगी। पत्रकार संगठन ऐपजा के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग सारथी ने कहा पत्रकारों की आवाज को दबाया जा रहा है जो पत्रकार भ्रष्टाचार की खबरे लिख रहा है या तो उस पर झूठे मुकदमे लिखे जा रहे है या उसकी हत्या हो रही है या धमकाया जा रहा है यह लोकतंत्र के मूल्यों की हत्या है। उन्होंने कहा मृतक राघवेंद्र को न्याय दिलाने के लिए सभी संगठनों को मिलकर महोली कूच करना होगा। पत्रकार जीशान कदीर ने कहा राघवेंद्र की हत्या को खोलना ही नही चाहता प्रशाशन ,




पत्रकार राहुल अरोड़ा ने कहा पत्रकारों को अब एकजुट होकर इस लड़ाई को सामाजिक संगठनों के साथ लड़ना होगा तभी सुनवाई होगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र ने कहा कि राघवेंद्र की शहादत को व्यर्थ नही जानेगा ब्राह्मण समाज हम सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते है बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी ने कहा पत्रकार व अधिवक्ता समाज की आवाज है हमारी कलम को कोई डरा नही सकता हम सभी संगठन संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर आवाज बुलंद करेंगे। सचेन्द्र दीक्षित ने कहा ये युगपरिवर्तन की बेला है मृतक राघवेंद्र का बलिदान बम व्यर्थ नही जाने देंगे।रास्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के मंडल अध्यक्ष श्रवण बाजपेयी ने कहा इस सरकार में ब्राह्मणों पर बहुत हमले बढ़े है। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा हम सभी संगठनों ने मृतक राघवेंद्र परिवार के लिए जो सहयोग जोड़ा है उसको २ अप्रैल को मृतक पत्रकार के घर जाकर उनकी पत्नी को सब लोग मिलकर देंगे। किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा जनसहयोग अभियान का पहला चरण पूर्ण हुआ है जरूरत हुई तो दूसरा चरण भी जल्द शुरु करेंगे। डा. ब्रज बिहारी ने कहा आखिर क्या कारण है जो सच बोलना चाह रहा है उसकी आवाज बंद कराई जा रही है राघवेंद्र की आवाज तो हमेशा के लिए खामोश कर दी गयी अफसोस सड़के इसके बाद भी सूनी है पर अब मिलकर लड़ने का वक्त आ गया है। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने सदन में सबकी सहमति से दो प्रस्ताव रखे जो सर्वसम्मति से सदन ने पारित किए जिसके तहत ११ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मृतक राघवेंद्र के मुद्दे पर अब तक हो रही धीमी विवेचना व कोई सरकारी मदद न मिलने की शिकायत लेकर राज्यपाल से मिलेगा व सरकार से राघवेंद्र की पत्नी को तत्काल नौकरी व ५० लाख आर्थिक मदद दे इस हेतु कार्रवाई करे कहा जायेगा। सदन की कारवाई का संचालन रजनिश मिश्र ने किया। सभा मे सरदार गुरूपाल सिंह, अशोक यादव, किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू, शिवप्रकाश सिंह, डा. ब्रज बिहारी, निर्भय द्विवेदी, महेंद्र अग्रवाल, अनूप मिश्रा, श्रवण बाजपेयी, हरिनाम बाबू मिश्र, नियाज हुसैन, सविता बाल्मीकि, कमलेश पांडेय, सचीन्द्र दीक्षित, जीतेन्द्र मिश्र, जीशान कदीर, राहुल अरोड़ा, अयाज अहमद, हरिओम मिश्रा, नवल किशोर तिवारी, ऋचा सिंह, कौसर जहां, युवराज बाजपेयी, जगदीप शुक्ला, मनोज शुक्ला, रोहित पांडेय, संदीप श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, अच्छे सिंह कठेरिया, अमित श्रीवास्तव, भारती कुल्दीप राठौर, वैभव दीक्षित, नीलम प्रजापति, सुनीला रावत, यशवंत सिंह यादव, नैमिष शुक्ला, राम किशोर कनौजिया, मोहित पांडेय, नेतराम शास्त्री, कमरुल हक, शहनवाज, आनंद शुक्ला, आनंद तिवारी, सपना त्रिपाठी, प्रमिला बंसल, ओमकार नाथ यादव, आदि लोग रहे।

# गोली लगी महिला ने रेप का मेडिकल कराने के लिए काटा हंगामा, पुलिस के हाथ-पांव फूले

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** जिला अस्पताल में एक गंभीर मामला सामने नजर आया है। एक महिला को कार में रेप करने के बाद गोली मारी गई घायल महिला को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया हैं लेकिन महिला का आरोप है जिला अस्पताल में उसे इलाज ठीक से नहीं मिल रहा है और मेरे साथ हुए रेप का मेडिकल भी नहीं करा रही पुलिस।



पीड़िता इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है उसका आरोप है कि शनिवार की शाम को कोविड हॉस्पिटल के पास मेडिकल से दवा लेने गई थी कोविड अस्पताल के पास से कुछ लोग उसे जबरन कार में डाल कर ले गए महिला का कहना है कार में पांच लोग थे तीन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बाद में गोली मार दी। उसने बताया गाड़ी में पार्थ गौतम नाम के युवक का फोन आया बोले काम हो गया। कार में बैठे व्यक्ति ने बताया काम हो गया।

आरोप है कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद से न तो उसका रेप टेस्ट हुआ और न ही शरीर में फंसी गोली निकाली गई। परेशान होकर महिला इमरजेंसी वार्ड से बाहर आ गई और हंगामा करने लगी। उसने कहा कि इस तरह मेरी जान जा सकती है। तभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस बलों के हाथ पैर फूल गए उन्होंने तुरंत अपने अधिकारियों को जानकारी दी तुरंत थाना कोतवाली से फोर्स पहुंच गया महिला को समझाया दुबारा से इमरजेंसी वार्ड में पहुंचा दिया।

रविवार का दिन होने के कारण अस्पताल में कोई सर्जन मौजूद नहीं था। यह जिला अस्पताल प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। रेप जैसे संगीन मामले में भी कई घंटों तक मेडिकल टेस्ट नहीं किया गया। दोपहर 12 बज गए थे महिला ने हंगामा करना शुरू कर दिया इमरजेंसी वार्ड से बाहर निकल बाहर आ गई। बोली मेरे साथ तीन लोगों ने रेप किया है तो पुलिस मेडिकल क्यों नहीं कर रही है।

मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थिति को संभाला। पुलिस ने महिला को आधे घंटे में मेडिकल टेस्ट कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद महिला वार्ड में वापस चली गई। पुलिस ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भी मामले की जानकारी दे दी है।

## शिक्षक का हमलावर गिरफ्तार

**फरीदपुर।** 12 दिसंबर को एक शिक्षक से शराब पीने के लिए दबंगों ने रुपए मांगे इन्कार करने पर शिक्षक पर तमंचे की वट से हमला कर घायल कर दिया था। शिक्षक के भाई की तरफ से दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने एक सूचना पर रविवार को बीसलपुर रोड अंडर बाईपास पर खड़े शिक्षक के मुख्य हमलावर आरोपी एक युवक को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर के मोहल्ला परा निवासी शिक्षक अमरीश प्रकाश मिश्रा 12 दिसंबर को एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे जहां पर गांव उमेदपुर थाना भुता निवासी अंकित वर्मा उसके साथी मोहल्ला कानूनगोयान निवासी दीपक सक्सेना मैं उनसे शराब के लिए रुपए मांगे शिक्षक द्वारा रुपए न देने पर अंकित वर्मा ने तमंचे की वट से उन पर हमला कर दिया था। जिसमें वह घायल हो गए थे। पीड़ित शिक्षक के भाई की तरफ से थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपी अंकित वर्मा व उसके साथी दीपक सक्सेना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जन सैलाब



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** चैत के नवरात्र का आज पहला दिन है शहर के सभी देवी मंदिर सजे हुए हैं एक दिन पहले से मंदिरों को सजाना शुरू कर दिया था।भक्तों ने अपने घरों में देवी मां की स्थापना की कुछ भक्त नो दिन व्रत रखते हैं कुछ भक्त पहला और आखिरी व्रत रखते हैं सभी भक्त देवी मां की पूजा करते हैं।

शहर में किला क्षेत्र के साहूकारा स्थित नौ देवी मंदिर, बदायूं रोड चौरासी घंटा मंदिर, कालीबाड़ी काली मंदिर , सिकलापुर चौराह देवी मंदिर ,बिहारीपुर में ढलाव बाली मठिया देवी मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों पर सुबह से देवी भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई है सभी मंदिरों पर पुलिस की व्यवस्था की गई हैं।

मंदिर के पुजारी योगी रविन्द्र नाथ ने बताया चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से पहला रूप है। मां शैलपुत्री की पूजा करने से सुख-समृद्धि और शक्ति की प्राप्ति होती है।

आज भक्तों ने मां शैलपुत्री की पूजा की और उन्हें सफेद रंग के फूल और मिठाई अर्पित किए। मां शैलपुत्री की पूजा करने के लिए भक्त घट स्थापना करते हैं और अखंड ज्योति जलाते हैं। मां शैलपुत्री की पूजा करने से व्यक्ति को मानसिक शांति और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। यह पूजा चैत्र नवरात्रि के पहले दिन की जाती है और इसका बहुत महत्व है।

भक्तों ने बताया साहूकारा नौ देवी मंदिर की देवी बहुत सच्ची है इस मंदिर में जब आते है मन को शांति मिलती है और देवी मां से जो मांगो बही मिलता है।इस मंदिर से कोई निराश होकर नहीं जताया है।

# घर से किशोरी को जबरन खेत में ले जाकर दुष्कर्म, परिजनों ने दी तहरीर

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को पड़ोसी गांव का एक युवक शुक्रवार की रात घर में घुसकर उसे जबरन पड़ोस के खेत में ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। कुत्तों की आवाज सुनकर परिजन जाग गए और उसको खोजा तो आरोपी किशोरी को खेत में हीं छोड़कर भाग गया परिजन आरोपी युवक के घर पर शिकायत करने गये तो आरोपी के परिजनो ने उसके साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी दी किशोरी के परिजनों ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी की मां ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शुक्रवार की रात्रि मे उसकी पुत्री व परिवार के सभी लोग सोए हुए थे तभी पड़ोस के गांव का एक युवक आया और मेरे घर की खिड़की तोड़कर घर में घुस गया और मेरी पुत्री के मुंह पर कपड़ा बांधकर जबरन उसे घर से उठाकर ले गया और पड़ोस के खेत में ले जाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। कुत्तों का शोर शराबा सुनकर घर के सभी लोग जाग गए लड़की को घर में न देखकर उसकी तलाश करनी शुरू कर दी टार्च की रोशनी में पड़ोस के खेत में देख ही रहे थे तभी खेत में भागने की आहट सुनाई दी वहां देखा तो उसकी पुत्री पड़ी हुई थी उसे लेकर परिजन घर पहुंचे। पुत्री द्वारा घटना की जानकारी देने पर सुबह आरोपी युवक के घर जाकर शिकायत की गई तो उसके परिजन गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में रोटरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** रोटरी क्लब बरेली साउथ के द्वारा संचालित रोटरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम दिवस धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने पहाड़ी नृत्य, बॉलीवुड थीम नृत्य, मोबाइल थीम नृत्य, पंजाबी नृत्य, कवि सम्मेलन, महाभारत प्रस्तुति, सिंगिंग, अंग्रेजी नाटक एवं फैंसी ड्रेस शो में उत्साह पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आगामी वर्ष 2025- 26 के रोटरी गवर्नर रोटेरियन सी ए राजेन विद्यार्थी रहे ।इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के शानदार अभिनय की सराहना की तथा विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूल के छात्र और छात्राओं की इतनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देखकर हर किसी को यह एहसास हुआ कि टैलेंट केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवेश के यह बच्चे जिन्हें बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है वह भी कमाल कर सकते हैं। इनर व्हील क्लब बरेली साउथ की अध्यक्षा रूबी तनेजा, सचिव मनीषा मेहरा एवं ममता तनेजा, निधि अग्रवाल, अर्चना मलिक, स्वीटी मित्तल उपस्थित रही तथा स्कूल के फर्स्ट, सेकंड तथा थर्ड रैंक के बच्चों को बैग प्रदान किए। विद्यालय के चेयरमैन नीरज अग्रवाल, प्रधानाचार्य नेहा शर्मा, तथा उप प्रधानाचार्य



दीपिका तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य नेहा शर्मा ने अपने विचार रखें उन्होंने कहा कि एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था तभी सफल होती है जब शिक्षक और अभिभावक दोनों मिलकर बच्चों को सही दिशा दें। रो विभोर भारती ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सक्षम अग्रवाल ने बड़ी खूबसूरती से किया।

रोटरी क्लब बरेली साउथ के अनिल अग्रवाल, डीसी खंडेलवाल, शरद सक्सेना, विभोर भारती, विकास गर्ग आदि सदस्यों का भी सहयोग रहा।

# एनएसी बरेली मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सांसदों को ज्ञापन सौंपा



**बरेली।** ईपीएस- 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली मंडल के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंडल अध्यक्ष ओ पी शर्मा के नेतृत्व में बरेली के लोक सभा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और आंवला के माननीय सांसद नीरज मौर्य को उनके कैम्प कार्यालय बरेली पर मिल कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्बोधित ईपीएस-95 पेंशनर्स की पेंशन बढ़ौत्तरी की चार सूत्रीय मांगों के ज्ञापन दिये गये। प्रतिनिधि मंडल में ओ. पी शर्मा, उमेश चन्द्र जौहरी, अनिल रस्तोगी , कृष्ण गोपाल झा, गोविंद प्रसाद मुकेश जौहरी आदि सम्मिलित रहे।

# हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा सीए एस इंटर कॉलेज के मैदान पर रविवार को हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष प्रतिपदा उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । वर्ष प्रतिपदा उत्सव कार्यक्रम में ब?ी संख्या में स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा मनाये जाने वाले छे उत्सवों में से यह वर्ष का प्रथम उत्सव होता है चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिन होता है जिस उपलक्ष्य में सभी स्वयंसेवको द्वारा उन्हें आद्य सरसंघचालक प्रणाम निवेदित किया गया कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ हेडगेवार जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया डॉ हेडगेवार ये जानते थे कि भविष्य में आने वाले संकटो से लड़ने के लिए हिन्दु समाज को संगठित होने की आवश्यकता पड़ेगी इसलिये उन्होंने हिंदु समाज की विभिन्न कुरीतियों से लड़ते हुए हिंदु समाज को एक समरसता वाला संगठित, सुयोग्य एवं शक्तिशाली समाज बन सके इसके लिए उन्होंने हिन्दु संगठन की नींव डाली जिसे विश्व आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नाम से जनता है संघ शिक्षा, सेवा,छात्र हित, मजदूर संघ, वनवासी कल्याण, विद्या भारती सहित विभिन्न प्रकल्पों को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है।



कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह अनुज शर्मा ने किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक संघ के मुकेश, नितिन,जिला संघ चालक डॉ महेश चौधरी नगर संघचालक ब्रह्मेंद्र मिश्रा, जिला कार्यवाह अभिमन्यु, नगर कार्यवाह अनुज शर्मा, एमएलसी कुँबर महाराज सिंह, अमर अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, अनिल राणा, विभाग मंत्री विश्व हिन्दु परिषद मानवेन्द्र राणा , विश्वनाथ सिंह, ओमवीर गुर्जर, रामेश्वर दयाल ,प्रतुल अग्रवाल, सुखदेव वाल्मीकि प्रमोद वाल्मीकि, नरेंद्र वाल्मीकि रुद्रांश, सुरेन्द्र, भुवनेश्वर सिंह आयुष, तुषार, अनिल राजपूत, बृजेश चौधरी, विकास अग्रवाल आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में बिजली, आवारा पशुओं समेत अन्य समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा

-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** कस्बा भुता में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की एक बैठक जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिसमें किसानो की बिजली के जर्जर तार, आवारा पशु, और कस्बा भुता में गेहूं क्रय केंद्र लगवाने आदि की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी बरेली को ज्ञापन भेज कर शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है।

रविवार लगभग 10बजे कस्बा भुता बाजार के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बहुत बड़ी बैठक संपन्न हुई। जिसमें किसान कार्यकर्ताओं ने बिजली के जर्जर तारों ,आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला में भिजवाने व कस्बा भुता में गेहूं केंद्र लगवाने आदि समस्या का मुद्दा उठाया। क्योंकि गेहूं क्रय केंद्र कस्बा बहुत से 15 किलोमीटर दूरी



कुआंडांडा में लगाए गए हैं। कुआं डंडा गेहूं केंद्र पर ले जाने के लिए रोड की हालत जर्जर है। जिससे किसानों को ट्रैक्टर ट्राली से ले जाने में भारी मुश्किल सामना करना पड़ता है। बिजली की लाइनों के बिजली तार जर्जर हालत है। ट्यूबवेलों को समय से बिजली न मिलती है। तथा घरेलू बिजली मीटर बहुत तेजी से चलते हैं । बिजली कटौती व जर्जर बिजली के तारों के कारण बार-बार बिजली ट्रिपिंग की समस्या बनी रहती है। जिससे किसानों को भरपूर समय बिजली न मिलने के कारण फसलों की सिंचाई समय पर नहीं कर पाते हैं। जिससे किसानों की फसलों का भारी नुकसान होता है। इन सभी समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता भूपराम गंगवार, रामपाल गंगवार, सुखबीर सिंह, महेंद्र सिंह सत्यपाल गंगवार ,सुनील यादव सुखदीप सिंह आदि जिला अध्यक्ष सोमवीर सिंह ने एक ज्ञापन जिला अधिकारी बरेली को भेज कर शीघ्र समस्याओं को निराकरण कराये जाने की मांग की है।

## खबर एक नजर

### सरकार की आठ बर्षो की उपलब्धियों के साथ जनता के बीच पहुंचे कैंट विधायक

**बरेली।** रविवार को 125 कैंट विधानसभा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के वार्ड नंबर 2 माधव वाडी,तथा वार्ड नंबर 60 गंगापुर में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी, वार्ड पार्षद एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर, जन-जन व दुकानदारों से संपर्क कर उन्हें भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियां के बारे में बताया व 8 साल की पत्रिका को सभी भी वितरण की। इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के साथ मंडल अध्यक्ष अरूण विष्णु शर्मा ,अमरीश कठेरिया गरिमा कमांडो विजय कमांडो महेन्द्र कुमार आशीष सक्सेना मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सीता रसोई पर लगा निशुल्क पुस्तक मेला, जरूरतमंद को साईकिल दी



**बरेली।** आज सीता रसोई भवन पर सीता रसोई पुस्तक बैंक द्वारा इस बर्ष का दूसरा विशाल पुस्तक मेले का आयोज़न किया गया। सीता रसोई पुस्तक बैंक के सेवादार अनुराग मेहरोत्रा ने बताया आज के पुस्तक मेले मे बरेली शहर के विभिन्न स्कूल जिंगल बेल, बीबीएल जीआरएम, हार्ट मैन, सेंट मारिया, द गुरू, केन्दीय विद्यालय, जिंगल वेल आदि स्कूल की बुक्स बच्चो को निशुल्क प्रदान की गई। आज सीता की रसोई के सेवा दार अनुराग मेहरोत्रा द्वारा दो बच्चो को निशुल्क साईकिल दी गई। सीता रसोई के प्रबंधक प्रभातऔर विजय बाटला ने बताया आज लगभग 15 लाख रुपये की बुक्स बच्चो को निशुल्क दी गई। आज के कैंप मे लगभग 275 बच्चो ने इस निशुल्क सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर सीता रसोई के सेवादार अनुराग द्वारा एक महिला को सिलाई मशीन निशुल्क दी गई। आज के कैंप में एके आहूजा, अमित गुप्ता, अनुराग मेहरोत्रा, विजय बाटला, आशा अगरवाल, नरेश भाटिया, डॉक्टर विनोद गोयल आदि लोगो ने सहयोग किया।

### मारपीट की शिकायत पर ससुराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

**आंवला।** आंवला के मोहल्ला भुर्जी टोला के रहने वाली महिला ने थाना आँवला में सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी पुत्री शीवा का विवाह नाला पार के युवक के साथ हुआ था। तब से वह उसकी पुत्री शीवा के साथ मारपीट करता था।फिलहाल में उसका बेटा वहां गया तो उसने मारपीट का आरोप लगाया। आंवला पुलिस ने उसकी शिकायत पर मुकद्दमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। जाँच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### हॉर्न बंद करने का कहना पड़ा भारी, मारपीट, मुकदमा दर्ज

**आंवला।** आंवला के मोहल्ला खेड़ा के रहने वाले व्यक्ति ने थाना आँवला में सौंपे प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने भतीजे को छोड़ने मनौना जा रहा था। तभी रास्ते में पक्का कटरा मोड़ के पास कुछ लड़के पीछे से मोटरसाइकिल को तेज हॉर्न बजाने लगे। जब उसने हॉर्न बजाने को मना किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।बचाने आए उसके भाई को भी पीटा। उसकी शिकायत पर आँवला पुलिस ने मुकद्दमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अतरछेड़ी के सैनिक उज्जवल कुमार सिंह ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

**आंवला।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमका अतरछेडी का जांबाज सैनिक उज्जवल। भारतीय सेना का सैनिक उज्जवल कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर नौकायन (ऋश्2ह्वठ्ठद्द) प्रतियोगिता में स्वर्णिम उपलब्धि के बाद आस्ट्रेलिया के तस्मानिया में आयोजित अंतर्राष्टीय प्रतियोगिताओं में दो गोल्ड और एक रजत पदक प्राप्त करके ग्राम, जनपद, प्रदेश ही नहीं वरन् राष्ट का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अब उसका लक्ष्य ओलम्पिक प्रतियोगिता में सोना प्राप्त करना है। साधारण कृषक परिवार में जन्मे उज्जवल के पिता बीर बहोरन सिंह का स्वर्गवास हो चुका है। उनके तीन भाइयों में से दो रंजीत सिंह और सुरजीत सिंह सैनिक व एक रविकुमार सिंह कृषक हैं। उनके बहनोई योगेन्द्र कुमार सिंह भी सैनिक हैं। उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर गांव में जश्न मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक जय गोविन्द सिंह, रविकुमार सिंह, प्रिय वीर सिंह,हर गोविन्द सिंह,एम.पी.सिंह,महेश सिंह,गोपाल सिंह,दीप सिंह, अंतराम प्रधान, गजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, शिव बख्श सिंह, राजकुमार सिंह, जगदीश सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, छोटे, सर्वेश सिंह, मुनेंद्र सिंह आदि ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है साथ ही उज्जवल के स्वर्णिम उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य हो कि ऐतिहासिक गांव अतरछेडी के निवासियों ने शिक्षा, सेना, पुलिस, समाज सेवा आदि क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करके जनपद, प्रदेश और राष्ट्र को गौरवान्वित किया है।

# झारखंड के राज्यपाल ने डा. भूपेन्द्र कुमार एवं डा. अनु महाजन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया




-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** बरेली क्लब मैदान पर सनातन संस्कृति चेतना ट्रस्ट की ओर से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बरेली में सनातन मेला होना गर्व की बात है, रविवार को नवरात्र के साथ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो जाएगी। इस अवसर पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय के संगीत विभाग के विभाग प्रभारी डॉ भूपेंद्र कुमार तथा छात्राओं ने राग बिहाग का गायन किया जिस पर चित्रकला विभाग की विभाग प्रभारी डॉ अनु महाजन ने राग बिहाग का चित्र बनाकर मध्यकालीन साहित्य संस्कृति एवं काव्य अंतर संबंध को समृद्ध ढंग से प्रस्तुत किया जिसकी सराहना करते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने दोनों कलाकारों की कला को सम्मानित करते हुए उन्हें एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस मौके पर विधायक संजीव अग्रवाल अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चेयरपर्सन श्रुति गंगवार भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना गुलशन आनंद इत्यादि मौजूद रहे।

# पत्रकारों के हित,सम्मान व सुरक्षा के लिए रहूंगा हमेशा तत्पर: ठा. वेदपाल सिंह कठेरिया

-स्वतंत्र भारत-

**बदायूं।** आल इण्डिया रिपोटर्स एसोसिएशन आईरा वदायू के जिलाध्यक्ष के चुनाव के लिए आईरा कार्यालय लवेला चौक वदायू पर चुनाव कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष फरीद कादरी के निर्देशन मे राष्ट्रीय महासचिव बेदभानु आर्य प्रदेश महासचिव जनाव अवरार अहमद के नेतृत्व मे जिलाध्यक्ष तथा तहसील अध्यक्ष तथा प्रभारियो का चुनाव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी आईरा हामिद अली राजपूत की मौजूदगी मे तथा कार्यक्रम संयोजक जिला प्रभारी ठा नरेन्द्र सिंह की देखरेख मे कराया गया। जिलाध्यक्ष आईरा वदायूं के लिए चौथी वार ठा वेदपाल सिंह ने नामांकन किया , और किसी का आवेदन न होने से ठा वेदपाल सिंह कठेरिया को चौथी वार आईरा जिलाध्यक्ष वदायू निर्वारोध घोषित किया गया , वही विसौली तहसील अध्यक्ष के लिए राहूल गुप्ता प्रभारी राहूल शाक्य सहसवान तहसील अध्यक्ष अवीर सक्सैना प्रभारी आतिफ निसार दातागंज तहसील अध्यक्ष कुलदीप सिंह प्रभारी रोहित मिश्रा विल्सी तहसील अध्यक्ष अखिलेश सिंह प्रभारी सुनील वाष्णेय तथा वदायूं तहसील अध्यक्ष शिवेन्द्र यादव प्रभारी जावेद तथा सदस्यता प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव को निर्वाचित घोषित किया । जो 31 दिसम्बर 2026 तक नयी कार्यकारणी के साथ काम करेगी , नये कार्यकारणी के लिए अव तक 150 पत्रकारो ने आईरा की सदस्यता ली है नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह ने कहा कि मुझे चौथी वार जो जिम्मेदारी दी गयी है मै पूरी लग्न मेहनत कर्तब्य निष्ठा से संगठन को मजबूत करुगा शीर्ष नेतृत्व के आदेशों का पालन करूगा पत्रकारो के हित के लिए सम्मान सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। चुनाव कार्यक्रम मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव आईरा एवम बदायू अमर प्रभात के सम्पादक वेदभानु आर्य ने कहा कि आईरा वो संगठन है जो पत्रकारो के हित के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रहा है पत्रकारो के उत्पीडन सम्मान सुरक्षा के लिए हमेशा पत्रकारो के साथ खडा है नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल . सिंह तथा उनकी टीम को बधाई दी, प्रदेश महासचिव जनाव अवरार ने बताया कि आज रविवार को जिलाध्यक्ष आईरा तहसील अध्यक्ष आईरा तथा तहसील प्रभारियो का सर्व सम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ है 25



अप्रैल तक अन्य जिला कारणी तथा तहसील कार्यकारिणी भी घोषित कर दी जायेगी ! तथा चुनाव प्रभारी हामिद अली राजपूत ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियो को फूलो की माला पहनाकर बधाई दी । तथा कार्यक्रम संयोजक जिलाप्रभारी आईरा ठा नरेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियो तथा आईरा पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया । चुनाव प्रक्रिया के दौरान राष्ट्रीय महासचिव वेदभानु आर्य प्रदेश महासचिव अवरार अहमद पशिचमी उत्तर प्रदेश प्रभारी आईरा हामिद अली राजपूत नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह जिला प्रभारी ठा नरेन्द्र सिंह तहसील अध्यक्ष राहूल गुप्ता ठा कुलदीप सिह अखिलेश सिह अवीर सक्सेना केपी यादव प्रभारी राहूल शाक्य आतिफ निसार रोहित मिश्रा सुनील वास्णैय शिवेन्द्र यादव तथा कार्यालय प्रमुख धीरेश सिंह कुलदीप सक्सेना सुरेश शर्मा मैजूद रहे।

## शुगर मिल का पेराई सत्र समाप्त

**खमरिया खीरी (स्वतंत्र भारत)।** जुआरी ग्रुप की गोबिंद शुगर मिल ऐरा रविवार को सुबह तक 143.94 लाख कुंतल गन्ने की पेराई कर बन्द हो गई। इस दौरान यूनिट हेड समेत मिल व गन्ना विकास समिति के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। गोबिंद शुगर मिल ऐरा ने अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह में पेराई सत्र शुरू कर 30 मार्च तक जमकर चली इस दौरान गन्ने की पेराई भी खूब हुई। रविवार को सुबह मिल बन्द होने के बाद यूनिट हैड आलोक सक्सेना ने बताया कि इस बार चीनी मिल बेहतर तरीके से चली,उसी की वजह से 143.94 लाख कुंतल गन्ना की पराई हुई। वही केन मैनेजर उमेश सिंह बिसेन ने बताया कि चीनी मिल कम रिकवरी पर मिल को चलाया था, लेकिन किसान भाइयों ने जमकर गन्ना दिया जिससे शुरुआत में हुए नुकसान की भरपाई बाद में अच्छी रिकवरी के साथ पूरी हो गई। किसानों से अपेक्षा है कि वह अगले सत्र के गन्ने का रकबा बढ़ाकर व बेहतर तरीके से खेती कर गन्ने की सप्लाई करेंगे। वही खरीदे गए गन्ने के भुगतान के सम्बंध में एससीडीआई घनश्याम सिंह ने बताया कि चीनी मिल ने 21 फरवरी तक भुगतान कर दिया है,37 दिनों का बाकी है,उसे भी किसानों को जल्द ही मिल से दिलवा दिया जाएगा।

## युवक ने लगाई फांसी

**जंगबहादुरगंज-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** अज्ञात कारणों के चलते एक सड़क बनाने वाले मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अजवापुर में बीती 29/30 मार्च की रात अज्ञात कारणों के चलते अमित कुमार 22 पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम नकरहा थाना निघासन जनपद खीरी ने चांदनी के पेड़ के सहारे रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सुबह जब हुई जब उनका एक साथी शौच के लिए गया था जिसने देखा कि अमित रस्सी के सहारे पेड़ पर झूल रहा है उसने उनके भाइयों को बताया भाइयों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी सूचना पर पहुंची पसगवां पुलिस ने पूछताछ की तो भाइयों ने किसी प्रकार का कोई विवाद या झगड़ा नहीं बताया था बल्कि यह बताया कि अमित की शादी तय हो गई थी जहां उसकी किसी बात को लेकर अनबन होने के कारण ही यह घटना घटित हो सकती है फिलहाल पुलिस करणों को तलाश कर रही है अभी तक किसी प्रकार का कोई परिजनों के द्वारा आरोप पत्र पुलिस को नहीं दिया गया है बता दें कि अमित कुमार कुतवापुर से अजबापुर से तक बनाई जा रही सड़क पर मजदूरी का कार्य करता था अभी तीन-चार दिन ही उसे कार्य करते हुए थे कि उसने आत्महत्या कर ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

# दुधवा टाइगर रिजर्व में दुर्लभ सांप अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रस की पुनः खोज

**लखीमपुर खीरी। स्वतंत्र भारत**

दुधवा टाइगर रिजर्व, पलिया खीरी, उत्तर प्रदेश, भारत वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना के तहत, दुर्लभ और रहस्यमयी साँप लंबी-नथुनी वाली बेल साँप (अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रस की) को उत्तर प्रदेश के दुधवा टाइगर रिजर्व डिवीजन, पलिया-खीरी में पहली बार दर्ज किया गया है। यह भारत में इस प्रजाति का केवल दूसरा दस्तावेजीकरण है, इससे पहले इसे केवल बिहार में रिकॉर्ड किया गया था। यह खोज दुधवा की अनूठी जैवविविधता को रेखांकित करती है और इसके संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्रों को संरक्षित करने के महत्व को दर्शाती है।

यह महत्वपूर्ण खोज तब हुई जब गैंडे के पुनर्वास अभियान के दौरान पलिया डिवीजन में एक दीमक के टीले को साफ किया जा रहा था। सुरक्षा उपायों के तहत, यह सुनिश्चित करने के लिए टीले की जांच की जा रही थी कि वहां कोई छिपी हुई बाधा न हो। जैसे ही जेसीबी मशीन ने हल्के से टीले को छुआ, एक चमकदार हरे रंग का साँप बाहर निकला, जिसने तुरंत टीम का ध्यान आकर्षित किया। फील्ड टीम के एक सदस्य ने उत्साहपूर्वक घोषणा की, ष्वहाँ साँप है!ष् इस पर फील्ड बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी ने तेजी से साँप को सावधानीपूर्वक पकड़ा। साँप का पतला शरीर, लंबी नाक और विशिष्ट हरा रंग इसे असाधारण बना रहा था। गहन परीक्षण और अतिरिक्त सत्यापन के बाद, विपिन कपूर सैनी, रोहित रवि, सोहम पाटेकर और अथर्व केरूर ने इसे अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रस के रूप में प्रमाणित किया। यह उत्तर प्रदेश में इस प्रजाति का पहला पंजीकृत रिकॉर्ड बन गया।साँप की सुरक्षा और पुनःस्थापन इस दुर्लभ साँप की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, विपिन कपूर सैनी ने इसे सुरक्षित रूप से रेस्क्यू किया और अपूर्वा गुप्ता, रोहित डब्ल्यू डब्ल्यू एफ इंडिया के सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर) और शुशांत सिंह के सहयोग से इसे पास



के दीमक के टीले में छोड़ दिया। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन ने निर्णय लिया कि साँप के प्राकृतिक आवास को प्रभावित न किया जाए, क्योंकि दीमक के टीले जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण माइक्रोहैबिटेट होते हैं।यह पुनः खोज भारतीय हर्पेटोलॉजी और वन्यजीव संरक्षण के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर डॉ. एच. राजा मोहन ने इस महत्वपूर्ण खोज पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ष्दुधवा लगातार अपनी अनदेखी जैवविविधता को उजागर कर रहा है। अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रस की पुनः खोज यहाँ के पारिस्थितिकी समृद्धि और निरंतर शोध एवं संरक्षण प्रयासों का प्रमाण है।ष्वन संरक्षक और उप निदेशक डॉ. रंगराजू टी ने कहा, ष्ककराह गैंडा पुनर्वास क्षेत्र-1, दक्षिण सोनरीपुर से अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रस की पुनः खोज भारतीय वन्यजीव संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे पहले यह केवल बिहार में दर्ज किया गया था, और अब भारत में यह इसका दूसरा पुष्टि किया गया रिकॉर्ड है। यह खोज इस तथ्य को उजागर करती है कि छोटे पारिस्थितिकी घटक, जैसे दीमक के टीले, दुर्लभ प्रजातियों के लिए सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं।ष्यह खोज गैंडे के सफल पुनर्वास अभियान के दौरान हुई, जो इसे और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह घटना पारिस्थितिकी संरक्षण के परस्पर जुड़े पहलुओं को उजागर करती है। बड़े स्तनधारियों के संरक्षण के साथ-साथ कम ज्ञात और दुर्लभ प्रजातियों की सुरक्षा भी समान रूप से आवश्यक है, क्योंकि वे पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दुधवा टाइगर रिजर्व टीम अपनी अद्वितीय जैवविविधता के निरंतर अध्ययन, दस्तावेजीकरण और संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। यह पुनः खोज न केवल संरक्षण विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भविष्य के शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# खबर एक नजर

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

**बरवर (स्वतंत्र भारत)।** मां भू देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरवर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष माया प्रकाश शुक्ल, प्रबन्धक अधर गुप्त, उपाध्यक्ष प्रदीप मिश्र, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गुप्त, तथा अभिभावक बंधु एवं भगिनी उपस्थिति रहे स सभी अतिथियों ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों भैया/बहनो को, सर्वप्रथम पूर्ण शुल्क जमा वाले, सर्वाधिक उपस्थिति वाले, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्थान प्राप्ति वाले एवं आदर्श भैया बहिनों को पुरस्कार दे कर उनके अच्छे भविष्य की कामना की। शेष भैया/बहनों को सत्वना पुरुस्कार प्रदान कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय के आचार्य दिनेश को शुल्क वसूली हेतु, अविनेष पाल को आचार्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान हेतु, सूरज को संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान हेतु तथा प्रधानाचार्य को बेहतर संचालन हेतु प्रबंध समिति द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी महानुभावों का आभार व्यक्त कर मंगल मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



## माता को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** वादी अभय प्रताप सिंह पुत्र सोनपाल सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना नीमगांव खीरी द्वारा थाना पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया वादी की माता सुषमा सिंह अपनी बड़ी बहन गुड्डी देवी पत्नी राजीव सिंह निवासी ग्राम हरना नारायनपुर थाना मोहम्मदी जिला की के साथ दिनांक 21/3/25 को आई थी दिनांक 25/3/25 को वादी की माता सुषमा सिंह को वादी के मौसा कुलदीप सिंह पुत्र हरगोविंद सिंह निवासी ग्राम उपरोक्त अपने साथ ई रिक्शा से मोहम्मदी बस स्टैंड पर घर जाने के लिए प्राइवेट बस पर बैठा दिया था। वादी की माताजी के पास मोबाइल नंबर 82995955 57 है जो अभी तक घर नहीं पहुंची है वादी अब तक अपनी माता का तलाश करता रहा है लेकिन वादी की माता का कोई पता नहीं चल पाया है वादी की माता को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। । प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 217/25 धारा 87 ठछै पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 बाबूराम थाना मोहम्मदी खीरी को सुपुर्द की गई जिनके द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## दहेजलोभी ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत वादी कमल किशोर पुत्र राजकुमार निवासी बघौडा थाना गोला खीरी द्वारा थाना हाजा पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया। वादी की पुत्री काजल देवी का विवाह राजू त्रिवेदी पुत्र मीनू त्रिवेदी निवासी झकरा थाना मोहम्मदी खीरी के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ था। जिसमें वादी ने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही विपक्षीगण वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज के लिए की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। दिनांक 28/3/25 को वादी की पुत्री की सास रामबेटी व ससुर मीनू द्विवेदी ननद माला, शीलू व देवर रविंद्र सिंह निवासी उपरोक्त ने मिलकर वादी की पुत्री को जान से करने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर वादी जब वहां पहुंचा तो सभी विपक्षीगण वादी के साथ गाली गलौज करने लगे। वादी को काफी मारा पीटा। वादी व वादी की पुत्री किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से चले आए। विपक्षी ने वादी व उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी भी दी है। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 216/25 धारा 85/115(2)/ 352/ 351(3)/ 324(2)ठछै व 3/4 पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 हिमांशु आनंद सिंह थाना मोहम्मदी खीरी को सुपुर्द की गई जिनके द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## पालिकाध्यक्ष ने सुनी मन की बात

**गोला गोकरननाथ (स्वतंत्र भारत)।** प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात करते है। उसी क्रम में रविवार को 120 वें मन की बात के कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कैम्प कार्यालय गौशाला के अपने बूथ 206 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 120 वें कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके साथ उन्होंने विज्ञान केन्द्र समर एक्टीविटी का आयोजन करें, प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि योग दिवस को 100 से भी कम दिन बचे हैं। अगर योग आपके जीवन का अंग नही है तो अब बना ले। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा के राजाखोह की चार बहनों द्वारा महुआ के फूलों से बनाई जा रही कुकीज काफी लोकप्रियता का जिक्र किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, सभासद धर्मेन्द तिवारी टीटू, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नगर मीडिया विजय मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक सुनील मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मनोज बाथम प्रदीप खतौली, सोनू त्रिवेदी, युवा मोर्चा नगर महामंत्री हिमांशु सिंह तोमर, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, गीता दुबे, सरिता गौढ, जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी, आदि लोग मौजूद रहे।



## शोक संतप्त परिजनों से मिले विधायक

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पिछले हफ्ते एक सड़क हादसे में परिवार के चार लोगों की हुई मौत के बाद रविवार को पलिया विधायक रोमी साहनी शोक संतप्त परिवार के घर पहुंच ढांढस बंधाया। एक ही परिवार के चार लोगों की दुर्घटना में मौत, जिसमें राधारानी पत्नी शिवकुमार, वेदान्त पुत्र शिवकुमार, दाताराम पुत्र मातादीन, शिवकुमार पुत्र दाताराम, पलिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर के चारों निवासी थे, परिवार में सिर्फ एक बच्ची शिवि बची थी। नवरात्र के पहले दिन विधायक रोमी साहनी परिवार में बची हुई बच्ची शिवि से मिलने पहुंचे। शिवि के चाचा रमाकांत को 20000 बीस हजार रुपए शिवि के भरण पोषण के लिए दिए। और कहा कि उसके बड़े होने तक विधायक रोमी साहनी बच्ची शिवि की मदद करते रहेंगे। ओर साथ ही परिवार को हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। विधायक रोमी साहनी ने कहा कि बहुत दुखद हादसा हुआ जिसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए हम सबको सजग एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिससे ऐसे हादसों पर लगाम लग सके। विधायक ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि परिवार को मिलने वाला आर्थिक सहयोग जल्द से जल्द मिल सके। साथ ही अनाथ हुई बेटी शिवि की मदद वह करते ही रहेंगे।



## अनियंत्रित हुई कार सवारों को आई हल्की चोटे



**मैलानी खीरी** नोएडा से चलकर पलिया की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर जनपद लखीमपुर खीरी के मैलानी से खुटार रोड पर गाडी घाट के निकट कठिना पुलिया पर पलट कर विपरीत दिशा मे क्षति ग्रस्त होकर खडी हो गई। कार मे चालक समेत चार लोग सवार थे, जिनको हल्की चोटे आई थी। समाचार लिखें जाने तक कार सवारो ने पुलिस को सूचना नही दी थी।

# आग से नौ घर जलकर राख

**बिजुआ । स्वतंत्र भारत**

विकास खण्ड बिजुआ क्षेत्र के शाहपुर गाव के मजरा कुँवरपुर में रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे नौ घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया। डायल 112 पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। शाहपुर ग्राम पंचायत के मजरा कुंवरपुर निवासी रमजान पुत्र नत्थू के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उनके पड़ोसी, सद्दीक पुत्र नत्थू, रमजान पुत्र ताजुद्दीन, यूनुस अली पुत्र सद्दीक, गुरुवचन पुत्र तौले, नेकीराम पुत्र उमराव, श्रीपाल पुत्र छोटेलाल, रामलाल पुत्र पन्ना, रामभजन पुत्र तौले के घर भी लपटों की चपेट में आ गए। आग लगने से सभी घरों में रखी नकदी, आभूषण, अनाज, कपड़े व बर्तन सहित लाखों रुपये के घरेलू सामान जलकर राख हो गए। इसके साथ ही ताजुद्दीन की पुत्री ईद में घर आई हुई थी उसके सभी गहने भी जल गये। इसके साथ ही कुछ मवेशी भी झुलस गए। सूचना के बाद तत्काल डायल 112 की पीआरवी 2869 मौके पर आई। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने के साथ ही पीड़ितों को सांत्वना भी दी। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने मौके पर नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रसाशन को भेज दी है।



# वितरित किए गए प्रमाणपत्र

**निघासन-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** एबलॉन पब्लिक स्कूल निघासन में कक्षा 9 व 11 के छात्रों का प्रगति पत्र और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में प्रबंधिका मीनाक्षी कश्यप एवं प्रधानाचार्य डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कार और प्रगति पत्र प्रदान किए। इस समारोह में कक्षा 9 व 11 के छात्रों ने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार हासिल किए। कक्षा 11 के छात्रों में श्रुति गुप्ता ने कॉमर्स वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि गुनी गुप्ता ने साइंस वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कई अन्य छात्रों ने अपनी अपनी कक्षाओं में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। साक्षी मौर्या, अनामिका यादव, आर्यन मौर्या, वंश अग्रवाल, रामनुक कौर, अंजू वर्मा, बिमलप्रीत कौर, देवांश चतुर्वेदी, सिमरजीत कौर, संस्कृति तिवारी आदि ने अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पुरस्कार हासिल किए। 9 में अंचम दीक्षित ने 95.70: एवं मौलिक तिवारी ने 94.83: अंकों के साथ विद्यालय को टॉप किया है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस समारोह में प्रबंधिका मीनाक्षी कश्यप और प्रधानाचार्य डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रगति प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम में आशीष गुप्ता, उत्तम सिंह, अमिनेष कुमार एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## क्षेत्रीय कीटनाशक एवं फर्टिलाइजर विक्रेताओं ने अहम मुद्दों पर की चर्चा



**बरवर (स्वतंत्र भारत)।** नगर व क्षेत्र के पेस्टीसाइड और कीटनाशक दुकानदारों ने कस्बे के एक निजी स्कूल में बैठक की जिसमें उन्होंने जिला कृषि अधिकारी/जिला कृषि निदेशक एवंम जिला अधिकारी को ज्ञापन में कहा गया कि बिना लाइसेंस बिना पी.ओ.एस. मशीन के डी.सी.एम. श्री राम शुगर फैक्ट्री अजबापुर के द्वारा किसानों को फर्टिलाइजर व कीटनाशक घर घर जाकर बेचा जा रहा है व कई गांव में चीनी मील के द्वारा गोदाम भी बनाए गए हैं जिससे हम लोगों के व्यवसाय में काफी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है तथा रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है इस मौके पर संदीप कुमार शुक्ला उमेश शर्मा रामसेवक राठौर फराज मलिक मनप्रीत सिंह करुणेश गुप्ता मदन गुप्ता उदय पाल परवेज खान राम सिंह सहित दर्जनों क्षेत्रीय विक्रेता।

# धूमधाम से मनाया गया श्री बाला जी का जागरण

**मैलानी। स्वतंत्र भारत**

नगर मैलानी में शुक्रवार रात बालाजी महाराज का जागरण नगर पंचायत पानी की टंकी के निकट प्रांगण में संपन हुआ। बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु गण जागरण में पहुंचे। नाथ नगरी बरेली से आये भजन गायक राम श्याम बंधु एवं कानपुर से आयी शर्मा बहनों ने जागरण में बालाजी महाराज के मधुर मधुर भजन गाये और भक्तों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। बालाजी मित्र मंडल द्वारा नगर पंचायत अध्क्षया कीर्ति माहेश्वरी, भवानी शंकर माहेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, गोला चेयरमैन रिंकू शुक्ला पलिया चेयरपर्सन पुत्र भीरा अध्क्षया चारु शुक्ला के पुत्र को प्रभु की छवि भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं अध्क्षया पति भवानी शंकर माहेश्वरी द्वारा जागरण में कलाकारों को प्रभु राम की छवि भेंट कर सम्मानित किया गया। जागरण में कानपुर से आयी झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा की गई सुन्दर-सुन्दर झांकियों की प्रस्तुति ने सभी का मोह लिया। भारी भीड़ को देखते हुए मैलानी थानाध्यक्ष



निराला तिवारी, अपराध निरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह एवं कस्बा इंचार्ज दलबल के मुस्तैद रहें। शाम नौ बजे मां सरस्वती की वन्दना और बालाजी की आरती कर जागरण का शुभारम्भ किया गया। सबसे पहले खुटार से आए बालाजी महाराज के भक्त गौरव गुप्ता ने बाबा की महिमा का बखान किया व भजन सुनाए। बालाजी के जयकारों की आवाज से पूरा मैलानी गूंज उठा। खुटार बालाजी मंदिर के महंत अनिल पान्डे सहित खुटार, भीरा, पलिया, चांदपुर, हरनाई, जोगराजपुर के सैकड़ों भक्तों ने हाजरी लगायी। गायकों के भजनों पर सभी भक्त झूम उठे। कानपुर से आयी झांकी पार्टी ने शंकर जी, राधा कृष्ण, हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मैलानी बजरंगी कमेटी की ओर से जोड़ी सेवा की गयी, जिसकी सराहना जागरण में आए सभी भक्तों ने की। शनिवार की सुबह करीब चार बजे जागरण का समापन हुआ। इसके बाद प्रातः 11 बजे से मां काली मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालाजी मित्र मंडल के अमन गोयल, सचिन सिंघल, अतुल राजपूत, विपिन अग्रवाल, अभिषेक निगम, धर्मचन्द्र गोयल, मीना शर्मा, प्रियंका कनौजिया, डीके सक्सेना, श्री श्याम परिवार समिति से रामचंद्र अग्रवाल, पंडित राजेश शर्मा, द्वारका प्रसाद गोयल, हनुमान प्रसाद बंसल, गोपाल सिंघल, अंकित गोयल, संजय शर्मा, प्रवीण खन्ना, रोहित मिश्रा, अरविंद गोयल, मनीष मित्तल, नितिन गुप्ता, दीपक गोयल, विवेक गुप्ता, शिवम मित्तल, धर्मेंद्र शर्मा, शुभम् मित्तल, केतन गोयल, अशोक गर्ग, प्रमोद अग्रवाल व वीरपाल यादव सहित काफी संख्या में महिला पुरुष भक्त मौजूद रहें।

# स्वयंसेवकों से सामाजिक परिवर्तन के पंच प्रण को पूरा करने का आह्वान

**लखीमपुर खीरी। स्वतंत्र भारत**

रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई ने संकटा प्रसाद वाजपेई पार्क में वर्ष प्रतिपदा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और आद्य सरसंघचालक को प्रणाम किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत कार्यवाह प्रशांत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. हेडगेवार का यह विचार कि देशभक्ति केवल विचार-विमर्श का विषय नहीं है, यह आचरण का विषय है, आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। जब व्यक्ति के आचरण में देशहित निहित होगा, तब ही देशभक्ति से ओतप्रोत समाज का निर्माण होगा, और आज समाज को इसी आचरण की आवश्यकता है।

रविवार को आयोजित वर्ष प्रतिपदा उत्सव में उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार के संकल्प और संघर्ष का ही प्रतिफल है कि आज संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण करने जा रहा है, और यह ऐसा समय है जब सम्पूर्ण विश्व भारत की ओर आशा की दृष्टि से देख रहा है।



स्वयंसेवकों को सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों पर अपने कार्य को केंद्रित रखना है। ये पांच आयाम हैं दृ सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य।

उन्होंने कहा कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना संघ का लक्ष्य है। अस्पृश्यता समाज के लिए कलंक है। संघ इसे सामाजिक समरसता के जरिये मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत का सांस्कृतिक इतिहास साक्षी है कि हिंदुत्व कभी किसी भेदभाव का पक्षधर नहीं रहा। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति' जैसे विचार इसी सनातन परंपरा की देन हैं, जिनमें सम्पूर्ण मानवता को एक परिवार मानने की भावना निहित है। प्राचीन काल में भी जब भारत विश्वगुरु था, तब उसकी शक्ति का आधार यही समरस समाज और सांस्कृतिक एकता थी। आज आवश्यकता है कि हम उसी हिंदू जीवन मूल्यों को अपने व्यवहार में उतारें और सामाजिक समरसता को पुनर्स्थापित करें। भारत आज हर क्षेत्र में अग्रणी है, तेजी से आर्थिक विकास कर रहा है। सामरिक और कूटनीतिक मोर्चों पर उसकी बढ़ती क्षमता से विश्व परिचित है। ऐसे समय में भारतीय समाज को एकजुट होकर सामाजिक परिवर्तन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना होगा। हिंदू विचार जब तक है, तब तक विश्व में शांति है। कार्यक्रम में विभाग संघचालक राजेंद्र कटियार, जिला संघचालक अवधेश, सह नगर संचालक कैलाश, जिला प्रचारक अविनाश, जिला सहकार्यवाह अमरेश व मुकेश धीमान, नगर कार्यवाह अरुण दीक्षित, नगर प्रचारक अमरेंद्र, सानू शुक्ला, वरुण, आशीष, दुर्गेश, मयंक आदि सैकड़ों स्वयंसेवक, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गुलरिया चीनी मिल ने बन्दी की प्रथम सूचना जारी की



**पडरिया तुला खीरी।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की यूनिट गुलरिया चीनी मिल के मुख्य गन्ना प्रबंधक अनिल सिंह ने बताया कि गुलरिया चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-25 समाप्ति की ओर अग्रसर है। किसान भाइयों के कैलेंडर की समस्त पर्चियां 31 मार्च के लिए जारी कर दी गई है। उन्होंने किसानों से कहा है कि जिनके पास आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष है, वह जल्द अपना गन्ना आपूर्ति कर दें। गुलरिया चीनी मिल अबतक मौजूदा सत्र की 21 मार्च तक का समस्त भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल




**हलिया (मिर्जापुर)।** जिले के हलिया थाना क्षेत्र के अलग अलग सड़क घटनाओं में दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के इंद्रवार गांव निवासी 24 वर्षीय बबुलेश बाइक से अपनी माता के साथ दर्शन पूजन करने के लिए आया था की माता को गड़बड़ा धाम में छोड़कर किसी कार्य से गड़बड़ा पुल की तरफ आया था की वापस लौटते समय जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग गड़बड़ा मोड़ पर पहुंचा था की गड़बड़ा धाम से दर्शनर्थियों को लेकर जा रहे मैजिक वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे लोगो ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए पीआरवी 112 के वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जहां पर चिकित्सक विवेक खरे व फार्मासिस्ट सुभाष पटेल ने घायल बाइक सवार युवक की प्राथमिक उपचार करने के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।वहीं दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव स्थित एफसीआई गोदाम के पास रविवार को लालगंज की तरफसे आ रहे टीवीएस बाइक सवार नाम पता अज्ञात को हलिया की तरफसे जा रहे बोलोरो ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना होते ही लालगंज की तरफसे आ रहे हलिया निवासी बाइक सवार अतुल दुबे वह अमरेश वर्मा ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर उपस्थित चिकित्सक विवेक खरे द्वारा घायल का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत घायल के सिर की गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार हेतु मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर हलिया पुलिस के उपनिरीक्षक परमात्मा यादव व महेंद्र कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर युवक की पहचान तथा जांच पड़ताल करने में जुट गए। युवक का नाम पता नहीं चल सका है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक अज्ञात युवक उपचार के लिए आया था। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## मिर्जापुर : ईदगाह में सात और मकरीखोह मस्जिद में 8.30 बजे ईद की नमाज़

**मिर्जापुर।** जिले में सोमवार को ईद की नमाज के लिए मुफ्ती ए शहर मौलाना नजम अली ने बताया कि इमामबाड़ा स्थित ईदगाह में सुबह सात बजेसेईद की नमाज पढ़ी जाएगी। वहीं अन्य मस्जिदों मेंअलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाएगी। नगर केवासलीगंज मस्जिद व संकटमोचन स्थित मस्जिद मेंसुबह 7.30 बजेनमाज पढ़ी जाएगी। इसके अलावा मकरीखोह मस्जिद मेंसुबह 8.30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

## एक लाख से अधिक भक्तों ने मां शीतला के चरणों में मत्था टेका, लगी लम्बी लाइन



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के गड़बड़ा धाम में रविवार को चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माँ शैलपुत्री का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हुए। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों का ताता लग गया देखते ही देखते लम्बी कतार लग गयी। लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला के चरणों में शीश नवाया है। माँ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। सेवटी नदी के घाटों पर स्नान के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालु ने मां शीतला के दरबार में माला,फूल, नारियल, चुनरीप्रसाद लेकर मंदिर की तरफ जाने वाली कतार में खड़े हो गए। मंदिर का कपाट खुलते ही कतारों में खड़े भक्त मां की एक झलक पाने के लिए लालाइत रहे। पुरुष महिलाओं की अलग अलग लंबी लाइन लगी रही।भक्त हाथ में नारियल, चुनरी, लाचीदाना, जल, गुडहल के पुष्प माला आदि लिये देवी धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां के भव्य स्वरूप के दर्शन कर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।देवी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफसे चाक चौबंद इंतजाम किए गये था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मंदिर पर भक्तों की भीड देखते हुए पुरुष महिलाओं की लाइन लगावा दिया। मेले में भीड को देखते हुए सेवटी नदी के पूर्व हनुमान मंदिर के पास, सेमरा रोड पर, मडवा रोड पर तीन बैरियर लगा कर बड़ेवाहनो को रोक दिया था।पुजारी मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि भोर मंगला आरती के पश्चात से ही मंदिर का पट खोल दिया गया था। लगभग एक लाख से अधिक भक्तों ने माता के दरबार में शीश नवाया है। मंदिर प्रबंधक ज्ञान चंद शुक्ल ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे व बीस वालेंटियर्स भक्तों के दर्शन के सहयोग में लगाए गए है।


## गुमशुदा



संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. नंदकिशोर श्रीवास्तव निवासी ग्राम गोठिया पोस्ट तिवारी पुर, सलोन, रायबरेली जिसना रंग सावला है और लंबाई 5 फिट है। जो सन 1998 से लापता है यदि किसी व्यक्ति को इनका पता चलता है तो कृपया इस नंबर 7706038556 पर सूचना दें।
**सत्यम श्रीवास्तव पुत्र संतोष कुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम गोठिया पोस्ट तिवारी पुर, सलोन, रायबरेली।**

सी.आर.-3535/D

**हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश इलाहाबाद**
**भरण पोषण वाद स.1261 सन 2024**
रानी मिश्रा उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्री तीर्थराज मिश्र पत्नी अंशू शुक्ला निवासिनी- ग्राम भैरोपुर (कुढ़ा) अटरामपुर थाना नवाबगंज जनपद - प्रयागराज उत्तर प्रदेश पोस्ट अटरामपुर तह0 पिन 229412........... वादिनी
**बनाम**
अंशू शुक्ला उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र श्री देवेन्द्र शुक्ल निवासी ग्राम व पोस्ट रामपुर कोटवा पोस्ट व थाना बाघराय तहसील कुण्डा जेंद्र नगर खैरनपुर थाना रुदौली जनपद प्रतापगढ़ उ.प्र.पिन- 229413...... प्रतिवादिनी
धारा 144 बी.एन.एस.एस.2023 थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के04 के15 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्त द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत लिथ-15.04.2025**
**न्यायाधीश**

सी.आर.-3536/D-CN

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या- 747/ए.डी.एम. (न्यायिक)/रीडर/2025
दिनांक - 10.03.25
वाद संख्या- डी-202510460000792
पिरामल कैपिटल एंड हा.फा.लि. बनाम मुमताज जे आदि
अंतर्गत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), 2002
तारीख पेशी- 04.04.2025
1. मुमताज जे निवासी-632 314 ए अजय नगर कामता इस्माइलगंज फैजाबाद रोड निकट डी के मैरिज लॉन लखनऊ उ.प्र. 227105, व प्लॉट नं. 45 पर बना मकान, खसरा नं. 226 का भाग, ग्राम तिवारीपुर, परगना लखनऊ तहसील बक्शी का तालाब, जिला- लखनऊ उ.प्र.-226201, व न्यू लिटिल इंडिया रेस्टोरेंट बैंक्वेट एम 204 कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी सेक्टर जी अपोजिट जोनल पार्क लखनऊ उ.प्र. - 226012, व 334 तरया सुजान खुशीनगर उ.प्र.-274409.
2. नसीमा खातून निवासी-632 314 ए अजय नगर कामता इस्माइलगंज फैजाबाद रोड निकट डी के मैरिज लॉन लखनऊ उ.प्र. 227105 व 334 तरया सुजान खुशीनगर उ.प्र.-274409.
**नोटिस**
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 04.04.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी.जी)/ अपर कलेक्टर, लखनऊ।


# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 143 का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 143 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 43मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में 51मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित जन आरोग्य मेला का डॉक्टर सुरेश कंनौजिया के देखरेख में 49मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 143मरीजों का उपचार किया गया।इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार,संजय श्रीवास्तव,राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया आदि मौजूद रहें।

# सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र को दिया फ्रिज




**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के देवहट ड्रमण्डगंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी विमला शंकर त्रिपाठी रहे। छात्र छात्राओ को मुख्य अतिथि द्वारा अपने हाथों से पुरुस्कार वितरण किया है। स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर टाप करने वाले छात्र अंकित कुमार कुशवाहा को फ्रिज दिया गया। इसी प्रकार कक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले उर्जित कुमार, आकृति कुमारी, प्रखर सिंह, अस्तित्व पटेल, अंकित, अंकित कुमार को रिपोर्ट कार्ड व मेडल पुरुस्कार दिया गया है। स्कूल के संचालक दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा की स्कूल के छात्र एवं छात्राएं इसी तरह से स्थान प्राप्त करते रहे और विद्यालय का नाम रोशन करें। यह विद्यालय के लिए बहुत ही प्रसन्नता का विषय है।
स्कूल के प्रधानाचार्य उमर खान ने कहा की बच्चो को यह शिक्षा प्रदान किया गया है कि हमारे छात्र एवं छात्राएं हमेशा लगन एवं निष्ठा के साथ अध्ययन करते रहे जिससे विद्यालय अनवरत क्षेत्र में आगे बढ़ता रहे।
मुख्य अतिथि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी विमला शंकर त्रिपाठी ने कहा कि बच्चो को हमेशा मेहनत करने की प्रेरणा प्रदान किया जिससे ये बच्चे आगे चलकर देश का गौरव बने। पुरुस्कार समापन के बाद विद्यालय के संचालक ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया है।
इस दौरान राजकुमार सिंह, डॉ0 कमलेश सिंह, सोनू सिंह, इंदु पटेल, शिव मुनि कुशवाहा सहित शिक्षक अनिरुद्ध सिंह, सभाजीत चतुर्वेदी, रमजान कुरैशी, पंकज द्विवेदी, सुमित केशरी, दिव्या सिंह, सुषमा केशरी आदि मौजूद रहे।


**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ**
संख्या- 614/ए.डी.एम. (न्यायिक)/रीडर/2024
दिनांक - 30 दिसम्बर, 2024
वाद संख्या- डी-202510460004798
पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लि. बनाम आकाश पाण्डेय आदि
अंतर्गत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), 2002
तारीख पेशी- 19.03.2025
1. श्री आकांश पाण्डेय निवासी- म.नं. -4387, ईडब्ल्यूएस आवास विकास कालोनी योजना, 3, यूडी कानवेंट स्कूल, झूंसी, इलाहाबाद, उ.प्र. कार्यालय पता- ईडब्ल्यूएस म.नं.-4387, आवास विकास कालोनी योजना, 3, यूडी कानवेंट स्कूल, झूंसी, इलाहाबाद, उ.प्र. सम्पत्ति पता- चतुर्थ तल, 20/ए-1/522, गोवर्धन इन्क्लेव, सेक्टर-22, वृन्दावन योजना, शेखर मेडिकल सेन्टर, रायबरेली रोड, लखनऊ, उ.प्र.।
2. अंशू दूबे पता- म.नं. 4387, ईडब्ल्यूएस आवास विकास कालोनी योजना 3, यूडी कानवेंट स्कूल, झूंसी, इलाहाबाद, उ.प्र.
**नोटिस**
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लि. लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 02.04.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी.जी)/ अपर कलेक्टर, लखनऊ।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।**
संख्या- 520/रीडर/नोटिस/2025
दिनांक - 14 फरवरी, 2025
वाद संख्या- डी-202510460000507
पिरामल कैपिटल एण्ड हा.फा.लि.
बनाम
मनमीत जयसवाल आदि
अंतर्गत धारा-14, अधि.-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी- 29.03.2025
**नोटिस**
1. श्री मनमीत जयसवाल पता- मकान नम्बर-494/95, सराय हसनगंज, डालीगंज लखनऊ उ.प्र. व द्वितीय तल, स्पीड बिल्डिंग 3, साहनाज़फ रोड़ लखनऊ, उ.प्र. व प्लॉट नम्बर 10 खसरा नम्बर 132 मिंज कोंडर वार्ड, सहादतगंज लखनऊ, उ.प्र.।
2. श्रीमती प्रियंका जयसवाल पता- मकान नम्बर-494/95, सराय हसनगंज, डालीगंज लखनऊ, उ.प्र.।
उपरोक्त वाद जिलाधिकारी महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आप दिनांक 22.04.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा-14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(अमित कुमार)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।**
पत्रांक - 478/रीडर/नोटिस/2024
दिनांक - 26 दिसम्बर, 2024
वाद संख्या- डी-202510460000573
पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में डीएचएफएल) बनाम अश्विनी कुमार व अन्य।
अंतर्गत धारा-14, अधि.- वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी- 29.03.2025
**नोटिस**
1.श्री अश्विनी कुमार, पता-555 केकेए/ए-206, आशुतोष नगर, कृष्णा नगर, आशुतोष पार्क, लखनऊ-226023, उ.प्र.। व काग्निजेंट ब्लॉक डी-1, मान्यता बिजनेश पार्क, निकट ममता टेक नगर, बैंगलोर। व फ्लैट नं.- 102ए प्रथम तल, प्लॉट नंबर- 17 17 ए, से.-एच, शिव विहार कालोनी, जानकीपुरम, निकट शानवी पैलेस, लखनऊ-226028, उ.प्र.।
2. श्रीमती चेतना देवी, पता-555 केकेए/ए-206, आशुतोष नगर, कृष्णा नगर, आशुतोष पार्क, लखनऊ-226023, उ.प्र.।
उपरोक्त वाद जिलाधिकारी महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः आप दिनांक 22.04.2025 को समय 12:00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 की धारा 14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नही कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(अमित कुमार)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी), लखनऊ।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट(न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ।**
पत्रांक
सं0-746/ए0डी0एम0(न्यायिक)रीडर/2025
दिनांक- 10/03/2025
वाद संख्या डी 202510460000793
पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लि0 बनाम राहुल कुमार जायसवाल आदि
अन्तर्गत धारा-14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी), 2002
तारीखा पेशी - 04.04.2025
**नोटिस**
1. राहुल कुमार जायसवाल, निवासी- 544 2933 109 बरौरा हुसैनबाड़ी बालागंज लखनऊ उ0प्र0-226003, व मकान नगर निगम नं0 544/2026 का भाग, ग्राम मोहल्ला-बरौरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया माधवपुर, बरौरा हुसैनबाड़ी प्राथमिक विद्यालय, लखनऊ उ0प्र0-226003, व अनुवंश इंटरप्राइजेज, बरौरा 544 2923 109 हुसैनबाडी बालागंज लखनऊ उ0प्र0-226003.
2. बबीता जायसवाल, निवासी- 544 2933 109 बरौरा हुसैनबाड़ी बालागंज लखनऊ उ0प्र0-226003
एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड लखनऊ के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गय ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।
अतः आप दिनांक 04.04.2025 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तदनुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।
(हनुमान प्रसाद)
अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/ अपर कलेक्टर लखनऊ।


# नवरात्र का प्रथम दिन : विंध्यधाम में गूंजे मां के जयकारे

## मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ





**मिर्जापुर।** नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में आस्थावानों की भीड़ भोर से ही कतारबद्ध हो गई थी। मंदिर के कपाट खुलते ही मां के जयकारों के साथ भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस भी परिसर के आसपास तैनात रही।चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन आस्था धाम विंध्याचल श्रद्धालुओं से पट गया। माता के जयकारे से विंध्य धाम की समस्त गलियां गूंज उठीं। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा है। मंदिर परिसर में घंट-घड़ियाल के बीच मां के जयकारे गूंज रहे हैं। शनिवार की रात से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लग गई थी। रविवार की भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ जो अनवरत जारी है।
मंदिर परिसर के बाहर तक लंबी कतारें लगीं रही। गंगा स्नान, ध्यान के पश्चात हाथों में नारियल, चुनरी व माता का प्रसाद लिए मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में पहाड़ा वाली के जयकारे लगाते श्रद्धालु मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बेताब दिखे। मंदिर परिसर एवं परिक्रमा पथ प्रांगण एक अलग ही छटा बिखेर रही है अलौकिक सजावट विंध्याचल दरबार के साथ ही मां अष्टभुजी देवी व महाकाली मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों की फूल, पत्तियों और रंग-बिरंगे झालरों से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही है। सुरक्षा के खास इंतजाम मुख्य सड़कों, गलियों, गंगा घाटों और अष्टभुजा के पहाड़ पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस बल के साथ-साथ पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात हैं। विन्ध्याचल धाम में माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन पूजन हेतु भारी संख्या में आये श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था व सुगम दर्शन हेतु जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व शिवप्रताप शुक्ला मेला क्षेत्र में भ्रमण कर डियूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को चेक कर उत्साहवर्धन करते हुये मुस्तैदी से डियूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# आजमगढ़ निवासी विंध्याचल दर्शन करने निकले दर्शनार्थी की कार में लगी आग, बाल बाल बचे



**चुनार(मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामघाट पर स्विफ्ट कार यूपी 50 सीआर1713 दिन में 11:15 बजे आग लग गई। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। कार के मालिक पंकज कुमार पुत्र रामेश्वर राम निवासी ग्राम नरैथा थाना जहानगंज आजमगढ़ ने बताया कि हम पांच दोस्तों सुजीत कुमार प्रवीण कुमार श्याम नारायण परमानंद सभी गांव निवासी के साथ से सुबह विंध्याचल मां का दर्शन के लिए के लिए वाराणसी होते हुए चुनार पहुंचे चुनार के रामघाट मंदिर के पास गाड़ी खड़ी कर सभी लोग गंगा जी किनारा पहुंच कर हाथ पैर धोकर राम मंदिर पर जाने वाले थे की गाड़ी में आग लग गई। देखते-देखते गाड़ी पूरी तरह से जलने लगी। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बुझाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई। उसके पहले ही स्थानीय लोगों ने नल का पानी लगाकर पाइप द्वारा बुझाने के काफी प्रयास किया। उसके बाद नगर पालिका का टैंकर मंगा कर आग को बुझाया गया। घटनास्थल पर कस्बा चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौजूद रहे।

## बंजारी जंगल की चौथे दिन बुझी आग वन विभाग ने ली राहत की सांस

**ड्रमंडगंज, मीरजापुर।** ड्रमंडगंज वनरेंज के बंजारी कलां जंगल में चार दिनों से लगी आग पर रविवार शाम को वनविभाग की टीम ने काबू पा लिया। जंगल की आग बुझने के बाद वनविभाग की टीम ने राहत की सांस ली। मध्यप्रदेश के जंगलों में लगी आग बढ़ते हुए बंजारी कलां वनक्षेत्र के लावादह और गरियरवा जंगल में बीते गुरुवार की शाम को पहुंच गई थी। शुक्रवार को लावादह और गरियरवा जंगल में लगी आग पर काबू पाया गया तो शनिवार सुबह सुइया जंगल में आग लग गई।सुइया जंगल में लगी आग पर शनिवार देर रात वनविभाग की टीम ने बुझा लिया तो रविवार सुबह तेज हवाओं के चलने से फिर से लावादह जंगल आग की चपेट में आ गया। रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी वनदरोगा अभिषेक सिंह, वनरक्षक अनादि नाथ तिवारी सर्वेश्वर पटेल वनविभाग की टीम के साथ आग बुझाने में लगे रहे। रविवार शाम चार बजे जंगल की आग बुझने पर टीम ने राहत की सांस ली। बंजारी जंगल में आग की चपेट में आने से पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए और वन्यजीवों पर खतरा मंडराने लगा था।आग बुझने पर पहाड़ के नजदीक स्थित बस्ती के ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली। वनदरोगा अभिषेक सिंह ने बताया कि बंजारी कलां जंगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। जंगल में आग दोबारा न लगने पाए इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

## महिला झुलसी

**हलिया, मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव में शनिवार को मिट्टी के चूल्हे पर कुकर में दाल बनाते समय कुकर का ढक्कन फटने से भोजन बना रही महिला झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने एंबुलेंस से महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे जहां पर मौजूद चिकित्सक द्वारा महिला का प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है।
हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी रविन्द्र पाल की पत्नी आंचल पाल (20) करीब 11बजे घर में बने मिट्टी के चूल्हे पर कुकर मे दाल बना रही थी। उसी दौरान कुकर में तेज धमाका होने से कुकर का ढक्कन ऊपर की ओर उड़ गया जिससे पास में बैठी भोजन बना रही गृहणी गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गई।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# मोदी ने किया आरएसएस मुख्यालय का दौरा

## संघ के संस्थापकों को दी श्रद्धांजलि



**नागपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और इसके दूसरे सरसंघचालक एम एस गोलवलकर को समर्पित स्मारकों पर रविवार को पुष्पांजलि अर्पित की। आरएसएस के प्रशासनिक मुख्यालय रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर में मोदी के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, संघ के पूर्व महासचिव सुरेश भैयाजी जोशी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे। उन्होंने स्मारक स्थित स्मृति भवन में आरएसएस के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। मोदी ने स्मृति मंदिर में एक संदेश पुस्तिका पर लिखा कि ये स्मारक भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन के मूल्यों को समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में लिखा, 'आरएसएस के दो मजबूत स्तंभों का स्मारक उन लाखों स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा है जिन्होंने राष्ट्र की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया है।' उन्होंने कहा, 'मैं स्मृति मंदिर में आकर अभिभूत हूं। यह स्थल परम पूज्य डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी की यादों को संजोए हुए है।' मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार इस स्मारक का दौरा किया है। इससे पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी ने 27 अगस्त 2000 को डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया था। उस समय वह प्रधानमंत्री थे। मोदी ऐसे समय स्मृति मंदिर पहुंचे जब रविवार को संघ का प्रतिपदा कार्यक्रम है जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत के उपलक्ष्य में गुड़ी पड़वा के अवसर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने रविवार को नागपुर में दीक्षाभूमि का भी दौरा किया और डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। दीक्षाभूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 1956 में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। इससे पहले, मोदी के यहां हवाई अड्डा पहुंचने पर मुख्यमंत्री फडणवीस, केंद्रीय मंत्री गडकरी और भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने उनका स्वागत किया।

# अब एलन मस्क के इस्तीफे की अटकलें ऑस्ट्रेलिया से यूरोप तक प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार में एलन मस्क के दखल के खिलाफ दुनियाभर में गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। सैकड़ों टेस्ला शोरूम के बाहर लोगों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि अमेरिकी सरकार के संवेदनशील डाटा तक एलन मस्क की पहुंच बेहद खतरनाक है। प्रदर्शनकारी ट्रंप प्रशासन में मस्क की भूमिका का विरोध कर रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि एलन मस्क मई के अंत तक दक्षता विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

अमेरिका समेत यूरोप के कई देशों में लोगों ने टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली। लोगों का आरोप है कि एलन मस्क अमेरिकी सरकार को खत्म करने में जुटे हैं। प्रदर्शनकारियों ने लोगों से तीन बड़ी अपील की हैं कि टेस्ला की कारें न खरीदें, टेस्ला का स्टॉक बेच दें और टेस्ला टेकडाउन आंदोलन में हिस्सा लें।

अमेरिका में 277 टेस्ला शोरूम के बाहर रैली निकाली गई।वहीं दुनियाभर में 200 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन देखने को मिले। यह प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया से यूके तक फैले हैं। शनिवार को जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड, फिनलैंड, नॉर्वे, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, यूके और ऑस्ट्रेलिया में लोगों ने एलन मस्क और टेस्ला के खिलाफ प्रदर्शन किया और जमकर भड़ास निकाली।

# सीरिया में कार्यवाहक सरकार का गठन



**दमिश्क।** सीरिया में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के तख्तापलट के 4 महीने बाद कार्यवाहक सरकार का गठन किया गया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने 23 मंत्रियों को

### कोई प्रधानमंत्री नहीं

सरकार में नियुक्त किया है। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने जुलानी इसकी घोषणा की। मंत्रिमंडल में एक ईसाई महिला को भी शामिल किया गया है। खुफिया विभाग के चीफ अनस खत्ताब को देश को नया गृहमंत्री बनाया गया है। इसके अलावा भी कई नए चेहरे सरकार में शामिल किए गए हैं। सरकार में प्रधानमंत्री का पद नहीं रखा गया है। इसकी जगह राष्ट्रपति जुलानी एक महासचिव नियुक्त करेंगे। यह कार्यवाहक सरकार अगले पांच वर्षों तक सत्ता में रहेगी। इस दौरान एक स्थायी संविधान को अपनाया जाएगा और चुनाव कराए जाएंगे। अंतरिम राष्ट्रपति अल जुलानी ने दिसंबर में पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद का तख्तापलट किया था। जुलानी के नेतृत्व वाले [illegible] संगठन ने सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह शुरू किया था। कुछ दिनों में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था। इसके साथ ही असद खानदान की 54 पुरानी हुकूमत खत्म हो गई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति बशर अल असद ने भागकर मॉस्को में शरण ली थी। जुलानी को अहमद अल-शरा नाम से भी जाना जाता है। उसने साल 2000 में उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दाखिला लिया। एक लिबरल इस्लाम वाले माहौल में पला-बढ़ा जुलानी जब कॉलेज पहुंचा तो उसका सामना कट्टर इस्लाम वाली विचारधारा रखने वाले लोगों से हुआ।

# नेपाल हिंसा के पूर्व राजा की सुरक्षा घटाई



**काठमांडू।** हिंसक प्रदर्शन के बाद नेपाल सरकार ने देश के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा घटा दी है। नेपाल में राजशाही का समर्थन वाले लोगों का प्रदर्शन शुक्रवार को हिंसक

### हिंसक प्रदर्शनों में हुए नुकसान की वसूली भी होगी

### ज्ञानेंद्र शाह की गतिविधियों पर सरकार की निगाहें टिकीं

हो गया था। प्रदर्शन के दौरान पथराव, एक पार्टी के कार्यालय पर हमला, दुकानों में लूटपाट और वाहनों में आग लगाने की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह अपने निजी घर निर्मल निवास में रहते हैं। यहां पहले 25 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होती थी। मगर शुक्रवार की हिंसा के बाद यह संख्या घटाकर 16 कर दी गई है। राजशाही के समर्थक नेपाल को दोबारा हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग उठा रहे हैं। हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई भी पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह से होगी। इस संबंध में काठमांडू नगर पालिका ने एक नोटिस जारी किया है। काठमांडू नगर निगम ने पूर्व राजा को सात लाख नेपाली रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। पूर्व राजा को यह रकम जल्द भरने को कहा गया है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारियों ने व्यापारिक परिसरों, रेस्तरां, अस्पतालों, निजी व सरकारी भवनों समेत एक दर्जन से अधिक संपत्तियों में तोड़फोड़ की। सुरक्षाकर्मियों और राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक टीवी कैमरामैन समेत दो लोगों की जान गई है। वहीं 110 अन्य लोग घायल हुए हैं। नेपाल के गृह मंत्रालय के सूत्रों ने जानकारी दी है कि पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह की सुरक्षा में तैनात टीम में भी बदलाव किया गया है। ज्ञानेंद्र शाह की गतिविधियों पर भी सरकार ने निगरानी कड़ी कर दी है। नेपाली कांग्रेस ने कहा कि शुक्रवार की हिंसक घटनाओं का जिम्मेदार ज्ञानेंद्र शाह को ठहराया जाना चाहिए।

# इजरायली हमले नहीं रुके तो विकल्पों पर विचार

**बेरूत।** हिजबुल्लाह ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल के हमले जारी रहे और लेबनान की सरकार इन्हें रोकने में विफल रही तो

### हिजबुल्लाह ने दी चेतावनी

चरमपंथी संगठन दूसरे विकल्प अपनाने पर मजबूर होगा। संगठन के उप प्रमुख नईम कासेम की यह टिप्पणी तब आई, जब इजरायल ने नवंबर में हुए संघर्षविराम के बाद पहली बार लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया। उससे कुछ घंटे पहले लेबनान से इजरायल की ओर दो रॉकेट दागे गए थे। हालांकि, हिजबुल्ला ने इन रॉकेट हमलों में संलिप्तता से इनकार किया। इजरायली अधिकारियों की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। नईम कासिम शुक्रवार को यरूशलम दिवस (अल-कुद्स दिवस) के मौके पर भाषण देने वाले थे, जो आमतौर पर रमजान के अंतिम शुक्रवार को मनाया जाता है। लेकिन इजरायली हमलों के कारण इसे टाल दिया गया। यरूशलम दिवस 1979 में ईरान के पहले सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी ने शुरू किया था। इस दिन ईरान और उसके सहयोगी फलस्तीनियों के समर्थ में रैलियां निकालते हैं और इजरायल का विरोध करते हैं।

# ड्राइविंग में भारत दुनिया का पांचवां सबसे खतरनाक देश



**जोहानिसबर्ग।** गाड़ी चलाने के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका दुनिया का सबसे खतरनाक देश है। इस सूची में भारत पांचवें पायदान पर है। एक शोध

### पहले नंबर पर है दक्षिण अफ्रीका

के मुताबिक, यूरोपीय देश नार्वे गाड़ी चलाने के लिए सबसे सुरक्षित है। अमेरिकी ड्राइवर प्रशिक्षण कंपनी जुटोबी ने 53 देशों में किए गए शोध के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। इस सूची में भारत 49वें स्थान पर है, जबकि अमेरिका तीसरे (51वें) पायदान पर है। लगातार चौथे साल नार्वे पहले पायदान पर है, उसे गाड़ी चलाने के लिए सबसे सुरक्षित देश माना गया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका लगातार दूसरे साल सबसे निचले पायदान पर रहा। जुटोबी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि शोध में उसने हाईवे पर गति सीमा, ड्राइवरों के लिए रक्त में अल्कोहल की मात्रा की सीमा और सड़क यातायात मृत्यु दर जैसे संकेतकों के आधार पर देशों का विश्लेषण किया। ताकि वाहन चलाने के लिए दुनिया के सबसे सुरक्षित और सबसे खतरनाक देशों का निर्धारण किया जा सके। सभी देशों में प्रति एक लाख पर अनुमानित सड़क हादसों में मौतों की औसत संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 8.9 से घटकर 6.3 हो गई है। जबकि हर देश में राष्ट्रीय गति सीमा और रक्त अल्कोहल सांद्रता सीमा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# बांग्लादेश : यूनुस सरकार को अब खालिदा जिया की चुनौती

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने अंतरिम सरकार में किए जा रहे सुधारों की वैधता पर सवाल उठाए। वहीं, छात्रों के नेतृत्व वाले दल एनसीपी ने आरोप लगाया कि कुछ दल तत्काल चुनाव कराने के लिए सुधार की प्रक्रिया को नजरअंदाज करने का प्रयास कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के प्रवक्ता अमीर खासरू महमूद चौधरी ने चटगांव में पार्ट के एक कार्यक्रम के दौरान कहा, माफ कीजिए, यह (सुधार) आपका काम नहीं है। चौधरी ने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की उसी नीति को दोहरा रही है, जिसने विकास के नाम पर निष्पक्ष चुनावों से जनता को वंचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी सुधारों के नाम पर उसी रास्ते पर चल रही है। चौधरी ने कहा कि जनता की आजादी सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका निष्पक्ष चुनाव है, लेकिन सुधारों के बहाने इस प्रक्रिया को लंबा खींचा जा रहा है। बीएनपी इस समय बांग्लादेश की प्रमुख सियासी पार्टी है, क्योंकि पांच अगस्त 2024 को हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद अधिकांश नेता जेल में हैं या फरार हैं या देश छोड़कर चले गए हैं। शेख हसीना तब से भारत में ही रह रही हैं।

# विभाजक ताकतों को सफल नहीं होने देंगे : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस उन लोगों को नहीं बख्शेगी जो विभाजनकारी एजेंडे के साथ चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं। रमजान के मौके पर अपने विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में आयोजित इफ्तार में उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नफरत के बाजार' में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने पर जोर दिया था। उन्होंने कहा, कुछ लोग चुनाव जीतने के लिए इस देश में लोगों को बांटकर राजनीतिक लाभ हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# हमास समर्थकों को अमेरिका छोड़ने का फरमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ रहे सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अमेरिकी विदेश विभाग ने ईमेल भेजकर देश छोड़ने का फरमान सुनाया है। हमास

### अमेरिकी विदेश विभाग ने भेजा ईमेल

या अन्य आतंकी संगठनों का समर्थन करने वाले इन छात्रों से खुद को निर्वासित करने के लिए कहा गया है, क्योंकि कैंपस में सक्रियता के कारण उनका एफ-1 वीजा (छात्र वीजा) रद कर दिया गया है। यह कार्रवाई केवल उन छात्रों तक ही सीमित नहीं है, जिन्होंने कैंपस एक्टिविज्म में सक्रिय रूप से भाग लिया था। उन लोगों को भी निशाना बनाया गया है, जिन्होंने राष्ट्र-विरोधी पोस्ट को शेयर या लाइक किया था। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में एक एआइ-संचालित एप कैच एंड रिवोक भी लांच किया है, ताकि हमास या अन्य नामित आतंकी संगठनों का समर्थन करने वाले छात्रों का पता लगाकर उनका वीजा रद किया जा सके। विदेश विभाग नए छात्र आवेदनों की भी जांच कर रहा है, चाहे वह अकादमिक अध्ययन वीजा, व्यावसायिक अध्ययन वीजा या एक्सचेंज वीजा के लिए हो। दोषी पाए जाने पर आवेदकों को अमेरिका में अध्ययन करने का अवसर नहीं दिया जाएगा।

# अप्रैल फूल्स डे पर शरारतों की मस्ती बनाए रखें!



'फर्स्ट अप्रैल' यानी अप्रैल फूल डे... एक ऐसा दिन जो पूरी तरह मस्ती, मज़ाक और शरारती ट्रिक्स के नाम होता है। सदियों से इसे हर संस्कृति में हंसी-मज़ाक और हल्की-फुल्की शरारतों के ज़रिए मनाया जाता रहा है। ज़ी टीवी के कुछ सबसे चहेते सितारों ने अपने सबसे यादगार अप्रैल फूल डे प्रैंक्स के किस्से शेयर किये। 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐश्वर्या खरे ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे वो दिन होता है, जब अपने सबसे करीबी दोस्त पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता! अप्रैल फूल्स डे की सबसे अच्छी बात यही है कि यह सिर्फमस्ती और मज़ाक का दिन होता है, जो हमें और करीब लाता है।' 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रहीं आकांक्षा चमोला ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे आते ही मैं आसपास के हर इंसान पर शक करने लगती हूं! मैंने एक बात समझी है कि सबसे बेहतरीन शरारतें तभी होती हैं, जब कोई उनकी उम्मीद ही न करे! इसलिए मैं अप्रैल फूल्स डे से पहले या बाद में शरारतें करने में यकीन रखती हूं। अंत में, सबका मकसद बस हंसी और खुशी फैलाना ही होता है। तो खूब हंसिए, थोड़ा शरारती बनिए और एक शानदार अप्रैल फूल्स डे का मज़ा लीजिए!''जागृति - एक नई सुबह' में कालीकांत का किरदार निभा रहे आर्य बब्बर ने कहा, ''प्रैंकिंग तो मेरे खून में बसी है! सच कहूं तो अप्रैल फूल डे तो बस एक बहाना है, मैं तो साल भर यही करता हूं! ऑन-स्क्रीन भले ही मैं बेरहम कालीकांत का रोल निभा रहा हूं, लेकिन ऑफ-स्क्रीन मेरी ज़िंदगी मस्ती और हंसी-मज़ाक के लिए बनी है! 'कुमकुम भाग्य' में रौनक का किरदार निभा रहे अक्षय देव बिंद्रा ने कहा, ''मैं बचपन से ही शरारती रहा हूं! स्कूल के दिनों में मैं वही बच्चा था, जो दोस्तों की पीठ पर 'किक मी' वाले नोट्स चिपकाता था या फिर व्हाइटबोर्ड के मार्कर को इनविज़िबल इंक से बदल देता था। इस अप्रैल फूल्स डे पर आइए, शरारतों की मस्ती बनाए रखें और हंसते-हंसाते रहें! 'जाने अनजाने हम मिले' में राघव का किरदार निभा रहे भरत अहलावत ने कहा, ''हमारे सेट पर तो हर दिन अप्रैल फूल्स डे जैसा ही लगता है, क्योंकि हर वक्त कोई न कोई शरारत होती रहती है! मुझे दूसरों से प्रैंक करना पसंद है, लेकिन खुद भी कई बार शिकार बन चुका हूं। इस 1 अप्रैल को सरप्राइज़ का मज़ा लीजिए, हंसते-हंसाते रहिए और हां, सतर्क भी रहिए! ''वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''अप्रैल फूल्स डे मेरे लिए सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि एक परंपरा है - या यूं कहें, शरारतों का त्यौहार! बचपन से ही मैं और मेरे दोस्त हल्की-फुल्की, लेकिन बेहद चालाक शरारतें करते आए हैं... कभी चीनी की जगह नमक डालना, तो कभी कोई अनोखा सरप्राइज़ प्लान करना।''

छोटा पर्दा

समस्त क्षेत्र वासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
Happy Eid Al Fitr
अरबाज खान
78 मस्जिद डोमनी, बरेली
फराज मियां
झंडा शरीफ मुतावल्ली

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
फरमान खान
ख्वाजा कुतुब बरेली
Eid Mubarak

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
हैदर अली
जिला उपाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
बरेली
Eid Mubarak

आल इंडिया रजा एक्शन कमेटी जिन्दाबाद
मौलाना अफरोज रजा कादरी जिन्दाबाद
मौलाना अदनान रजा कादरी जिन्दाबाद
आल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट की जानिब से सभी देशवासियों को ईद मुबारक

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को ईद व नवरात्र की दिली मुबारकबाद।
रिजवान खान
प्रधान प्रतिनिधि
ओम प्रकाश सिंह
विधायक, जमानिया, गाज़ीपुर
कलाम खान प्रधान गोड़सरा क्षेत्र, भदौरा

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
नवाब अकबर अली खान
बरेली
Eid Mubarak

समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों को ईद व नवरात्र की दिली मुबारकबाद।
मिर्जा शमशाद बेग
प्रधान मथारा
क्षेत्र जमानिया गाजीपुर
प्रधान संघ महामंत्री
क्षेत्र जमानिया, गाजीपुर

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
खीजर अली खान
ख्वाजा कुतुब, बरेली
Eid Mubarak

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
Eid Mubarak
उस्मान रजा खान
गवर्नमेंट कान्ट्रेक्टर

समस्त शहरवासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद
सोहराब खान
पुराना शहर, बरेली
Eid Mubarak